चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

वर्ष-2, अंक- 242, पृष्ठ-18

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य- 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप 18

हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते रणबीर 17




## सेंसेक्स 75 हजार के करीब सोने ने भी आकाश छुआ

- सेंसेक्स ने 74,869.30 को छूआ, एनएसई 22,666.30 अंक पर बंद
- 350 रुपये की तेजी से 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ सोना

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। विदेशी निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी आई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से भी बाजार को समर्थन मिला। बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। वह 621.08 अंक तक चढ़कर रिकॉर्ड 74,869.30 अंक पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 152.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,666.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान उसने 183.6 अंक उछलकर 22,697.30 अंक को छूआ था। वहीं सर्राफा बाजार में सोना भी 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इस साल सोने का दाम 7,700 रुपये चढ़ा है। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई।

**जगदलपुर में चुनावी रैली**

**प्रधानमंत्री बोले-भ्रष्ट कांग्रेस ने गरीबों को किया नजरअंदाज, उनका दर्द नहीं समझा**

## हमने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म किया : मोदी

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद से दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया और कभी उनका दर्द नहीं समझा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी लेकिन उन्होंने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे अमाबाल गांव में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों की जरूरतों और आजादी के बाद दशकों तक उनके दर्द को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

पिछले वर्ष राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में यह मोदी की पहली जनसभा थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी, भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब का होता है। भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस खत्म कर दिया।

### भ्रष्टाचार पर की चोट तो दे रहे सिर फोड़ने की धमकी

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। राज्य के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच चल रही है, इसलिए अब नाराज होकर वे लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

## एक नजर

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ईडी के सामने हुईं पेश

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद कथित धनशोधन से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश हुईं। प्रसाद (36) यहां ढाई बजे ईडी कार्यालय पहुंचीं। सूत्रों ने बताया कि बरकागांव की विधायक प्रसाद को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज कराने के लिए चार अप्रैल को पेश होने को कहा गया था। लेकिन प्रसाद स्वास्थ्य मुद्दों का हवाला देकर पेश नहीं हुईं।

### भाजपा विधायकों को विधानसभा से निकाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में हुई कथित अनियमितताओं के संबंध में सोमवार को चर्चा की मांग कर रहे भाजपा विधायकों को मार्शल की मदद से दिल्ली विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया। भाजपा विधायक जल बोर्ड में हुई कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने उनके अनुरोध को खारिज कर दिया और विपक्षी सदस्यों को बैठने के लिए कहा। जब भाजपा विधायक अड़े रहे तो गोयल ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। सदन से निकाले जाने के बाद भाजपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में धरना दिया।

### 30.92 करोड़ के नकली नोट के साथ 5 दबोचे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा ने 30.92 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने सोमवार को बताया कि यह गिरोह विभिन्न ट्रस्ट को निशाना बनाता था और उन्हें विभिन्न सीएसआर कोष के तहत 40 लाख रुपये देने पर एक करोड़ रुपये दिलाने का वादा करता था।

# ईडी ने केजरीवाल के पीए और आप विधायक से की पूछताछ

## आबकारी नीति : धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आप विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज हो रहा है। ईडी इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल को पिछले महीने ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं। एजेंसी ने पहले के आरोपपत्रों में आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कुमार सहित कम से कम 36 आरोपियों ने कथित घोटाले में हजारों करोड़ की रिश्वत के सबूत छुपाने को 170 फोन नष्ट किए या बदल दिए।

पिछले साल एक स्थानीय अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र के अनुसार, बिभव के मोबाइल नंबर का आईएमईआई सितंबर 2021 और जुलाई 2022 के बीच चार बार बदला गया। समझा जाता है कि राजिंदर नगर विधायक पाठक को एजेंसी ने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के 2021-22 चुनाव के संबंध में पूछताछ को बुलाया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 'साउथ ग्रुप' द्वारा दिए 100 करोड़ में से 45 करोड़ का प्रयोग आप ने प्रचार में किया था।




### सीएम की गिरफ्तारी की याचिका पर फैसला आज

दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाएगा। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे याचिका पर आदेश सुनाएंगी।

### सीएम पद से हटाने की तीसरी याचिका भी रद



दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी याचिका भी सोमवार को रद कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आप के पूर्व विधायक संदीप की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने यह अपने 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर की थी। हाईकोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही याचिकाओं को रद किया था।

### कविता की अंतरिम जमानत खारिज



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति 2021-2022 (जो बात में रद कर दी गई) घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) और कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 04 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# घोषणापत्र पर मोदी की टिप्पणी पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे भी रखे**

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सोमवार को चुनाव आयोग के समक्ष कहा कि वह इस पर कार्रवाई करें। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा तथा गुरदीप सिंह सप्पल ने यहां निर्वाचन भवन जाकर आयोग से मुलाकात की और इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि आयोग के समक्ष मोदी की सेना की वर्दी वाली तस्वीर के दुरुपयोग, घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताना तथा बोलने की आजादी जैसे मुद्दे रखे। खुर्शीद ने आयोग से मुलाकात के बाद कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह दुखद है। आप किसी पार्टी से मतभेद रख सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में ऐसा कहना दुखी करने वाली बात है। मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं। हम समझते हैं कि मोदी को ऐसी बात कहने का अधिकार नहीं है। सप्पल ने कहा कि पिछली बार हमने चुनाव आयोग के सामने फ्री-स्पीच और भाजपा के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए जाने वाले विभाजनकारी पोस्ट का मुद्दा उठाया था। आज हमने आयोग से कहा है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय कई यू-ट्यूब चैनल्स को बंद कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि वो फ्री-स्पीच चाहते हैं। हमने तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के एफिडेविट का मामला भी आयोग के सामने रखा है। त्रिपुरा में उम्मीदवारों के सामने चुनाव अधिकारियों द्वारा खड़ी की जा रही बाधाओं पर भी अपनी बात रखी है।

### एनआईए ने टीएमसी के 3 नेताओं को जारी किया समन

**कोलकाता।** एनआईए ने भूपतिनगर विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए टीएमसी के तीन नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने टीएमसी के तीनों नेताओं को पेश होने को कहा है। टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को सोमवार को यहां एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। पिछले हफ्ते भी जांच एजेंसी ने तीनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीएमसी के गिरफ्तार किए गए दो नेता हमारे अधिकारियों के साथ पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुखों को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** सीबीआई, एनआईए, ईडी और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। टीएमसी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और पार्टी की छात्र शाखा की पश्चिम बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

# रामनवमी पर देश देखेगा रामलला का सूर्याभिषेक

**दोपहर 12 बजे रामलला के मस्तक पर 5 मिनट तक पड़ेंगी सूर्य की किरणें, होगा लाइव प्रसारण**



- शृंगार के दौरान 20 मिनट के लिए थम जाएंगे दर्शन-पूजन
- सफल परीक्षण पर सीबीआरआई रुड़की की टीम को ट्रस्ट की बधाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के सूर्याभिषेक के लिए चल रहा परीक्षण सोमवार को सफल हो गया। परीक्षण में जुटे सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बधाई दी है। राम मंदिर के व्यवस्थापक गोपाल राव ने सोमवार को बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे श्रीराम का जन्मोत्सव होगा। उस दिन सूर्य की किरण प्रभु श्रीराम के मस्तिष्क पर पांच मिनट तक अभिषेक करेंगी, जिसे पूरे देश के भक्त लाइव देख सकेंगे। रामनवमी के दिन सुबह चार बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक होगा। दोपहर में अभिषेक और शृंगार के लिए 20 मिनट कपाट बंद होंगे और 12 बजे आरती के साथ पुनः मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। इस दौरान सूर्य की किरण रामलला के मस्तक को सुशोभित करेंगी। मंदिर के गर्भगृह में चांदी के तख्त पर चांदी के कलश की स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान को 11 वैदिक ब्राह्मण संपन्न कराएंगे। इसमें रामार्चा, दुर्गा सप्तसती का पाठ, वेद की ऋचाओं का पाठ होगा। अनुष्ठान मंडप के यज्ञशाला में मंत्रोच्चार से आहुतियां डाली जाएंगी। रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे रामलला की दिव्य महाआरती होगी। पूर्वाह्न 11:40 से दोपहर 12 बजे तक के लिए दर्शन थम जाएगा। गर्भगृह के पट खुलते ही शंखनाद के साथ महाआरती होगी।

### श्रद्धालु मठ-मंदिरों में गुरु-परंपरा में शामिल होकर चले जाएं : चंपत राय



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रामकोट की परिक्रमा के लिए मतगजेंद्र मंदिर पर साधु-संतों से रामनवमी पर श्रद्धालुओं को मंदिरों में ठहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि अयोध्या के मठ-मंदिरों में गुरु परंपरा में शामिल होकर वापस चले जाएं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राम जन्मभूमि पथ पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्व हिंदू परिषद और संघ के कार्यकर्ताओं की टोलियां पानी पिलाएंगी।

**सिविल सेवा प्री परीक्षा**

## इंफाल की जगह अन्य स्थान को चुन सकते हैं अभ्यर्थी

- आठ से 19 अप्रैल तक यूपीएससी की वेबसाइट पर केंद्र बदलने का कर सकते हैं अनुरोध

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने इस साल की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने के लिए मणिपुर के इंफाल केंद्र को चुना है, वह अन्य स्थान चुन सकते हैं। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा इस साल 16 जून को होगी। यूपीएससी ने फैसला किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने इंफाल केंद्र का विकल्प चुना है, वह 80 अधिसूचित में से कोई भी केंद्र चुन सकते हैं। यूपीएससी की यह घोषणा दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आई है। आयोग ने कहा कि इंफाल चुनने वाले उम्मीदवारों के लिए केंद्र बदलने का विकल्प यूपीएससी की वेबसाइट पर आठ अप्रैल से 19 अप्रैल तक रहेगा। उम्मीदवार सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच अनुरोध भेज सकते हैं।

## गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ संजय की याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के दिए आदेश पर की सुनवाई
- पीएम की शैक्षणिक योग्यता पर टिप्पणी पर मानहानि का मामला

उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को रद कर दी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी के लिए मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में पहले ही कहा है कि पक्षों के लिए उपलब्ध सभी दलीलें खुली हैं और निचली अदालत के न्यायाधीश आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित नहीं होंगे। हाईकोर्ट ने 16 फरवरी को सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी थी। केजरीवाल और सिंह ने गुजरात विवि द्वारा दायर मामले में निचली अदालत द्वारा जारी समन के साथ, समन के खिलाफ उनके पुनरीक्षण आवेदन को रद करने के सत्र अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

## पूर्व डीजीपी विजय कुमार सपत्नीक भाजपा में शामिल

- मछलीशहर या कौशांबी से टिकट दिए जाने की चर्चाएं शुरू
- विजय कुमार की पत्नी अनुपमा कुमार ने भी थामा भगवा झंडा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सोमवार को पत्नी अनुपमा के साथ भाजपा में शामिल हो गए। वह कुछ दिन पहले सेवानिवृत हुए थे, उनके मछलीशहर या कौशांबी से प्रत्याशी बनने की चर्चा भी तेज हो गई है।

भाजपा मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उनको सदस्यता दिलाई। झांसी के विजय कुमार ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वह 1988 में आईपीएस बने। बतौर ट्रेनी एसपी पहली पोस्टिंग नवंबर 1989 से नवंबर 1990 तक शाहजहांपुर में रहे। गोरखपुर, नैनीताल, बरेली, पीलीभीत, बांदा, महाराजगंज, मुजफ्फरनगर के एसपी रहे। वर्ष 2000 में सवा दो साल तक गोरखपुर के एसएसपी भी रहे। कई और जोन की जिम्मेदारी भी संभाली। 2022 में उनको डीजी विजिलेंस बनाया गया। कार्यवाहक डीजीपी आरके विश्वकर्मा के सेवानिवृत होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी का कार्यभार संभाला। 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत होने के बाद भाजपा में शामिल हुए।

## नीट-पीजी 2020 बैच की काउंसिलिंग शुरू

**लखनऊ।** सरकारी चिकित्सा संस्थानों में पीजी-2020 बैच के एमडी-एमएस (विशेषज्ञ) चिकित्सकों की तैनाती के लिए काउंसिलिंग सोमवार से शुरू हो गई है। पंजीकरण के साथ ही प्रपत्रों का सत्यापन 12 अप्रैल तक होंगे। अनिवार्य सेवा बांड के तहत इन्हें दो साल के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा संचालित काउंसिलिंग में 12 से 15 अप्रैल तक अभ्यर्थियों को पंसदीदा कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी, 15 अप्रैल को ही परिणाम घोषित होंगे। अभ्यर्थियों को 16 से 22 अप्रैल तक कॉलेजों में ज्वाइन करना होगा।

**अध्ययन**

**एरीज की टीम में प्रो. दीपांकर बनर्जी, डॉ. एस कृष्णा प्रसाद व डॉ. टीएस कुमार शामिल**

# एरीज के युवा वैज्ञानिक खोलेंगे सूर्य कोरोना के रहस्य

बबलू चंद्रा, नैनीताल


प्रो. दीपांकर बनर्जी


डा. टीएस कुमार


डा. एस कृष्ण प्रसाद

**अमृत विचार :** भारतीय युवा वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना रहस्य को गहराई से समझने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे हुए हैं। कोरोना वह पहेली है जिसे सूर्य ग्रहण के दौरान ही देखा जा सकता है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के दो युवा वैज्ञानिक डॉ. एस कृष्णा प्रसाद और डॉ. टीएस कुमार के साथ निदेशक दीपांकर बनर्जी भी मौजूद रहेंगे। साल का पहला पूर्ण सूर्यग्रहण भारत से नहीं देखा जा सकेगा। अमेरिका पहुंचे वैज्ञानिकों ने ग्रहण के अध्ययन को लेकर रूपरेखा साझा की है।

ज्ञातव्य हो कि भारत का समर्पित सौर अंतरिक्ष मिशन, आदित्य-एल1 के हालिया लॉन्च ने देश के भीतर सौर भौतिकी अनुसंधान को वैश्विक सुर्खियों के साथ स्थापित कर दिया है। जिस कारण विश्व की नजर भारत के इस मिशन में लगी हुई हैं। आदित्य के इस वर्ष जनवरी में एल1 कक्षा में सफल प्रवेश के बाद सभी 7 पेलोड ने सूर्य और हेलियोस्फीयर की जांच शुरू कर दी है। सूर्यग्रहण के साथ सूर्य के अंदरूनी रहस्य को समझने के लिए यह बेहद उत्तम समय है।

आने वाले महीनों में आसन्न सौर मैक्सिमा के साथ उच्च महत्व की एक और खगोलीय घटना हमारे सामने आने वाली है। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरन चंद्रमा एक पूर्ण गुप्त भूमिका निभाता है, इसलिए पूर्ण सूर्य ग्रहण सौर वातावरण, विशेष रूप से आंतरिक कोरोना, जहां महत्वपूर्ण गतिशीलता उत्पन्न होती है। जिस कारण सूर्य ग्रहण निरीक्षण के लिए शानदार अवसर है। जिसके ऑब्जरवेशन के लिए एरीज के युवा शोधकर्ताओं की एक टीम उच्च आवृत्तियों पर सूर्य की आंतरिक कोरोना की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए डलास, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में अभियान चला रही है। ग्रहण के दौरान उत्पन्न होने वाली हरी उत्सर्जन रेखा में सौर कोरोना के उच्च-ताल नैरोबैंड इमेजिंग अवलोकन को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में लाइन उत्सर्जन और निकटवर्ती सतह को देखने के लिए ऑन-बैंड और ऑफ-बैंड का प्रयोग करेंगे। साथ ही ग्रहण के दौरान पृथ्वी के ग्रहण क्षेत्र के वातावरण का अध्ययन भी किया जाएगा।

### सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में छा गया अंधेरा

**रारोटोंगा (अमेरिका)।** उत्तरी अमेरिका में सोमवार को पूर्ण सूर्य ग्रहण से मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में आसमान में अंधेरा छा गया। पूर्ण सूर्यग्रहण कुछ स्थानों पर 4 मिनट, 28 सेकंड तक रहा। महाद्वीपीय उत्तरी अमेरिका में पूर्ण सूर्यग्रहण का अनुभव करने वाला पहला स्थान मेक्सिको प्रशांत तट रहा। उत्तरी अमेरिका में मेक्सिको के प्रशांत तट से लेकर पूर्वी कनाडा तक लाखों लोग इस खगोलीय घटना को देखने के लिए जुटे रहे। भारतीय शोध टीम भी सूर्य ग्रहण के अध्ययन के लिए डलास व टेक्सास में मौजूद रही।

# नवरात्र आज से, दुल्हन की तरह सजे देवी मंदिर

## कलश स्थापना के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त 11: 57 से 12:48 तक, देर शाम तक पूजा-अर्चना के लिए होती रही खरीदारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र का मंगलवार से आगाज होगा। सुबह कलश स्थापना और वैदिक अनुष्ठानों के बीच देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होगी। मंगलवार शाम तक नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सिद्धपीठों को सजाने-संवारने का काम पूरा हो गया। अयोध्या में भगवान राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली समेत जुड़वा शहर के दर्जनभर देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना शुरू होगी। कलश स्थापना के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त 11: 57 से 12:48 तक रहेगा।

नवरात्र की पूर्व संध्या पर शहर में दुकानों पर पूजा, हवन और व्रत सामग्री की खरीदारी देर रात तक होती रही। दुकानों पर मां के भक्तों की खासी भीड़ रही। बड़ी देवकाली, प्रसिद्ध पाटेश्वरी मंदिर, शीतला माता मंदिर, चौक में हट्ठी महारानी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, गुप्तार घाट के मरी माता मंदिर, जालपा देवी मंदिर, अयोध्या में छोटी देवकाली मंदिर, मुबारकगंज सिद्धपीठ में बुधवार से माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना शुरू होगी। जिले के रुदौली, मिल्कीपुर, सोहावल, बीकापुर, भदरसा, मया, चौरे बाजार, गोसाईगंज, हैरिंग्टनगंज, कुमारगंज, अमानीगंज क्षेत्रों में सिद्धपीठों व देवी मंदिरों को सजाने संवारने का काम शुक्रवार देर शाम तक चला। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि नवरात्रि के दौरान सभी मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम रहेंगे।


कैंटोनमेंट स्थित पाटेश्वरी माता के मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है।


चौक घंटाघर पर फलों की खरीदारी करने पहुंचीं महिलाएं।

### इस बार घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं मां

अयोध्या के ज्योतिषी प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है, जिसका समापन 17 अप्रैल को होगा। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक इस वर्ष नवरात्र में माता का आगमन घोड़े पर होगा। कलश स्थापना के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। क्योंकि यह अभिजीत मुहूर्त है। कलश स्थापना, पूजा-पाठ और शुभ कार्यों के लिए अभिजीत मुहूर्त सर्वश्रेष्ठ होता है। ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 04 :31 से 05 : 17 तक, विजय मुहूर्त- दोपहर 02 :30 से 03 : 21 तक, गोधूलि मुहूर्त- शाम 06 :42 से शाम 07 : 05 तक रहेगा।


नारियल खरीदती महिलाएं। अमृत विचार

**फलों के दाम भी बढ़े :** नवरात्र में उपवास के दौरान व्रती फलाहार करते हैं। नवरात्र से एक दिन पहले फलों के दाम आसमान पर पहुंच गए। यही नहीं नारियल, चुनरी से लेकर अन्य सामानों में भी महंगाई का असर दिखा।

### फलों के दाम

केला- 70 रुपये दर्जन
संतरा - 100 रुपये किलो
सेब - 140 रुपये किलो
अनार - 129 रुपये किलो
नारियल - 30 रुपये
अंगूर - 100 रुपये किलो
पपीता - 50 रुपये किलो

**नोट - रमजान और नवरात्रि के चलते हर फल के दामों में दस से 15 रुपये का इजाफा हुआ है।**

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में युवक को 10 साल की सजा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए युवक को 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। दोषी पर 27000 रुपए जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अभिषेक बगड़िया की अदालत से हुआ। पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अभिषेक रघुवंशी तथा विनोद उपाध्याय ने बताया कि घटना 24 अप्रैल 2022 की है। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र की एक किशोरी थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में प्रैक्टिकल परीक्षा देने गई थी। परीक्षा संपन्न होने के बाद वापस नहीं आई। तलाश के बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में पता चला कि प्रैक्टिकल परीक्षा होने के बाद शामली जिले के झझवाना थाना क्षेत्र के गढ़ी हसनपुर का रहने वाला युवक अमन उसे बहला फुसला कर जयपुर ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। 5 मई 2022 को किशोरी वहां से भाग कर घर आ रही थी तो जलालपुर तिराहे के पास से उसको पुलिस ने बरामद किया। बरामद होने के बाद दुष्कर्म तथा अपहरण की धारा में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

## सार-संक्षेप


सुलेख और रंग भरो प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

### सुलेख व रंग भरो प्रतियोगिता में दो सौ बच्चों ने उकेरी प्रतिभा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** सुलेख व रंग भरो प्रतियोगिता में दो सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। भक्त प्रहलाद सेवा समिति द्वारा प्रभु झूलेलाल जयंती व सिंधियत दिवस के अवसर पर दो प्रतियोगिताएं रामनगर कालोनी स्थित संत नवलराम दरबार में हुई। समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रभारी कपिल हासानी व सह प्रभारी सागर आहूजा रहे। निर्णायक मंडल में मोनिका केवलरामानी, चांदनी खटवानी, निशा लखमानी, रितिका सावलानी व सुमित बतरा रहे। प्रतियोगिता के प्रभारी कपिल ने बताया कि तीन ग्रुप बनाएं गए थे। जिसमें ग्रुप ए मे क्लास प्ले से दो तक के बच्चों ने प्रभु झूलेलाल के चित्र पर रंग भरा व बी ग्रुप में क्लास तीन से नौ के बच्चों और ग्रुप सी मे क्लास दस से बच्चों से लेकर बड़ी उम्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया। सह प्रभारी सागर ने बताया कि पुरस्कारों की घोषणा दस अप्रैल को झूलेलाल जयंती चेटीचंड महोत्सव में होगी।

### रमजान में दर्स-ए-कुरान मुकम्मल, मौलाना सम्मानित


मस्जिद में आयोजन के दौरान सम्मानित किए गए मौलाना व सभी खिदमतगार।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** इस साल भी रमज़ान मुबारक की पहली तारीख से मस्जिद दुगाना में बाद नमाज़ ए सुबह दर्स ए क़ुरान का सिलसिला पूरा हो गया। मस्जिद के पेश नमाज़ मौलाना अर्शी मौलाई साहब की कयादत में यह जारी रहता है जिसमें बच्चों के साथ बुज़ुर्ग भी दर्स में शामिल होते हैं। इस साल दर्स में लगभग 30 लोगों ने शिरकत किया। मस्जिद कमेटी ने मौलाना को शाल उड़ाकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खिदमात के लिए अफ़ज़ल हुसैन,वासिफ साहब, कलीम साहब को भी सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी साक़िब अब्बास सनद तोहफ़ा दिया है। सैय्यद मोहम्मद हसनैन लेखपाल साहब को मस्जिद कमेटी ने शाल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### ग्राम प्रधानों ने ब्लाक मुख्यालय पर जड़ा ताला, प्रदर्शन


हैरिंग्टनगंज में ताला बंद कर प्रदर्शन करते प्रधान। अमृत विचार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में मनरेगा के पक्के कार्यों की फीडिंग न होने के कारण प्रधानों में काफी आक्रोश है। सोमवार को ग्राम प्रधानों ने हैरिंग्टनगंज ब्लाक मुख्यालय के सभी गेटों पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान संघ के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक अध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक मनरेगा पक्के कार्य का पूरा बकाया है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ ग्राम प्रधानों का अप्रैल 2022 से अभी तक का पक्के कार्य का भुगतान नहीं हो पाया है। ग्राम प्रधान संघ के जिला महामंत्री अभिषेक भद्र सिंह ने कहा कि दस अप्रैल 2024 तक बाउचर की फीडिंग होने की अंतिम तिथि है लेकिन अभी तक फीडिंग नहीं शुरू हुई है।मुख्य रूप से ग्राम अछोरा के प्रधान शिवकुमार यादव, हरीरामपुर के प्रधान लक्ष्मीकांत तिवारी, देवनपारा के ग्राम प्रधान राजेंद्र तिवारी, आदिलपुर के ग्राम प्रधान शिव कुमार यादव, पारा ताजपुर के ग्राम प्रधान राम मूरत आदि शामिल हैं।

### 38 दिन बाद हुई गेंहू खरीद की बोहनी


किसान को माला पहनाकर स्वागत करते अधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू होने के 38 दिन बाद बोहनी हुई। सोमवार को विपणन केंद्र गोसाईगंज पर पहले आए किसान को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद उसके गेहूं की खरीद की गई। डिप्टी आरएमओ एके सिंह ने बताया कि विपणन केंद्र गोसाईगंज पर अमारी के किसान ओमप्रकाश वर्मा ने 22 क्विंटल और विपणन केंद्र पूराबाजार पर रसड़ा के किसान ओम प्रकाश ने 14 .50 कुंतल गेंहू की बिक्री की गई। इनके पैसे का भुगतान आनलाइन किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। बता दें कि इस साल गेंहू की खरीद एक मार्च से शुरू की गई थी।

### दिनदहाड़े घर में घुस वृद्धा को पीटा, उठा ले गए सामान

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के मझवा गद्दोपुर में दिनदहाड़े चोरी और एक वृद्धा की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। घायल वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल की है। हालांकि अभी कोई शिकायत न दर्ज होने की बात कही है। मझवा गद्दोपुर में 73 वर्षीय निर्मला देवी पत्नी स्व. राम मिलन का परिवार मकान बनवाकर रहता है। परिवार की अंशिका वर्मा सोमवार को अपने कोचिंग गई थी, जबकि बीएड की डिग्री धारक उसका भाई शिक्षण प्रशिक्षण के लिए बीकापुर क्षेत्र स्थित स्कूल गया हुआ था। घर में वृद्धा अकेली थी। अंशिका का कहना है कि पड़ोसियों ने उसे कोचिंग में फोनकर घटना की जानकारी दी तो उसने अपने भाई व पुलिस को फोन किया। घर पहुंची तो देखा कि दादी घायल अवस्था में पड़ी हैं। घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। दादी ने बताया कि घर में चोर घुसे थे और उसको घायल कर कीमती सामान समेत ले गए। दादी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाई अर्पित ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए तहरीर कैंट थाना पुलिस को दी है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि मौके पर चांदी का पायल, एक बैग में छह हजार और दूसरे में 1100 रुपये मिला है। गहराई से छानबीन कराई जा रही है।

### अराजक तत्वों ने विद्यालय में की तोड़फोड़

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** मया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय जरही में सोमवार को अराजक तत्वों द्वारा विद्यालय में तोड़फोड़ की गई। जिसमें विद्यालय की टंकी तोड़ दी। कंपोजिट विद्यालय जरही में विद्यालय में इस तरह की पूर्व में भी कई घटनाएं की जा चुकी है। प्रधानाध्यापिका अर्चना चतुर्वेदी द्वारा थाना अध्यक्ष महाराजगंज को दिए गए प्रार्थना पत्र में विद्यालय की मूल व्यवस्था को अराजक तत्वों द्वारा बिगाड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की करने का अनुरोध किया गया है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में इस तरह की घटनाएं कई बार हो चुकी है।


प्राथमिक विद्यालय में टूटी पड़ी टंकी।

### आपसी रंजिश में मारपीट

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या कोतवाली के प्रमोदवन मोहल्ले में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नई कालोनी प्रमोदवन निवासी मुकुन्द माधव का कहना है कि उन्होंने आईजीआरएस पर एक शिकायत की थी, जो जांच के लिए पुलिस के पास आई है। सुबह अपने कॉलोनी से बाहर निकला तो मोहल्ले के विकास सोनी व उसके पिता राधेश्याम सोनी ने हमला बोल पिटाई शुरू कर दी। पत्नी को भी घायल कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हुई है। राधेश्याम सोनी की पत्नी रामलली का आरोप है कि गेस्ट हाउस संचालक मुकुद माधव त्रिपाठी ने महावीर पांडेय व उनके पिता लाल कमलेन्द्र पांडेय के साथ घर में घुसकर मारापीटा तथा बेहोश कर दिया। आए दिन झगड़ा किया जा रहा है और धमकी दिया जा रहा है।

# मेहनती चालक-परिचालकों को मिलेंगे 15.29 लाख रुपये

- निगम में लागू की गई थी होली प्रोत्साहन योजना
- चालक-परिचालकों सहित अन्य को मिलेगी यह धनराशि

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय परिवहन निगम के मेहनती चालक परिचालकों के लिए 15.29 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह राशि उनको होली प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान की जाएगी।

निगम ने यात्रियों को बेहतर सुविधा देने और निगम की आय बढ़ाने को लेकर होली प्रोत्साहन योजना लागू की थी। योजना 22 मार्च से एक अप्रैल तक चलाई गई थी। योजना के तहत जो चालक परिचालक न्यूनतम 10 दिनों तक 300 किमी प्रति दिन संचालन करेंगे। उनको 3500 रुपये का विशेष प्रोत्साहन भुगतान और जो 11 दिनों तक 300 किमी बसों का संचालन करने वालों को 4400 रुपये की राशि देने के लिए कहा गया था। साथ ही निर्धारित किमी से अधिक संचालन करने वाले संविदा चालक, परिचालकों सहित अन्य को अतिरिक्त संचालन करने वालों को 55 पैसे प्रति किमी अतिरिक्त देने के लिए कहा गया था। इसके साथ ही 11 दिन तक डिपो कार्यशाला और क्षेत्रीय कार्यशाला में काम करने वाले कर्मचारियों को 1800 रुपये और 10 दिन काम करने वाले कर्मचारियों को एकमुश्त 1500 रुपये प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने के लिए कहा गया था। अब यह प्रोत्साहन राशि संबंधित कर्मचारियों को दिए जाने की तैयारी है। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने निगम की आय से 1529592 रुपये भुगतान का निर्देश जारी कर दिया है। यह अलग-अलग कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए अलग-अलग है।

# देवी गीतों से गूंज उठा तुलसी उद्यान

- तुलसी मंच पर नवरात्र आगमन और जन्मोत्सव की धूम
- बिरहा, देवी गीत, सोहर, चैती पर झूमे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** संस्कृति विभाग द्वारा तुलसी मंच पर आयोजित रामोत्सव में उप्र लोक एवम जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी के निर्देशन में कार्यक्रम जारी है।

सबसे पहले प्रयागराज से आए बरमदीन यादव और साथियों के दल ने पारंपरिक बिरहा में राम वनवास का प्रसंग सुनाया। राजा दशरथ की राजधानी, कैकेई ने प्रतिज्ञा है ठानी गाकर कलाकारों ने सभी को मोह लिया। अगली प्रस्तुति में प्रतापगढ़ से आई लोक गायिका डॉ नीलम शर्मा ने नवरात्र के आगमन पूर्व देवी गीत सुनाकर आराधना की मैया कईली रतन श्रृंगार, वही निमिया तले तो वातावरण में आध्यात्मिकता पसर गई। प्रभु राम की स्तुति त्रिभुवन बिधित,अवध जेकर गउवा की।राम जन्म पर बधाइयां प्रस्तुत किया। कलाकारों ने जगदंबा दयाल भई देवी गीत गाकर नवरात्र की शुभकामनाएं सभी को दी। गोंडा से आई शेफाली पाण्डे के दल ने इसके बाद सिया मांगे अयोध्या का राज गाकर सरयू मां की आराधना की। पारंपरिक सोहर खनन खनन बाजे कंगनवा, राजा दशरथ जी के अंगनवा गाकर सभी को जन्मोत्सव के उल्लास के रंग दिया। शबरी की भक्ति को दर्शको से जोडते हुए गाया प्रेमवा के बसे भगवान हो, शबरी के घर आए गाकर सभी को भावुक कर दिया। संचालन आकाशवाणी के देश दीपक मिश्र ने किया। कलाकारों का सम्मान समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने स्मृति चिह्न प्रदान करके किया।


तुलसी मंच पर भक्तिपूर्ण भजन प्रस्तुत करतीं गायिका। अमृत विचार

### श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ में आज से मनेगा वासंतिक नवरात्र पर्व

**बड़ागांव-अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील सोहावल क्षेत्र में आस्था और विश्वास का प्रतीक श्री अध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में वासंतिक नवरात्र पर्व नौ अप्रैल मंगलवार से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पीठ परिसर में विराजमान भगवती तारा, मां पीतांबरा, स्वामी जी महाराज तथा पीठ के संस्थापक गुरुदेव रामकृष्ण पांडेय आमिल के विग्रह की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय ने बताया कि आचार्य गिरिजा प्रसाद मिश्र के मार्ग दर्शन में वैदिक आचार्य दुर्गा सप्तशती का सामूहिक पाठ करेंगे। पीठ परिसर में विराजमान सभी देवी देवताओं के विग्रहों की दतिया पीठ की परंपरा के अनुरूप विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। आगामी 16 अप्रैल को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी जबकि 17 अप्रैल को महानवमी के अवसर पर कन्याओं का सामूहिक पूजन किया जाएगा। 18


श्री आध्यात्मिक शक्ति पीठ मुबारकगंज का गर्भगृह।

# बुरे कामों से दूर रहने से भी होता है रोजा :मौलाना

- सुलेमानपुर में हुआ इफ्तार पार्टी का आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रुदौली के सुलेमानपुर गनौली में सपा नेता मुहम्मद आरिफ द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

मौलाना रफीक अलियाबादी ने कहा कि रोजा भूखे प्यासे रहना का ही नहीं बल्कि बुरे कामों से दूर रहनें का भी होता है। उन्होंने कहा कि रमजान का मुबारक महीना खत्म हो रहा है। लोग रमजान शरीफ की शुरुआत से ही रोजा, तिलावत, तरावीह, एतिकाफ आदि में लग गये थे, लेकिन जैसे ही रमज़ान ख़त्म होगा, मुस्लिम समाज के लोग इन सभी चीज़ों को छोड़कर अपनी व्यस्तताओं में लग जाएगें। खानकाह गैरौंडा के सैयद रिजवान रसूल ने कहा कि रमजान तौबा और मगफिरत और अपने रब को खुश करने का महीना है। चौधरी शहरयार ने कहा कि अल्लाह ताला ने इसी महीने में पवित्र कुरान को अवतरित किया, इसलिए इसकी शिक्षाओं का पालन करने और प्रचार करने का प्रयास करें। इस मौके पर नसीम अहमद, इश्तियाक अहमद, शोएब खां, मुहम्मद इदरीश, रेहान खां शौकत अली, कासिम अली आदि मौजूद रहे।


सुलेमानपुर में आयोजित रोजा अफ्तार में शामिल लोग। अमृत विचार

# परिक्रमा मार्ग के किनारे बेच रही थी स्मैक, गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने 14 कोसी परिक्रमा मार्ग किनारे पठान टोलिया के पास स्मैक बेच रही एक बुर्कानशीन महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज चालान किया है। चर्चा है कि यह कार्रवाई स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि की ओर से एसएसपी से शिकायत के बाद की गई है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय का कहना है कि साहबगंज चौकी पुलिस ने महिला परवीन बानों को गिरफ्तार किया है। उसके पर्स से काली पन्नी में 75 ग्राम स्मैक तथा बिक्री से मिली रकम 8 हजार 900 रूपये बरामद हुई है।

# 3 ब्लाकों के 17 अग्निपीड़ितों को दी मदद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गर्मी की शुरुआत में ही आग ने कहर ढाना शुरू कर दिया है। रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटना सामने आ रही है। इसी को लेकर हर साल गर्मी में अग्निपीडितों की मदद करने वाले समाजसेवी भी आगे आ रहे हैं। समाजसेवी राजन पांडेय द्वारा द्वारा अब तक तीन ब्लाकों के विभिन्न गांवों के 17 से अधिक अग्नि पीड़ितों को मदद पहुंचाई गई है।

समाजसेवी राजन पांडेय द्वारा विगत दिनों विधानसभा मिल्कीपुर के ग्राम सभा मटेरा में एक अग्नि पीड़ित परिवार, ग्राम सभा बिसाही में एक, मल्थू बुजुर्ग में पांच और ग्राम सभा तिंदौली के बाईसा का पुरवा में 6 अग्नि पीड़ित परिवार को मदद दी गई है। इसके अलावा सोहावल ब्लॉक के तिरखौली में एक, मवई ब्लॉक के दिगंबरपुर में तीन अग्नि पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान की गई है। उनके जिला पंचायत सदस्य पुत्र अंकित पांडेय द्वारा परिवारों को दरी, चद्दर महिलाओं को वस्त्र व प्रत्येक परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।


अग्नि पीड़ितों को सहायता प्रदान करते जिला पंचायत सदस्य।

# नहीं पहुंचे मेडिकल बोर्ड में तो माने जाएंगे सेहतमंद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से असमर्थता जताने वाले कार्मिकों को सोमवार चार बजे मेडिकल बोर्ड के समक्ष तलब किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया गया है।

कहा गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 में मतदान और मतगणना कार्य के लिए जिन अध्यापकों ने मेडिकल आधार यथा मातृत्व अवकाश, बाल्यपाल अवकाश, मेडिकल अवकाश, दिव्यांग, गंभीर बीमारी के अनुसार ड्यूटी से मुक्त होंने को संबंध में आवेदन दिया है। वह अध्यापक आज सायं 4 बजे तक प्रत्येक दशा में विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी स्तर से गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष अपने प्रार्थना पत्र संबंधित सभी प्रमाण सहित उपस्थित हो। जिससे परीक्षण उपरांत उनके संबध में निर्णय लिया जा सकें। बता दे कि कि आज अंतिम दिन है यदि कोई भी संबंधित कार्मिक मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित नही होगा तो यह मान लिया जायेगा की वह ड्यूटी के लिए पूर्णतः स्वस्थ है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि सभी को सूचित कर दिया गया है।

**अयोध्या नगर निगम** | कर-करेत्तर के लक्ष्य को प्राप्त करने में 17 नगर निगमों में छठवां स्थान किया हासिल

# कर वसूली में अयोध्या ने रचा इतिहास

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या नगर निगम ने कर वसूली के मामले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। लक्ष्य से भी 9 करोड़ रुपये की अधिक वसूली कर प्रदेश के 17 नगर निगमों में छठवां स्थान हासिल किया है। यही नहीं अयोध्या ने कर-करेत्तर में राजधानी लखनऊ और वाराणसी जैसे बड़े नगर निगमों को भी मात दी है। इतने बड़े नगर निगमों को पछाड़ने के बाद टैक्स विभाग के अधिकारी खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।

शासन की ओर से नगर निगम और जल संस्थान का इस वर्ष का रेवेन्यू जारी किया गया है। इस वर्ष टैक्स वसूली के मामले में मुरादाबाद नगर निगम टॉप पर है। उसके बाद क्रमशः फिरोजाबाद, मथुरा, गोरखपुर और कानपुर नगर निगम ने टैक्स वसूली में अपना परचम लहराया है। छठवां स्थान हासिल करने वाले अयोध्या नगर निगम ने इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में 36.15 करोड़ रुपये की कर वसूली की है। पिछली बार नगर निगम ने 27.18 करोड़ रुपये कर जमा करवाया था, जिसके बाद शासन ने इतना ही लक्ष्य दे दिया था। टैक्स विभाग की टीम ने लक्ष्य को भेदा और उससे ज्यादा का कर जमा कराया। राजधानी लखनऊ को आठवां व वाराणसी को तेरहवां स्थान हासिल हुआ है।




> शासन की तरफ से मिले लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है, जिन लोगों ने कर नहीं जमा कराया है। वे हफ्ते भर बाद जमा करा सकते हैं।
> **-गजेंद्र सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी**

### 23 हजार लोगों ने उठाया छूट का लाभ

2017 में अयोध्या नगर निगम बना। नगर निगम क्षेत्र की आबादी लगभग 3.29 लाख है। 44,490 लोग सलाना कर जमा कराते हैं, जिसमें रिहायशी, व्यावसायिक व सरकारी प्रतिष्ठान भी शामिल हैं। वितीय वर्ष 2023-24 के दौरान दस प्रतिशत छूट का लाभ उठाते हुए 23,583 लोगों ने कर जमा कराया है।

# कार्ड बांटकर लौट रहे सगे भाई वाहन की टक्कर से घायल

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रामगंज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की सुबह निमंत्रण कार्ड बांट कर लौट रहे बाइक सवार अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। दोनों को सौ शैय्या अस्पताल भर्ती कराया गया है।

ग्राम शाहगंज पड़री पूरे सूबेदार मिश्र बीकापुर थाना इनायत नगर निवासी सगे भाई हलियापुर शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। वहां से घर की ओर वापस लौट रहे थे। रामगंज स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि एक ई रिक्शा अचानक बाइक के सामने आ गया जिसे बचाने के चक्कर में सड़क के बीचो-बीच दूसरी लाइन में आ गए। पीछे से आ रहा अज्ञात वाहन टक्कर मार कर निकल गया। जिससे बाइक सवार राजकुमार मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं राधे रमन मिश्रा भी चोटिल हो गए। घायलों को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज, पिठला पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों की टीम ने राजकुमार मिश्रा का प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देख दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open



Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र मंगलवार 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बुधवार को माता का आगमन अश्व पर और 17 अप्रैल को प्रस्थान हाथी की सवारी से होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। रामनवमी 17 अप्रैल को है। 18 अप्रैल को नवरात्र का पारण होगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए यह बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं शिवायै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# हनुमानगढ़ी पर क्विंटल से किलो में पहुंची लड्डू प्रसाद की बिक्री

## आश्वासन के बाद भी रेलिंग में नहीं बनाया गैप, हनुमानगढ़ी के व्यापारी संकट में

## पहले दो से तीन सौ क्विंटल हो रहा था लड्डू निर्माण, अब सौ क्विंटल से भी कम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ऐन रामनवमी मेले पर हनुमानगढ़ी के रास्ते पर स्टील रेलिंग लगाने का मामला तूल पकड़ रहा है। जिला प्रशासन की ओर से रेलिंग में गैप के लिए दिया गया आश्वासन तीसरे दिन सोमवार को भी नहीं पूरा हो सका, जिसके चलते रोजाना क्विंटल में होने वाली लड्डू प्रसाद की बिक्री किलो में पहुंच गई है। लड्डू प्रसाद के 250 दुकानदार इतने प्रभावित हैं कि आंदोलन की रणनीति बनाने में लगे हुए हैं। सोमवार को सामने आया कि जो दुकानदार प्रतिदिन 60 से 70 किलो लड्डू प्रसाद की बिक्री करते थे वह अब तीन से चार किलो पर आ गए हैं।

सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए लाइन से दर्शन कराने के लिए जिला प्रशासन ने स्टील की रेलिंग लगवा दी थी, जिसका विरोध शनिवार को स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद करके किया था। जिला प्रशासन द्वारा व्यापारियों की सुविधा के लिए रेलिंग में गैप का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद भी अभी तक गैप नहीं दिया जा सका है। अब दुकानदारों का कहना है कि तीन दिन से स्थिति खराब हो गई है। यदि यही हाल रहा तो रामनवमी पर संकट का सामना करना पड़ेगा। बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद रोजाना दो से तीन सौ क्विंटल लड्डू प्रसाद की बिक्री हो जाती थी, लेकिन अब 50 क्विंटल के भी लाले पड़े हैं।



भक्ति पथ पर लगी स्टील की रेलिंग। अमृत विचार

### स्टील रेलिंग में आने-जाने के लिए बनेगा गैप

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** मेले के मद्देनजर सोमवार को जिलाधिकारी नितीश कुमार ने एसएसपी राजकरण नैय्यर के साथ हनुमानगढ़ी मुख्य द्वार से श्रृंगारहाट तक भक्ति पथ पर श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्था देखी। दुकानदारों/व्यापार मंडल के पदाधिकारियो के साथ बातचीत की। भक्ति पथ स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर के पास लगे स्टील रेलिंग में गैप और अन्य जन सुविधा को लेकर चर्चा की गई। ड्रॉप बैरियर के पास सभी स्टील रेलिंग में गैप रखने की बात कही गई। भक्ति पथ से जुड़े कपिलगंज मार्केट के मुहाने को बैरियर से निजात दिलाते हुए गैप करने का निर्देश दिया। हनुमान गढ़ी मंदिर के पास सिंहद्वार के बगल दुकानदारों को राहत देने के लिए गैप का निर्देश दिया।



रेलिंग में गैप दिए जाने को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी। अमृत विचार

### हनुमानगढ़ी के व्यापारियों का ख्याल रखा जाए : मुख्य महंत



हनुमानगढ़ी के मुख्य महंत गद्दीनशीन प्रेमदास ने कहा कि अयोध्या धाम में 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले महीने में सिर्फ कुछ खास पर्व और तिथियों पर ही भीड़ होती थी, जिसमें 12000 से 15000 हजार की भीड़ होती थी। उनमें से माह में दो त्रयोदशी एक पूर्णिमा और चार मंगलवार होते थे। इन खास दिनों और तिथियों पर ही भीड़ होती थी। अब हफ्ते में सामान्य तौर पर लाखों की भीड़ होती है। व्यवस्था की दृष्टि से रेलिंग ठीक है, लेकिन गैप का प्रावधान किया जाता तो उचित था।

### शनिवार से पहले लड्डू प्रसाद

200 से 300 क्विंटल निर्माण

60-70 किलो एक दुकानदार की रोजाना बिक्री

### शनिवार के बाद अब तक

100 से 150 क्विंटल बनता है,

5-7 किलो एक दुकानदार की बिक्री

250- दुकानदार प्रभावित

3500 से परिवारों पर असर



दर्शनार्थी रेलिंग के माध्यम से दर्शन करने नहीं जाना चाहता। अतिक्रमण की तरह लगता है। व्यापार चौपट करने वाला है। जिलाधिकारी के गैप करने वाला फैसला स्वागत योग्य है, लेकिन अभी तक कोई अमल न होने से निराशा हो रही है। **-जितेंद्र गुप्ता, लड्डू प्रसाद विक्रेता**



शनिवार को तो दुकान बंद थी, लेकिन रविवार को 12 बजे तक ही बिक्री हो पाई। गैप हो जाता तो बड़ी राहत मिलती। रोज पांच सौ से आठ सौ की बिक्री थी अब घट कर दो सौ हो गई। **-जय प्रकाश, कास्मेटिक दुकानदार**



रेलिंग लगने से रोजी रोटी खतरे में नजर आने लगी है। अब बंदिश जैसा महसूस हो रहा है। जिलाधिकारी द्वारा गैप कराने का फैसला उचित है, जिसका क्रियान्वन होना बाकी है -सोनू गुप्ता, दुकानदार

तत्काल प्रभाव से रेलिंग में गैप करवाया जाएगा। मंगलवार तक गैप पूरा करा लिया जाएगा, जिससे किसी भी व्यापारी को दिक्कत न हो। प्रशासन सभी की सुविधा के लिए कृतसंकल्प है। **-संदीप श्रीवास्तव, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट**

# गेहूं के स्टॉकिस्ट रोज देंगे भंडारण की सूचना

अयोध्या कार्यालय

- **गेहूं की रैक बाहर जाने से पहले देनी होगी प्रशासन को सूचना**
- **डीएम ने की व्यापारियों के साथ बैठक, दिया निर्देश**

**अमृत विचार:** जिले में गेहूं के स्टॉकिस्टों को रोज भंडारण की सूचना देनी होगी। भंडारण की सीमा एक हजार से घटाकर पांच सौ मीट्रिक टन तय कर दी गई है। सप्ताह में एक दिन इसका स्थलीय सत्यापन भी हो सकता है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गेंहू खरीद और उससे जुड़े विषयों को लेकर बड़े स्टाक होल्डर्स, ट्रेडर्स एवं प्रोसेसर्स के साथ बैठक की।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बताया गया कि जिले में कुल लगभग 60 स्टाक होल्डर व पांच मिलर हैं। इनके अलग-अलग गोदाम भी हैं, लेकिन सभी गोदामों को मिलाकर वह 500 मीट्रिक टन गेंहू का ही भंडारण ही कर सकते हैं। सप्ताह में एक दिन सत्यापन किया जा सकता है। साथ ही बैठक में मौजूद रेलवे के प्रतिनिधि से कहा गया कि यदि कोई व्यापारी गेंहू बाहर भेजता है तो उसकी जानकारी पहले प्रशासन को देनी होगी। डीएम ने कहा कि यह कार्रवाई किसानों को उत्पाद का लाभ दिलवाने के लिए किया गया। कहा कि अफसर यह तय करें कि जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये से कम मूल्य पर किसानों से खरीद न होने पाए। भारत सरकार के पोर्टल पर निर्धारित स्टाक का नियमित अंकन किया जाए। बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत 72 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। खरीद के लिए कुल 68 क्रय केन्द्र बनाए गए हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/जिला खरीद अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 60 क्रय केन्द्र संचालित हो चुके हैं। बैठक में डिप्टी आरएमओ एके सिंह, मंडी सचिव, सम्बंधित विपणन निरीक्षक, स्टाक होल्डर्स, ट्रेडर्स एवं प्रोसेसर्स मौजूद रहे।

# मोदी सरकार ने विश्व में बढ़ाया देश का मान

## पूराबाजार में विभिन्न चौपालों में बोले लल्लू सिंह, दो कार्यकाल की गिनाईं उपलब्धियां

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** केंद्र की मोदी सरकार ने अपने दो कार्यकाल में पंडित दीनदयाल के सपनों को साकार किया। समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया और देश में ऐतिहासिक विकास करते हुए देश का मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा किया। यह विचार सांसद लल्लू सिंह ने पूरा ब्लॉक के पांच गांवो में चौपाल व जन आशीर्वाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

रविवार की देर रात आयोजित चौपाल कार्यक्रम में सांसद श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या को विश्व के नक्शे पर ला दिया है। अब अयोध्या विश्व की प्रथम नगरी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास अयोध्या के अनुरूप कराया जाएगा जिसके लिए कार्य योजना तैयार हो रही है। सांसद सबसे पहले ऐमीआलापुर में हरिशंकर तिवारी एडवोकेट के द्वारा आयोजित चौपाल में पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने विद्युत और सड़क निर्माण की मांग की। प्रधान रामजीत निषाद द्वारा निषाद बस्ती करौंदी, रसूलाबाद, गंगौली, नरियावां में चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इस दौरान मंडल चुनाव संयोजक शिवनरायन तिवारी, सहसंयोजक नंद कुमार सिंह, मण्डल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल राघवेंद्र तिवारी, मुन्ना दुबे, बलराम दुबे, प्रधान प्रतिनिधि नीरज राणा, प्रदीप सिंह, राकेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रधान मोहतशिमपुर अनूप वर्मा, राजेश चौबे, राकेश पाठक, रामसुख वर्मा, शोभाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।



निषाद बस्ती करोंदी में हुई चौपाल में सांसद लल्लू सिंह को आशीर्वाद देतीं बुजुर्ग महिला।

## एक नजर

### हादसे में युवक की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** इनायतनगर थाना क्षेत्र से एक वैवाहिक समारोह में शिरकत करने जा रहा बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। हादसे के बाद बाइक समेत नहर में गिरने के चलते युवक की मौत हो गई। उछाहपाली पूरे शेरपुर निवासी 18 वर्षीय अमन कुमार पुत्र चंद्रिका प्रसाद रविवार की रात अपनी मोटरसाइकिल से महराजगंज थाना क्षेत्र स्थित रकौरा गांव में आयोजित एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान भरतकुंड-विल्हरघाट मार्ग पर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में आचारी का सगरा के निकट स्थित नहर की माइनर पर हादसे का शिकार हो गया। दर्शननगर चौकी के प्रभारी निरीक्षक आशीष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### नकब लगा कर प्राथमिक विद्यालय में चोरी

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरा उर्फ सुमेरपुर शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज में चोरों ने रविवार रात विद्यालय की दीवार में नकब लगा कर विद्यालय के महत्वपूर्ण कागजात गायब कर दिया। ऑनलाइन दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार चोर जिस कमरे में टीवी, इन्वर्टर आदि रखा था उसका ताला तोड़ नहीं सके आगे वाले कमरे में रखा सामान ले कर भाग गए। प्रधानाध्यापक संदीप कुमार ने इसकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार तथा रिपोर्टिंग चौकी देवगांव में दी।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पीड़िता को बहला फुसला कर घर से ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावस की सजा सुनाई है। उसे पर 80 हजार रुपए जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की रकम में से 40000 पीड़िता को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है।

फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट यशपाल की अदालत से हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घटना 13 नवंबर 2020 की है। मवई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की भाभी अयोध्या में एक अस्पताल में भर्ती थी। उनके गांव का युवक फहीम उसके घर पहुंचा और कहां की तुम्हारी भाभी बहुत सीरियस है उन्होंने तुमको अस्पताल बुलाया है। युवक के बहकावे में आकर पीड़िता उसके साथ गई इसके बाद युवक उसे अस्पताल ना ले जाकर दूसरी जगह ले गया और उससे दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़िता को 20 नवंबर 2020 को बरामद किया और अभियुक्त को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए सजा दी।

# रामकोट की परिक्रमा करने को उमड़ा संतों का हुजूम

- **हिंदी नव वर्ष की पूर्व संध्या पर की परिक्रमा, मतगजेन्द्र की पूजा के बाद जयघोष के साथ शुरू हुई**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी में सोमवार की शाम संत-धर्माचार्यों समेत हजारों श्रद्धालुओं ने नवसंवत्सर महोत्सव विक्रमी संवत के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर रामजन्म भूमि मंदिर सहित विशिष्ट धर्म स्थलों से आच्छादित रामकोट क्षेत्र की परिक्रमा की। इससे पूर्व मतगजेंद्र भगवान की पूजा-अर्चना के बाद रामनगरी के संत-धर्माचार्यों ने जय श्रीराम के उद्घोष के बीच रामकोट की परिक्रमा शुरू की। रथ पर सवार भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, गणेश, हनुमान के स्वरूप भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहे। पूर्व सांसद विनय कटियार ने कहा कि रामकोट की परिक्रमा परंपरागत रूप से होती रही है। राममंदिर बनने के बाद पूरा देश, पूरा विश्व अब अयोध्या में उमड़ रहा है।

महंत कमलनयन दास ने कहा कि नववर्ष के अभिनंदन में यह परिक्रमा कर रहे हैं। संदेश दे रहे हैं हिंदू नववर्ष का शुभारंभ अब हो रहा है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और महंत संजय दास ने कहा कि राममंदिर बनने के बाद यह पहली परिक्रमा है संत समाज उत्साहित है। इस मौके पर भगवान के स्वरूपों व संत-धर्माचार्यों का जगह-जगह स्वागत किया गया। बिड़ला धर्मशाला के पास नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास के संयोजन में शिविर में सेवा की और पुष्पवर्षा की गई। परिक्रमा में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र, संघ के मनोजकांत, महंत कमलनयन दास, महंत वैदेहीबल्लभ शरण, संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य, महंत रामशरण दास रामायणी, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



हिंदी नववर्ष की पूर्व संध्या पर रामकोट की परिक्रमा करते साधु-संत। अमृत विचार

## विवि के छात्रों को किया जागरूक

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एमएसडब्ल्यू के समन्वयक डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का गठन 1948 में हुआ। तभी से हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2024 का वर्ल्ड हेल्थ डे का थीम है मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। डॉ प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि एक सफल समाज का निर्माण तभी हो सकता है जब समाज स्वस्थ हो। डॉ प्रज्ञा पांडेय, पल्लव पांडेय, सीमा तिवारी, स्वतंत्र त्रिपाठी और सुमित, वात्सल्य, साक्षी, समृद्धि, तनु, अनुराधा, प्रशांत कुमार, सिद्धि आदि मौजूद रहे।

**योजना** | पार्क में कैफेटेरिया व ओपन एयर थियेटर की रहेगी सुविधा

# छह एकड़ में बनेगा बायो डायवर्सिटी पार्क

- **अमृत-2 योजना के तहत प्रस्तावित है निर्माण, टीम ने किया निरीक्षण**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाने की दिशा में एक और बड़ा काम होने वाला है। अफीम कोठी के पीछे छह एकड़ में नगर निगम की ओर से बायो डायवर्सिटी पार्क का निर्माण कराया जाएगा। अमृत योजना-2 के तहत प्रस्तावित पार्क के निर्माण की रूपरेखा तय करने के लिए सोमवार को नेशनल बोटॉनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनबीआरआई) की तीन सदस्यीय समिति निरीक्षण करने के लिए अयोध्या पहुंची। इस पार्क में पार्किंग, कैफेटेरिया, प्लांटेशन व ओपन एयर थिएटर की सुविधाएं शामिल रहेंगी।

अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। पर्यटकों की संख्या में भी काफी उछाल देखा गया है। इसी कारण अयोध्या के अन्य तीर्थ स्थलों को भी पर्यटकों के लिए तैयार कराया जा रहा है। दर्शन नगर स्थित सूरजकुंड हो या फिर गुप्तार घाट। यहां पर पर्यटकों का रेला उमड़ने लगा है। सोमवार को जल निगम की एजेंसी सीएनडीएस के अधिकारियों के साथ एनबीआरआई के तीन सदस्यों ने चिह्नित स्थल का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने सारी बारीकियों पर गहनता से मंथन किया।



बायो डायवर्सिटी पार्क के लिए प्रस्तावित भूमि के निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त। अमृत विचार

टीम ने काफी देर तक स्थल का निरीक्षण किया। मैं भी साथ में मौजूद रहा। डीपीआर में थोड़ा संशोधन होना है। संशोधन के पश्चात शासन को भेजकर काम शुरू कराया जाएगा। **- सुमित कुमार, अपर नगर आयुक्त**

### पार्क में रामकथा स्थल भी है प्रस्तावित

पार्क में जैव विविधता वाले विभिन्न तरह के पौधे लगाए जाएंगे। इसमें पक्षियों के लिए कृत्रिम घोसले भी बनाए जाएंगे, जो देखने में काफी आकर्षक होंगे। इसके अलावा एक रामकथा स्थल का निर्माण भी प्रस्तावित है।

### निर्माण को लेकर हुई मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत में मोहल्ला वशिष्ठकुण्ड निवासी जमील अहमद, अयाज अहमद व तौसीफ अहमद पुत्रगण स्व अब्दुल अजीज का कहना है कि विपक्षी उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने को आमादा हैं और पहले भी मारपीट कर चुके हैं। वह लोग मिस्त्री और श्रमिक लेकर पैतृक जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण शुरू कराया तो तौकीर अहमद, सना बानो, फारिया सिद्दीकी व मुस्तर निवासीगण कजियाना ने गाली-गलौच शुरू कर दी तथा ईंट-गुम्मे से हमला बोल दिया। दोबारा जमीन पर कदम रखने पर जान से मार डालने की धमकी दी। पूर्व में भी इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि मामले में मारपीट और पथराव की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# नेता जी! बच्चों से भी तो कुछ वादे कर लीजिए

- **लोकसभा प्रत्याशियों को बाल अधिकार मांग पत्र सौंपेंगे नौनिहाल**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस बार लोकसभा चुनाव में सड़क से लेकर पुल तक के बड़े-बड़े वायदे करने वाले प्रत्याशियों को बच्चों की आवाज भी सुननी पड़ेगी। बाल अधिकार आयोग की ओर से बाल अधिकारों को लेकर बच्चों के लिए एक मुहिम भी चलाई जायेगी। जिसमें बाल अधिकारों के एजेंडे को भी घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए मांग की जाएगी।

अभियान के तहत बच्चों के हित में काम करने का वचन लिया जाएगा। बच्चों के मांग पत्र में विभिन्न पार्टियों द्वारा घोषित प्रत्याशियों तक पहुंच कर बच्चों के हित में काम करने का आश्वासन भी लिया जाएगा। इसके लिए सभी स्कूलों से संपर्क साध के प्रत्येक स्कूल में पचास - पचास बच्चों से बाल अधिकार पत्र भरवाए जायेगे। बच्चों को प्रेरित किया जाएगा कि वह समिति के सदस्यों के साथ चल कर खुद यह मांग पत्र संबधित प्रमुख चार प्रत्याशियों को सौंपे।

### बाल अधिकार पत्र में ये होंगी प्रमुख मांगें

बच्चों के मांग पत्र में खेल मैदान, 12 वीं तक शिक्षा को निशुल्क बनाना, सभी जिलों में संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बाल गृह एवं देखभाल संस्थाओं की स्थापना, गुणवत्तापूर्ण स्कूल शिक्षा, खेल मैदान, पुस्तकालय मुफ्त, उच्च शिक्षा, कैरियर परामर्श केंद्र, शौचालय एवं शुद्ध पेयजल की मांग शामिल होगी। इसके अलावा स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक सामाजिक सहायता केंद्र, दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं, बच्चों की नाबालिग उम्र सीमा 18 साल स्वीकार करते हुए बच्चों से संबंधित सभी कानूनों के प्रावधानों में समान उम्र सीमा निर्धारित करने की मांग रहेगी।

अपने अधिकारों के लिए बच्चे लोकसभा प्रत्याशियों को बाल अधिकार मांग पत्र सौंपेंगे। राजनीतिक दल बच्चों के मुद्दों पर प्राथमिकता से काम करें इसलिए ऐसा प्रयास किया जा रहा है। स्कूलों से संपर्क किया जा रहा है। **-सतीश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष/सदस्य जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन समिति व बाल अधिकार आयोग**

## सार-संक्षेप



एडीजी मेजर जनरल विक्रम कैडेट्स के साथ। अमृत विचार

### एडीजी ने किया एनसीसी बटालियन का निरीक्षण

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** यूपी एनसीसी निदेशालय के एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार ने 65वीं वाहिनी एनसीसी की सबयूनिट का वार्षिक निरीक्षण किया। मेजर जनरल ने कहा कि एनसीसी में छात्राओं की भागीदारी 33 फीसदी से अधिक होनी चाहिए। मेजर जनरल कुमार ने 65 वीं वाहिनी एनसीसी आफिस का भ्रमण किया, जहां पर उन्हे गार्ड आफ ऑनर दिया गया। उन्होंने एनसीसी के सुधारों पर चर्चा की। इस दौरान प्रयागराज ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर यूएस कांडियाल, 65वीं वाहिनी के कमांडिंग आफिसर कर्नल एमके सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सूवेदार मेजर बहादुर सिंह, सूवेदार शिव शंकर सहित 65वीं वाहिनी एनसीसी के सभी फौजी स्टॉफ व सिविल स्टाफ उपस्थित रहे।

### देवनाथ अध्यक्ष व रमाशंकर बने मंत्री

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** सनातन ब्राह्मण समाज की बैठक दीन दयाल नगर स्थित शतेश्वरी दुर्गा मंदिर में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पं. दीनदयाल नगर कमेटी का गठन किया गया। इसमें पं. देवनाथ तिवारी को अध्यक्ष, अवधेश कुमार उपाध्याय को उपाध्यक्ष, डॉ. रमाशंकर पांडेय को मंत्री, अजय कुमार पांडेय को कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ संयोजक उदयभन मिश्र व कनिष्ठ संयोजक कालिका प्रसाद मिश्र को बनाया गया। पदाधिकारियों को प्रांतीय अध्यक्ष पं. शिवशंकर शास्त्री ने शपथ दिलाया। बृजभान पांडेय, उपेन्द्र शर्मा, शिवनारायण शुक्ल, आशुतोष शुक्ल, राम कुमार शर्मा, रजनीश, आदित्य, उदयनारायन आदि मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट से खेत में लगी आग, गेहूं की फसल राख



बिजली शार्ट सर्किट से लगी आग में जली हुई फसल। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रोशन नगर में विद्युत शार्ट सर्किट से सोमवार को लगभग 12 :00 बजे दिन में गेहूं की फसल में आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते गेहूं का पूरा खेत लपटों से घिर चुका था। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मेवा लाल व कृष्ण कुमार की लगभग तीन बीघा गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ चुकी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। उसके आने से पहले ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया जा चुका था।

### चयनित छात्रों को मिलेगा छह और आठ लाख का पैकेज



कृषि विश्वविद्यालय में साक्षात्कार लेते कंपनी के अधिकारी।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं के कैंपस प्लेसमेंट के लिए पहली बार जर्मनी की कंपनी आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंची। कम्पो एक्सपर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। इस साक्षात्कार में लगभग 100 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बताया गया कि आठ छात्रों का चयन होगा जिसमें छह और आठ लाख का पैकेज दिया जाएगा। डायरेक्टरेट ऑफ़ प्लेसमेंट की प्रक्रिया कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में की गयी। कम्पो एक्सपर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आरपी सिंह एवं उनके साथ स्टेट हेड अमित सिंह ने छात्र- छात्राओं का साक्षात्कार लिया। स्टेट हेड अमित सिंह ने बताया कि लगभग आठ अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। एचआर की प्रक्रिया पूरी होने के छह एवं आठ लाख के पैकेज पर रखा जायेगा। इस मौके पर डायरेक्टरेट ऑफ़ प्लेसमेंट के निदेशक डॉ डी. नियोगी, प्लेसमेंट के उपनिदेशक डॉ सत्यव्रत सिंह, डॉ उमेश चंद्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शहीदों के सपने को साकार करने में सरकार नाकाम : अरविंद



समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा स्वतंत्रता सेनानी मंगल पाण्डेय के शहादत दिवस पर कार्यक्रम किया गया। पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव ने कहा कि सरकारें शहीदों के सपनों का समाज बनाने में नाकाम रही हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि उनके सपनों का देश बनाना है। पूर्व पुलिस अधिकारी प्रीतम सिंह की अध्यक्षता तथा सूर्य कांत पाण्डेय के संचालन में संपन्न शहादत दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि आजादी के की लड़ाई के मूल्यों की हिफाजत हमारा दायित्व है। बसपा नेता सुनील पाठक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। संजय महेन्द्रा ने कहा कि इस शहादत का समाज को सबक़ लेना है। अजय पाण्डेय, अशोक कुमार तिवारी, दिनेश चंद्र, सत्य भान सिंह, अयोध्या प्रसाद तिवारी, अतीक अहमद, प्रेम प्रकाश शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, युगल किशोर तिवारी, एल के मिश्रा, राजू तिवारी, विश्व प्रताप सिंह अंशू, कुंवर कृष्ण मिश्र, विकास सोनकर, घनश्याम, दयाराम, धर्म नाथ सहाय, महावीर पाल आदि मौजूद रहे।

# दंगा करने वालों को पता है यूपी में उलटा लटका दिये जाएंगे : योगी

## महाराष्ट्र के वर्धा और भंडारा में प्रत्याशियों के पक्ष में मुख्यमंत्री ने किया प्रचार

**मुम्बई हमलों के आतंकी अब पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।



**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाराष्ट्र में पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने वर्धा और भंडारा में जनसमूह को संबोधित किया। योगी के इस दौरे को लेकर यहां भाजपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के अनुसार, योगी ने कहा कि ये पहला चुनाव है जिसके परिणाम को लेकर पूरे देश में एकमत है। जनता भी जानती है कि आएंगे तो मोदी ही।

उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी और बाला साहब ठाकरे के सपनों को केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें पूरा कर रही हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में अब दंगा नहीं होता, क्योंकि दंगा करने वालों को पता है कि यूपी में उलटा लटका दिये जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि अब मुम्बई हमलों के आतंकी पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं हैं।

वर्धा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी का नेतृत्व करने वाले महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। यहां के जरिए उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमूत के चूलों को हिलाने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया गया था, महाराष्ट्र की जनता ने उसके जरिए भारत की स्वाधीनता को नई ऊंचाइयां प्रदान करने में योगदान दिया। भंडारा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा है कि मध्यकाल में जब यह देश मुगल आक्रांताओं की कुदृष्टि से त्रस्त था तो महाराष्ट्र में एक शक्तिपुंज के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना करते हुए पूरे हिन्दुस्तान को एक नई ज्योति और नई ऊर्जा दी। महाराष्ट्र से निकले उस तेज की आज भी पूरे देश में गूंज है।

# राममंदिर के लॉकर से चोरी मोबाइल बरामद, दो गिरफ्तार

फॉलोअप

अयोध्या कार्यालय

**आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं के चोरी हुए थे 14 मोबाइल**

**अमृत विचार:** रामजन्मभूमि थाना पुलिस ने राम मंदिर के लॉकर से आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं का चोरी मोबाइल बरामद कर लिया है। चोरी के आरोप में दो लोग वाराणसी जनपद के चेतगंज थाना क्षेत्र स्थित कबीर चौरा डीएवी गली निवासी श्याम वर्मा और थाना चौक स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट मुलेटन निवासी तरुण वर्मा को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आए 140 श्रद्धालुओं के दल में शामिल श्रद्धालुओं का कुल 14 मोबाइल फोन 31 मार्च को दूसरी पहर राममंदिर के लॉकर नंबर 12 से गायब हो गया था। मामले में एक पीड़ित विशाखापत्तनम जनपद के दुर्गानगर अरिलोवा कालोनी निवासी के गनेश्वरी ने यूपीकाप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी और उत्तर प्रदेश सरकार तथा श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से कार्रवाई की गुहार लगाई थी। उन्होंने लाकर से गायब दो बैग में 11 स्मार्टफोन व 3 कीपैड फोन और एक-दो हजार रूपये होने की बात कही थी। पूरा वाकया सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हुआ था। राम जन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देंवेंद्र पांडेय का कहना है कि पुलिस ने सीसीटीवी रिकार्डिंग से मिले सुराग के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया मोबाइल बरामद कर लिया है।

# हत्या नहीं, हृदयाघात के चलते हुई थी मौत

**मौत के बाद पत्नियों में विवाद से चर्चा में आया था मामला**

अयोध्या कार्यालय

**पैतृक संपत्ति को लेकर उठा विवाद**

मृतक अशरफ के दो भाइयों की पूर्व में मौत हो चुकी है और बुजुर्ग पिता कैंसर रोग से पीड़ित हैं। परिवार के पास पैतृक मकान व खेती की जमीन है। माना जा रहा है कि मृतक की इसी पैतृक संपत्ति का अधिकार और हिस्सा पाने के लिए हत्या किये जाने का आरोप लगाया गया। घटना के बाद पुलिस ने मौत की वजह की जानकारी के लिए पोस्टमार्टम कराने और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली के पुरानी सब्जी मंडी में किराये का कमरा लेकर अपनी तीसरी पत्नी के साथ रहने वाले 35 वर्षीय शेख मोहम्मद अशरफ के साथ कोई वारदात नहीं हुई बल्कि उसकी स्वाभाविक मौत हुई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। रिपोर्ट में हृदयाघात के चलते मौत की बात प्रकाश में आई है।

युवक की मौत के बाद जिला अस्पताल में उसकी दो पत्नियों ने आपस में विवाद और हाथापाई की थी और तीसरी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया गया था। विवाद और आरोप के बाद मामला चर्चा में आया था तथा पुलिस ने शव को पोस्टमर्टम के लिए भेजवाया था। रविवार की रात जिला अस्पताल लाये जाने के बाद डाक्टरों ने शेख मो अशरफ पुत्र मो राशिद को मृत घोषित कर दिया था।

अशरफ को उसकी तीसरी पत्नी रिजवाना लेकर अस्पताल आई थी। मौत की खबर के बाद दूसरी पत्नी अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के शहनवां निवासी रेशमा ने अस्पताल पहुंच हंगामा किया था। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक की दूसरी पत्नी ने साथ रह रही तीसरी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं मिला। हृदयाघात के चलते उसकी स्वाभाविक मौत हुई है।

# श्रीराम की कुलदेवी हैं बड़ी देवकाली मां





बड़ी देवकाली मां

अयोध्या में देवकाली एक स्थान है, जहां देवकाली मंदिर स्थित है। मंदिर के नाम से ही इलाके का नाम भी देवकाली पड़ गया है। बड़ी देवकाली मां को श्रीराम की कुलदेवी होने का गौरव प्राप्त है। यहां नवरात्र में भक्तों का तांता लगता है। देवी भागवत में बड़ी देवकाली का वर्णन है। पौराणिक मान्यता के अनुसार मां देवकाली मंदिर को भगवान श्रीरामचन्द्र के पूर्वज महाराज रघु ने बनवाया था। मंदिर से जुड़ी परंपरा चली आ रही है कि जब भी किसी के घर में बच्चा होता है तो उसे परिवार के साथ मां बड़ी देवकाली के दर्शन को लाया जाता है। मां के दर्शन के बाद ही बालक के मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है।

**कोई भी खाली हाथ नहीं जाता**

मंदिर के पुजारी सुनील पाठक बताते हैं कि मंदिर के बाहर मां शक्ति के वाहन दो सिंह विराजमान हैं। उनका मुंह देवी मां की तरफ है। उन्होंने कहा कि देवकाली जी के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता, यहां मांगी गईं सभी मुरादें पूरी होती हैं।

# ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोपी गुड्डू मन्सूरी को जीआरपी ने 24 घंटे के अंदर ही कालपी थाना क्षेत्र के कानपुर-झांसी हाईवे पास स्थित दुर्गा मंदिर के निकट से गिरफ्तार कर लिया।

जीआरपी थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि आरोपी मूलतः जालौन का निवासी है। पुलिस ने अफवाह फैलाने में उपयोग किये गये मोबाइल फोन को आरोपी के पास से बरामद किया।

रविवार को आरोपी ने क्षेत्रीय सुरक्षा नियंत्रण कक्ष उत्तर रेलवे को मोबाइल से सुचना दी थी कि वह बरौनी ग्वालियर ट्रेन को बम से उड़ाने वाला है। एसपी व दो सीओ के नेतृत्व में पुलिस व बम निरोधक दस्ते ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकवाकर हर बोगी की सघन तलाशी ली पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसी ने ट्रेन को बम से उड़ाने की सूचना क्षेत्रीय सुरक्षा नियंत्रण कक्ष उत्तर रेलवे को दी थी।

### पत्नी पर खुदकुशी को उकसाने का केस

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार**, पत्नी से विवाद के बाद एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर बहू के खिलाफ एक माह बाद आत्महत्या के लिए उकसाने से का केस दर्ज किया है। सतरिख थाना क्षेत्र के कुर्मिनपुरवा निवासी अरविन्द वर्मा (40) पुत्र चंद्रशेखर वर्मा परिवार के साथ लखनऊ में प्राइवेट कार चालक था। 8 मार्च को पत्नी विनीता से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वह कुर्मिनपुरवा चला आया व कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। युवक की मां शोभावती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बहू बेटे का उत्पीड़न किया जा रहा था। आजिज होकर उसने आत्महत्या कर ली।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के नत्थूपुर लौधना गांव का है।

क्षेत्र के मुस्कराई गांव निवासी राम प्रसाद (65) की पत्नी की लगभग दो दशक पूर्व मौत हो गयी थी। कुछ बरसों से थाना क्षेत्र के नत्थूपुर लौधना गांव निवासी मेवा लाल के घर रहते थे। इसी बीच सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत हो गई। मेवालाल शव को अंत्येष्टि के लिए ले जा रहा था तभी वृद्ध के परिजनों को यह सूचना मिली। परिजन नत्थूपुर लौधना पहुंचकर हंगामा करने लगे और वृद्ध की हत्या का आरोप लगाया। जैतपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# 50 हजार ईंट का ऑर्डर देकर कारोबारी से ठगी

अयोध्या कार्यालय

**सरकारी डॉक्टर बनकर किया था फोन, एसएसपी से शिकायत पर दर्ज हुई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** निर्माण के लिए 50 हजार ईंट का आर्डर देकर लगभग 70 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। एसएसपी से शिकायत के बाद अयोध्या कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के रामपुर हलवारा रतन का पुरवा निवासी अनंतराम पुत्र स्व राम आसरे ईंट बिक्री का कारोबार करते हैं। उनका कहना है कि वह लोगों से आर्डर लेते हैं। पड़ोसी जनपद अंबेडकरनगर के टांडा से ईंट मंगवाकर गोंडा में विक्रय करते हैं। अनन्तराम का कहना है कि 24 जनवरी को सुबह उनके मोबाइल पर एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद को अयोध्या में तैनात सरकारी अस्पताल का डॉक्टर अशोक शर्मा बताया तथा 50 हजार ईंट की जरुरत बताई। 20 हजार अग्रिम भुगतान की बात कहते हुए लड़के की ओर से फोन किये जाने की बात कही। इसके बाद दूसरे नंबर से फोन आया और कार्ड से रुपया ट्रांसफर किये जाने का वास्ता देकर व्हाट्सएप पर क्यूआर कोड भेजा। क्यू आर कोड स्कैन करने पर उनके खाते से 69 हजार 990 रुपये का भुगतान पेटीएम पर ले लिया। उनका कहना है कि तीन मोबाइल नंबरों से फोनकर उनके साथ ठगी की गई। जिसकी शिकायत एसएसपी से की थी। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि शिकायत पर कथित डॉ. अशोक कुमार शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना शुरू कराई गई है।

### कब्जेदारों पर केस दर्ज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** मजरे मेहौरा की बिट्टन देवी ने विपक्षियों पर फर्जी बैनामा कराकर जमीन पर कब्जे के प्रयास का मुकदम दर्ज कराया है। चंद्रावती से उसने जमीन खरीदी थी। उसके बाद से बिट्टन देवी का उक्त जमीन पर कब्जा था। आरोप लगाया कि उसी के गांव के राजेंद्र प्रसाद, लवकुश उसकी पत्नी अनिता, रामतीरथ आदि ने धोखाधड़ी कर फर्जी बैनामा करा लिया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं किरन श्रीवास्तव पत्नी हरीनरायन लाल श्रीवास्तव ग्राम ज्यौनार परा0 व तहा0 जनपद बलरामपुर आराजी न0. 292 ए ग्राम शाहपुर इटई परा0 तहा0 उतरौला बलरामपुर 15 गुणे 85 फुट 1275 वर्गफुट अर्थात 118.49 वर्गमीटर भूमि सुरेश कुमार वर्मा पुत्र राममनोरथ वर्मा से जरिए बैनामा दिनांक 11.07.2008 की क्रय की थी जो सब रजिस्टार आफिस बलरामपुर में अभिलेख के वही सं.01 जिल्द सं. 2508 पृष्ठ सं. 307 से 324 पर क्रमांक. 3000 पर दर्ज है जिसका मूल दस्तावेज कहीं खो गया है। उक्त भूमि को वर्तमान समय में किरन श्रीवास्तव पत्नी हरीनरायन लाल श्रीवास्तव के पक्ष में बंधक रखकर ऋण ले रही है यदि इसमे किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अन्दर निम्न पते पर सूचित करे।

विवेक मनी श्रीवास्तव
एडोवोकेट सलेमपुर
हाउस न. 180 पटेलनगर गोण्डा

# एक चिट्ठी 18 दिन में चली 50 मीटर, फिर भी नहीं मिल पाई ग्रेच्युटी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बात बहुत छोटी सी है, लेकिन असर दूर तक डाल रही है। परिवहन निगम में एक पत्र को 50 मीटर दूर कार्यालय पहुंचने में 18 दिन लग गए। परिणाम यह रहा कि सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी को ग्रेच्युटी की रकम सेवानिवृत्ति की तिथि पर नहीं मिल पाई। इसको लेकर अफसरों से मौखिक शिकायत की गई। कर्मचारी संगठन लिखित शिकायत करेगा।

मामला सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय और बस स्टेशन स्थित रोडवेज कार्यशाला का है। कार्यशाला बस स्टेशन परिसर में ही है। मामला कार्यशाला में टायर निरीक्षक राम अजोर पाल के इंक्रीमेंट से जुड़ा है। उन्हें 31 मार्च को सेवानिवृत्त होना था। एआरएम कार्यालय से इसको लेकर पत्र 11 मार्च को जारी किया गया था। राम अजोर पाल के वेतन को पुनरीक्षित किया जाना था, लेकिन पाल बताते हैं कि यह पत्र रोडवेज कार्यशाला में 29 मार्च को पहुंचा। 31 मार्च को पाल सेवानिवृत्त हो गए। विभाग की इस लापरवाही के कारण उन्हें ग्रेच्युटी का लाभ नहीं मिल पाया। एआरएम आदित्य प्रकाश से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

सेवानिवृत्त कर्मी ने यह मामला यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन में उठा दिया। इसके बाद नेताओं ने विभाग के अफसरों से लापरवाही के साथ ही ग्रेच्युटी का भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। यूनियन के नेता राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि यह कर्मचारियों के प्रति की जा रही लापरवाही है। इसको लेकर शिकायत की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

पहले मेरा नाम AMIT था अब मैंने बदलकर अपना नाम AMIT YADAV रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: SURYA KUMAR R/O: MAKARAHA, POST DEVRAPATTI, AZAMGARH**

**सूचना**

पहले मेरा नाम AJAY था अब मैंने बदलकर अपना नाम AJAY YADAV रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: SURYA KUMAR R/O: MAKARAHA, POST DEVRAPATTI, AZAMGARH**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम केशव के स्थान पर केशव कुमार रख लिया है मुझे अब इसी नाम से जाना वा पहचाना जाए। **केशव कुमार पुत्र लालमन पता ग्राम जैती, पोस्ट बेलघाट, थाना बेलघाट, जिला गोरखपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **ललऊ प्रसाद, निवासी- ग्राम पूरे पण्डित मजरे- सैरापुर, पोस्ट मूसापुर, तहसील- लालगंज**, जनपद-रायबरेली (उत्तर प्रदेश) '- नं JC-543264X रैंक नायब सूबेदार राजेन्द्र कुमार का पिता हूँ मैंने अपना नाम ललऊ प्रसाद से परिवर्तित कर ललऊ रख लिया है अब मुझे ललऊ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं सूचित करता हूं कि **गेंदालाल पुत्र सूरजपाल, निवासी- ग्राम- पकसरावा थाना-सलोन, जिला- रायबरेली** का हूं। मैं अपने बड़े पुत्र रमाकांत को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवत्ति से त्रस्त आकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में बड़े पुत्र रमाकांत के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना और सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि हमने अपने पुत्र ताज अहमद अंसारी व उसकी पत्नी इरफाना परवीन और उनकी बेटियां जुबीन, शीरीन व अफरीन को उनके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेदित कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन लोगों के द्वारा किए गए कृत्य से हमारा सरोकार नहीं होगा। **इजहार अहमद पुत्र मुमताज अहमद व रुकसाना पत्नी इजहार अहमद। निवासी- 268/523/341 गुलजार नगर, ऐशबाग, लखनऊ।**

**आयोजन** जनपद की कविता कार्यक्रम में कवियों ने अपनी-अपनी कविताओं से मोहा

# महत्वपूर्ण है कविता में स्मृति का प्रयोग : स्वप्निल

अयोध्या कार्यालय



कार्यक्रम में काव्य पाठ करते आमंत्रित कवि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनवादी लेखक संघ के तत्वावधान में 'जनपद की कविता' आयोजन में लखनऊ के कवियों का काव्यपाठ एक होटल सभागार में किया गया।

अध्यक्षता वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कविता में स्मृति के प्रयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए काव्य-परम्परा में स्मृति के इस्तेमाल को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वे कविताएँ जिनमें मनुष्य का जीवन, प्रकृति और उसका संसार परिलक्षित होते हैं, हमें सहज ही आकर्षित करती हैं। सचिव डॉ विशाल श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अवधारणा प्रस्तुत की। वरिष्ठ पत्रकार सुभाष राय ने अपनी हालिया चर्चित पुस्तक 'दिगम्बर विद्रोहिणीः अक्क महादेवी' से कुछ छाया कविताओं का पाठ किया। कवि नलिन रंजन सिंह, मलखान सिंह, युवा कवि ज्ञान प्रकाश चौबे, कवयित्री आभा खरे, शालिनी सिंह, सलमान खयाल, कंचन जायसवाल, गरिमा सिंह ने काव्य पाठ किया। साधना सिंह, कंचन जायसवाल, पूजा श्रीवास्तव, सत्यभान सिंह, मुज़म्मिल फिदा, इल्तिफात माहिर, नीरज सिन्हा नीर, राजीव श्रीवास्तव ने कवियों को स्मृति चिह्न भेंट किया। धन्यवाद ज्ञापन सत्यभान सिंह 'जनवादी' द्वारा किया गया। पत्रकार सुमन गुप्ता, आलोचक रघुवंशमणि, चिंतक-कवि आरडी आनन्द, अयोध्या प्रसाद तिवारी, पत्रकार अनिल अग्रवाल, गुलजार समिति की अध्यक्ष पूनम सूद, आशाराम जागरथ आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या के लिए आज से चलेंगी 30 बसें

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद से परिवहन निगम मंगलवार से 30 बसों का अयोध्या के लिए विशेष संचालन करेगा। चैत्र राम नवमी पर अयोध्या में लगने वाले मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए परिवहन निगम ने कमर कस ली है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार पड़ रही राम नवमी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या जाएंगे। इसके लिए 9 से 20 अप्रैल तक अकबरपुर डिपो से रोजाना 30 बसों का विशेष संचालन अयोध्या के लिए किया जाएगा। एआरएम सीवीराम ने बताया कि राम नवमी को देखते हुए जनपद से 30 बसों का संचालन अयोध्या के लिए मंगलवार से किया जाएगा।

## फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च कर सभी को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर बीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक भीटी, अमित कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष महरुआ विजय कुमार सोनी व थानाध्यक्ष बेवाना शशांक कुमार शुक्ल द्वारा अर्धसैनिक बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों और बाजारों वाले स्थानों पर फ्लैग मार्च कर लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का अहसास कराया गया।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





**29वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.21 बजे
इफ्तार : 06.32 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.17 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लोगों को करें जागरूक : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम में जनपद के जन सुविधा केंद्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को अपने मत के महत्व को समझाने के लिए और अधिक से अधिक मतदान में प्रतिभाग के लिए प्रेरित करने की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने और वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा सी विजिल एप, होम वोटिंग, सुपर 100 सहित अन्य निर्वाचन संबंधी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान बताया गया कि 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 से नाम बढ़वाया जा सकता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिंक, युवा और दिव्यांग बूथ बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में सुपर 100 बूथों का चयन किया गया है, इनमें प्रत्येक विधानसभा के ऐसे 20 बूथ का चयन किया गया है जिसमें लोकसभा चुनवा 2019 में न्यूनतम मतदान प्रतिशत था। इन बूथों पर लगातार जनपद के वरिष्ठ अधिकारी जाकर आम जनमानस से मिलकर मतदान प्रशितत कम होने का कारण जानने का प्रयास कर रहे हैं और साथ ही साथ मतदाताओं को वोट प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए स्वंय जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी कुछ बूथों पर प्रतिभाग किया गया है। 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जो पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ हैं वह वोटर होम वोटिंग का सहयोग ले सकते हैं।



जन सुविधा केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

### सी विजिल ऐप से करें आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

मतदाता जागरूकता संबंधी वीडियो क्लिप भी लोगों को दिखाई गई। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद द्विवेदी सहित अन्य ने बताया कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो और वीडियो, आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### लोगों को मतदान के लिए करें प्रेरित

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि स्वयं भी वोटिंग करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनपद के मतदाताओं को मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाना है। आप सभी से अपील है कि अपने आसपास के लोगों को 25 मई को मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें।

## सार-संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बहन के यहां काम करने गया भाई हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे इलाज के लिए जलालपुर एक अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के भस्मा गांव निवासी मुन्नालाल भास्कर (24) पुत्र विक्रमादित्य भास्कर सोमवार को मालीपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर डढ़वा में अपनी बहन के यहां बन रहे मकान में कार्य करने के लिए गया था। जहां कार्य करते समय लोहे की सरिया को जैसे ही ऊपर उठाया वैसे ही ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार में सरिया छू गया। इसके चलते युवक हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे जलालपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जलालपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था



मौके पर मौजूद पुलिस व साथ में परिजन।

### जरूरतमंदों को वितरित की गयी ईद किट

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पैगाम-ए-हक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में दरगाह किछौछा स्थित कार्यालय पर ईद किट वितरित की गयी। इसमें सोसाइटी के अध्यक्ष दबीर अहमद एडवोकेट ने कहा कि ईद का पवित्र पर्व करीब है, हम सभी लोगों का फर्ज है कि हमारे पड़ोस में रहने वाले गरीब, मजबूर, बेसहारा लोगों की मदद करें। उनको अपनी खुशी मे शामिल करें। सोसाइटी के पदाधिकारी ने कहा कि रमजान का मुकद्दस महीना चल रहा है, इसमें हम दिल खोलकर गरीबों की मदद करें। विशेष तौर पर गरीबों की ईद का ख्याल जरूर रखें। सोसाइटी हमेशा सभी धर्म-जाति के लोगों की मदद करती है और सभी को साथ लेकर चलने वाली है। हमारे सभी पदाधिकारी पीड़ितों को सहायता दिलाने का कार्य कर उनकी मदद कर रहे हैं। कार्यक्रम में मातूफ अहमद, आबिद सिद्दीकी, हजरत सरफराज और शकील खान आदि मौजूद रहे।



ईद किट का वितरण करते सोसाइटी के पदाधिकारी।

### नवरात्र के चलते फलों के दाम में आया उछाल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** नवरात्र का त्योहार प्रारंभ होते ही फलों के दाम आसमान छूने लगे हैं। मौजूदा समय में रमजान के चलते फलों की काफी बिक्री हो रही है। मंगलवार से नवरात्र भी प्रारंभ हो रहा है। अभी दो दिन पूर्व 120 रुपए से लेकर 140 रुपए तक बिकने वाला सेब 160 रुपए किलो बाजार में बेचा जा रहा है। इसी तरीके से अनार 100 रुपए किलो, अंगूर 100 रुपए किलो, केला 80 रुपए, संतरा 100 रुपए किलो और आलू 25 रुपए किलो बेचा जा रहा है। यही हाल अन्य फलों का भी है, जो महंगे दामों पर बेचे जा रहे हैं। जलालपुर नगर के फल व्यवसायी दिलीप ने बताया कि रमजान के बाद नवरात्र के चलते विक्रेताओं द्वारा सभी सभी फलों के दामों में इजाफा कर दिया गया है।



जलालपुर नगर में फल की लगी दुकान।

## एक नजर

### आचार संहिता के उल्लंघन पर कर्मचारी निलंबित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी कराने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर अजय प्रताप इंटर कॉलेज भीटी का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अमित कुमार एक दल के चुनाव प्रचार में संलिप्त पाया गया है। प्रधानाचार्य आचार संहिता का उल्लंघन करने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जांच समिति का गठन भी किया गया।

### साथ रहने के लिए राजी हुआ दंपति

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा एक दंपति का विवाद सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया गया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली टांडा पुलिस ने चाकू के साथ एक शातिर को दबोचा। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्यारेपुर मोड़ से लालमन निवासी ग्राम पश्चिम अहिराना मुबारकपुर को चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

# मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

## एक पुलिसकर्मी हुआ घायल, लखीमपुर खीरी के पांच बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** आलापुर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। पुलिस ने घायल बदमाशों सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया है। वहीं भाग रहे तीन अन्य बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार पांचों बदमाश चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान हंसवर की तरफ से पांच संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने को कहा गया तो वे फायरिंग करने लगे।

पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गया प्रसाद पासी निवासी ग्राम रायपुर थाना इशानागर, लखीमपुर खीरी और रामजी पासी ग्राम ओझाव थाना इशानागर, लखीमपुर खीरी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से दो असलहे 315 बोर, एक कारतूस खोखा, एक जिन्दा कारतूस मिला। मुठभेड़ में एक आरक्षी घायल हो गया। सभी को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। वहीं अन्य तीन बदमश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फरार रामबली निवासी कैराती थाना ईशानगर, लखीमपुर खीरी, कमलेश थाना ईशानगर लखीमपुर खीरी, विक्रम ईशानगर लखीमपुर खीरी को चोरी के माल सहित पिपरा चौराहा आलापुर से गिरफ्तार किया। बदमाशों के कब्जे से चोरी से संबंधित माल और जेवर बरामद हुए।



मुठभेड़ के बाद पुलिस की गिरफ्त में घायल बदमाश। अमृत विचार



बदमाशों के पास से बरामद सामान।

### गिरफ्तार बदमाशों का है आपराधिक इतिहास

एएसपी पूर्वी श्याम देव ने बताया कि पुलिस गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि आलापुर थाना क्षेत्र में बदमाश किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर तीन बदमाश फरार हो गए थे। जिन्हें पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जायसवाल समाज के संयोजन में छज्जापुर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी और विशिष्ट अतिथि जायसवाल समाज युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल का समाज के जिलाध्यक्ष भूपेश उर्फ डब्बू और नगर अध्यक्ष संजीव उर्फ मोनू की अध्यक्षता में टीम ने स्वागत किया।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने सर्वप्रथम सहस्त्रबाहु अर्जुन महाराज के चित्र के समक्ष दीप जलकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद संरक्षक दल के बजरंगी, नंदलाल, अमित, राजेंद्र, आनंद आर्य, राम भारत, गुरु प्रसाद सहित वरिष्ठजनों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने टांडा नगर अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल को भी सम्मानित किया। नंदी ने कहा कि समाज के लोगों का हमेशा ऐसे ही संगठित बनाकर रखे और वैश्य समाज को जोड़ कर चले।

### सूने घर से चोरों ने जेवरात और नकदी उड़ायी

**देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर : अमृत विचार।** आलापुर के राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम राजेशहरयारपुर में सूने पड़े घर से चोर हजारों की नकदी व जेवर उठा ले गए। रीना गुप्ता पत्नी दुर्गेश गुप्ता अपने मायके गई थी। जब वह लौटी तो उसके घर का ताला टूटा पड़ा था घ। र में घुसकर चोरों ने नकदी, जेवरात सहित लाखों का सामान पार कर दिया। पीड़िता पुलिस को तहरीर दी है।


अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


# पुलिसकर्मी की डांट से बेहोश हो गयी महिला

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** पुलिस द्वारा हिरासत में ली गई महिला दीवान का रौद्र रूप देखकर बेहोश हो गयी। उसके नाक व मुंह से खून निकलने लगा। इसे देखकर थाने में हड़कंप मच गया। उसे आनन-फानन में चौराहा स्थित एक निजी क्लीनिक में दिखाया गया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए किसी अन्य अस्पताल में ले जाने की सलाह दी गयी। पुलिस वाहन से ले जाकर अचेत महिला को जलालपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि थाना क्षेत्र के सैरपुर उमरन गांव में वसीयत और वरासत को लेकर तीन भाइयों में बीते कई बरसों से विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद को लेकर शांति देवी ने मालीपुर पुलिस को तहरीर देकर जबरिया खेत जोतने से रोकने की गुहार लगायी थी। रविवार देर शाम को विपक्षी शांति देवी और सावित्री के बीच थाने का एक दीवान जबरन समझौता कराने का दबाव बनाने लगे। जब सावित्री ने समझौता लिखने से इन्कार किया तभी ताव में आए दीवान ने महिला सावित्री को डांटना-फटकारना शुरू कर दिया। दीवान के डांटते ही सावित्री बेहोश हो गई और उसके नाक और मुंह से खून बहने लगा। महिला की गंभीर स्थिति देख उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आस्था ने उत्तीर्ण की नवोदय प्रवेश परीक्षा

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** लक्ष्य हासिल करने का जज्बा हो तो प्रतिभा किसी सुविधा के लिए मोहताज नहीं होती। नवोदय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर मजदूर की बेटी ने ये बात साबित की है। ग्राम समडीह निवासी सुबाशचन्द्र यादव की बेटी आस्था यादव ने नवोदय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। आस्था के माता-पिता खेती और मजदूरी करते हैं। कम्पोजिट विद्यालय समडीह में वह बच्चों को पढ़ाते हैं। आस्था ने कक्षा पांच की परीक्षा उत्तीर्ण की तो प्रधानाचार्या गीता ने उसका फार्म नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए भरवा दिया।



# आग से 15 बीघा गेहूं की फसल जली

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा गन्ने के खर-पतवार को जलाने के दौरान बगल के खेतों में आग लग गई। इससे कई किसानों की लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कि जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पंथीपुर गांव में एक विक्षिप्त युवक अपने गन्ने के खेत में उपजे खर-पतवार को जला रहा था। इसी दौरान चल रही तेज हवा के कारण चिंगारी बगल के गेहूं के खेतों में पहुंच गयी और फसल जलने लगी। इस घटना में राजेश का एक बीघा, अनिरुद्ध का एक बीघा, फाल्गुन यादव का 20 और शिवकुमार का 15 विश्वा, नीतू तिवारी का एक बीघा, कृपा शंकर का दो बीघा, महादेव वर्मा का डेढ़ बीघा, वासुदेव वर्मा का डेढ़ बीघा, हरिराम का 17 विश्वा, श्यामू वर्मा का आठ विश्वा, आदित्य तिवारी का 15 विश्वा गेहूं जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसके चलते अन्य लोगों की गेहूं की फसल बच गई। सूचना पर क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार मौर्या और तहसील अधिकारियों ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और किसानों को फसल का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।



गेहूं की फासल में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

कार्यक्रम | भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी ने कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

# नुक्कड़ सभाओं से मतदाताओं को करें जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** भाजपा ने नुक्कड़ सभाओं के वक्ता कार्यकर्ताओं की कार्यशाला सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित कर उन्हें प्रशिक्षित किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी पदम सेन चैधरी ने कार्यशाला के मंचस्थ नेताओं के साथ डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि नुक्कड़ सभाओं में अपने वाणी की कुशलता से जन-जन को भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रभावित करने का बड़ा दायित्व संगठन ने सौंपा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत से प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। चुनाव में प्रदेश की सभी 80 लोक सभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी बड़े अंतर से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचेंगे।

नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता अपने संगठन के कार्यों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक कम समय में पहुंचा सकते हैं। कार्यशाला में नुक्कड़ सभाओं की रूप रेखा, नुक्कड़ सभा जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रजनीश सिंह ने रखा। वहीं कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक विकास तिवारी ने किया।




कार्यशाला में मौजूद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी।

# नौकरी के नाम पर हड़पे दो लाख, दो पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मार्केटिंग फाइनेंस कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपए हड़पने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

जैतपुर थाना क्षेत्र के मढवरपुर गांव निवासी विनोद कुमार गोस्वामी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि विपक्षी प्रशांत अवस्थी निवासी सरसा जिला श्रावस्ती और आलोक पाठक निवासी 144 पंडित पुरवा हुसैनपुबहराइच जालसाज किस्म के हैं। वह अगस्त 2023 में अपने जीजा कामेश चंद्र भारती के पास बहराइच गया था। उसकी मुलाकात जीजा के कमरे पर इन सबसे हुई। वहीं पर बातचीत के दौरान नौकरी की बात करने लगे कि एस्क्सट्रीम मार्केटिंग फाइनेंस कंपनी में जगह खाली है। इसके लिए दो लाख रुपए लगेंगे। बात पक्की होने पर उसने 14 सितंबर 2023 को गूगल पे से उनके खाते में एक लाख ट्रांसफर कर दिये और एक लाख रुपए नकद दिया। लगभग 6 माह बीत जाने के बावजूद भी न तो नौकरी मिली और न ही वे रुपये वापस कर रहे हैं। रुपया मांगने पर विपक्षी गाली देते हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रशांत व आलोक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नव्वागांव में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भुनेश्वर सिंह, हेमंत तिवारी व सुशील तिवारी ने प्री प्राइमरी कक्षाओं को संचालित किए जाने के लिए बच्चों के माँ की भूमिका को विस्तार से अवगत कराते हुए उन्हे शिक्षा के प्रति जागरूक किया। एआरपी घनश्याम शुक्ल, विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान राकेश वर्मा, कृष्णानंद तिवारी, विनय यादव, कंचन श्रीवास्तव, उत्कर्ष त्रिपाठी, रमजान, विजयलक्ष्मी, प्रदीप सिंह व कौशल्या उपस्थित रही।

### बच्चों को वितरित किया गया वार्षिक परीक्षा फल

**परसपुर, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र परसपुर के ग्राम पंचायत मधईपुर कुर्मी के पूरे राममिलन शुक्ल स्थित माता प्रसाद शुक्ला विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक समन्वयक बीआरसी परसपुर हुकुम सिंह व विद्यालय के प्राचार्य आशीष पांडेय ने बच्चों को परीक्षा फल वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों को लगन, परिश्रम व एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जीवन मे शिक्षा से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। शिक्षित व्यक्ति से समाज व क्षेत्र का विकास होता है। मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अरुण कुमार शुक्ला, श्रीकांत तिवारी, सिद्धांत चतुर्वेदी, शिवांश, सीमा शुक्ला, गोल्डी शुक्ला, अंजली सिंह, रितेश सिंह, अमेरिका सिंह, वंशराज सिंह मौजूद रहे।

### गोवध संगठित गिरोह के चार सदस्यों पर कार्रवाई

**परसपुर, अमृत विचार :** गोवध करके मांस बेचने के संगठित गिरोह के चार सदस्यों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत पुलिस द्वारा कार्यवाही की गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि जिलाधिकारी की अनुमति पर परसपुर थाना क्षेत्र के असगर अली उर्फ कतली पुत्र स्व गोली निवासी वृन्दावन बहेरवा खैरा तथा थाना कोतवाली देहात निवासी कुन्ने पुत्र जलील हाल पता वृन्दावन बहेरवा खैरा एवं इन्सान अली पुत्र मुन्नी निवासी अकबर अली पुरवा मौजा मरचौर थाना परसपुर, खातून पत्नी गरीबे निवासी अकबर अली पुरवा मौजा मरचौर का एक संगठित गिरोह है। ये सभी लोग गिरोह बनाकर अपने व अपने गैंग के सदस्यों की आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु गोवंशीय पशुओं का वध करके उसके मांस का विक्रय करते है और आर्थिक लाभ अर्जित किया जाता है जिससे अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के परिवार का खर्च चलाते हैं और खुद पर खर्च करते हैं।

# गेहूं खरीद: 40 दिन में मात्र 82.07 मीट्रिक टन की हुई खरीद

## जिले में बनाये गए हैं 112 केंद्र, 130700 मीट्रिक टन है खरीद का लक्ष्य, अभी तक सिर्फ 26 किसानों ने ही केंद्र पर बेचा है गेहूं

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद की शुरुआत हुए 40 दिन बीतने को हैं। अभी तक मात्र 26 किसानों ने ही अपनी उपज को सरकारी क्रय केंद्र पर बेचा है। अभी तक कुल 82.07 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पाई है। खरीद न होने से गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है।

जब अफसर व कर्मचारी किसानों के घर पहुंचे तो बड़ी मुश्किल से केंद्रों पर गेहूं की आवक शुरू हो पाई। गांव में जाकर किसानों से संपर्क करने का फायदा खरीद से जुड़े कर्मचारियों को मिलने लगा है। गल्ला मंडी में स्थापित केंद्र पर किसान गेहूं बेचने के लिए आने लगे हैं। अब तक करीब मंडी के केंद्र 150 क्विंटल गेहूं के खरीद हो चुकी है। जनपद में गेहूं खरीदने के लिए छ एजेंसियों को जिम्मेदारी मिली है। सबसे अधिक गेहूं खरीदने का लक्ष्य पीसीयू को मिला है। इस एजेंसी को 42000 मीट्रिक टन गेहूं के खरीद करनी है। बीते एक सप्ताह से किसी तरह से केंद्रों पर किसानों ने अपने गेंहू लाना शुरु किया है। जिले में गेहूं खरीदने के लिए सरकार की ओर से 112 केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस बार गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ 1 मार्च से हो गया था। जनपद में इस बार छ एजेंसी को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें खाद्य विभाग 20000 मीट्रिक टन, पीसीएफ को 33000 मीट्रिक टन, पीसीयू को 42000 मीट्रिक टन, यूपीएसएस को 20000 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम को 11700 मीट्रिक टन तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति को 4000 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है। जनपद को जो इस बार लक्ष्य दिया गया है वह विगत कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है कभी भी इतना लक्ष्य जिले को गेहूं खरीदने का नहीं मिला है। इस बार 130700 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। माना जा रहा था कि अभी गेहूं की फसल जनपद में नहीं तैयार है। जिले में अब तक 26 किसानों का गेहूं खरीदा गया है। जिसमें खाद्य विभाग, पीसीयू पीसीएफ है। कुल लगभग 820 क्विंटल गेहूं की खरीद हो पाई है। अप्रैल में फसल भी तैयार हो गई है, ऐसे में खरीद में तेजी की उम्मीद है। गेहूं बेचने के लिए जिले में अब तक करीब 4300 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं। पछुआ हवा चल रही है ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है की गर्मी पड़ने के साथ गेहूं की फसल तैयार हो जाएगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में छह एजेंसियां गेहूं खरीद कर रही हैं। शासन की ओर से सभी एजेंसियों को गेहूं खरीद करने का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। अभी तक करीब 820 क्विंटल गेहूं के खरीद की गई है। खरीद की शुरुआत हो गई है। उन्होंने बताया कि लगभग 4300 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण भी कराया है। जिनसे केंद्र प्रभारी संपर्क कर रहे हैं।



मंडी में सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं की तौल कराता किसान। अमृत विचार

## बिना मान्यता के चल रहे स्कूल के संचालन पर रोक

**रुपईडीह, अमृत विचार:** निरीक्षण के दौरान बगैर मान्यता के विद्यालय संचालित किए जाने पर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने लॉर्ड बुद्धा इंटरनेशनल स्कूल भुलईडीह के प्रबंधक व प्रधानाचार्य को तत्काल विद्यालय के संचालन पर रोक लगाये जाने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का संचालन न बंद किए जाने पर निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत दस हजार रुपए का जुर्माना व थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के लिए कार्रवाई किए जाने के लिए प्रबंधक व प्रधानाचार्य को चेतावनी दी गई है।

# इंडि गठबंधन घोटालेबाजों की बरात: केशव प्रसाद मौर्य

## मनकापुर में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में कार्यकर्ता सम्मेलन

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार:** गोंडा लोकसभा के मनकापुर में भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में सोशल मीडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडि गंठबंधन घोटाले बाजों का गठबंधन है।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ मगर इंडि गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। इंडि गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी पर चाहे कितने भी हमले कर लें प्रधानमंत्री मोदी रुकने वाले नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसने जिसने देश को लूटा है उसे अब लौटना ही पड़ेगा यह मोदी की गारंटी है। इंडि गठबंधन घोटालेबाजों की बारात है। यहां सब देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उसके भ्रष्टाचार पर चर्चा न हो। उन्होंने कहा कि इस घमंडीया गठबंधन के काम क्या हैं? उनके काम है कि जितना हो सके लूटो। हर दिन एक नया झूठ बोलो। मोदी को गाली दो। देश को बदनाम करो। हिंदू धर्म को गाली दो। जमकर घोटाले करो। जांच एजेंसियां जब नोटिस दें तो इग्नोर करो। कार्रवाई हो तो कोर्ट पहुंचो। कोर्ट भी फटकार लगाए तो विक्टिम कार्ड खेलो। जनता को गुमराह करो। सारे चोर इकट्ठे हो जाओ जोर-जोर से बोलो छाती पीट पीट कर बोलो कि भ्रष्टाचार बचाओ। इनकी टोली को देखिएगा तो पता चलेगा कि जो भ्रष्टाचारी हैं, वे भ्रष्टाचार के मामले में या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। वह भ्रष्टाचार बचाओ रैली निकाल रहे हैं। यह लोग देश की शक्ति का अपमान करते हैं। शाहजहां शेख जैसे अपराधी पर चुप रहते हैं। उदय निधि स्टालिन के सनातन विरोधी बयान पर चुप रहते हैं। राम चरित मानस के अपमान पर चुप रहते हैं। हिंदू देवी देवताओं के अपमान पर चुप रहते हैं। इस बात को सारा देश जानता है। उनके परिवार वाद से उत्तर प्रदेश की जनता पीड़ित रही है। सपा पार्टी कभी कांग्रेस को देश की सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी कहा करती थी आज उन्हीं के साथ बनी हुई है। सनातन धर्म और राम चरित मानस पर आपत्तिजनक बयान देने के बावजूद सपा अध्यक्ष ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर कोई कार्यवाही नहीं की। अपने नाम में समाजवादी लेकर चलने वाले इस पार्टी के शीर्ष नेता को समाज और जनता की नहीं अभी तो सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। बताया कि कांग्रेस बताएं कि इनकम टैक्स में जो नोटिस दिया है वह सही है या गलत? सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप सहित सांसद कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया, मनकापुर विधायक एवं पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडे, गोंडा बलरामपुर से एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह, सोशल मीडिया के जिला के संयोजक अविनाश जायसवाल, राकेश तिवारी, आशीष त्रिपाठी, दीपक अग्रवाल, अनुपम प्रकाश मिश्रा, राघवेंद्र ओझा पट्टू मौजूद रहे।



मनकापुर में आयोजित सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# डीसीएम की टक्कर से गई युवक की जान

**हादसा**

- छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर तिराहे तिराहे के पास हुई दुर्घटना
- यदि हेलमेट लगाए रहता युवक तो बच सकती थी जान

संवाददाता, बभनान

**अमृत विचार:** सोमवार की सुबह छपिया थाना क्षेत्र बभनान पुलिस चौकी अंतर्गत फूलपुर तिराहे पर करीब 9:30 बजे मनकापुर की तरफ से आ रही बिहार के सहरसा को जा रही एमडीएच मसाले से लदी डीसीएम ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गया और सिर फटने से काफी खून गिरने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। डीसीएम को जुटी भीड़ ने घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बभनान पुलिस ने ड्राइवर और डीसीएम दोनों को अपने कब्जे में ले लिया और शव को छपिया थाने ले गई और वहां से शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के बड़कुंइया गांव निवासी प्रीतम पुत्र रामलौट (35) के रूप में हुई है। मृतक बभनान से ड्यूटी कर घर वापस जा रहा था।

इसी बीच फूलपुर तिराहे पर डीसीएम की चपेट में आ गया और मौके पर मौत हो गई। मृतक दो भाई थे और हाल में ही विवाह हुआ था कोई बच्चे नहीं थे। छपिया थाना अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि ड्राइवर और डीसीएम दोनों को कब्जे में ले लिया गया है और शव का पंचनामा कर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




### रेलवे ट्रैक मैन की ट्रेन से कटकर मौत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** गोंडा–मनकापुर रेल खंड पर झिलाही व मोतीगंज के बीच काम कर रहे एक ट्रैक मैन की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मोती गंज स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की और पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया है। बताया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन झिलाही व मोतीगंज के मध्य ट्रेन से एक व्यक्ति कट गया है। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर से कांस्टेबल सहायक उप निरीक्षक आनंद मोहन सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष मोतीगंज भी घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर देखा कि मृतक व्यक्ति का नाम राम सिंगार जो ट्रैकमैन का है और उसका शव झिलाही गैंग संख्या 20 पाया गया। वह ड्यूटी पर कार्यरत था। अवर अभियंता रंजीत कुमार रंजन ने बताया कि मालगाड़ी से घटना हुआ है। मृतक की उम्र करीब 58 वर्ष बताई गई। सिविल पुलिस मोतीगंज उपनिरीक्षक त्रिपुरारी ओझा ने मौके पर पहुंच कर शव को पीएम के लिए भेजा है।

## सफाईकर्मियों का रोका गया वेतन

**रुपईडीह, अमृत विचार:** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बगैर सफाई उपकरण के ड्यूटी पर उपस्थित होने के कारण बीडीओ ने सभी का एक दिन का वेतन अवरुद्ध किए जाने का आदेश दिया है। ब्लॉक के एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ने बताया कि ब्लॉक में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम की समीक्षा किए जाने के लिए बीडीओ द्वारा क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण किया जा रहा है। रोस्टर के अनुसार सफाईकर्मी बाबूलाल, इंद्रजीत मिश्र व संदीप कुमार मौके पर उपस्थित तो मिले लेकिन सफाई उपकरण उनके पास नहीं था ऐसी स्थिति में उन वेतन रोकने का आदेश दिया।

# अंक पत्र वितरण समारोह आयोजित

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बरवलिया प्रथम में अंक पत्र वितरण एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्षा रामलली रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व वंदना के साथ किया गया।

शैक्षिक सत्र 2023-24 मे कक्षा पांच उत्तीर्ण कर चुके बच्चों को विदाई दी गई। साथ ही पुरस्कार एवं निःशुल्क पुस्तक वितरण का भी आयोजन किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित किया। वहीं बीच बीच में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राम, उपाध्यक्ष तरन्नुम जहां, वार्ड सदस्य रवि कनौजिया, नीरज वैश्य, राजीव मोदनवाल, बीनू मोदनवाल, अनुज जायसवाल समेत विद्यालय परिवार एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कहा गया कि बच्चे ही देश के कर्णधार हैं इसलिए हर माता-पिता को अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा ग्रहण करवानी चाहिए ताकि भविष्य में आगे चलकर उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।



बच्चे को अंक पत्र देती शिक्षिका। अमृत विचार




मतदाता जागरूकता रैली निकालते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

# मतदाता जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक

संवाददाता, इटियाथोक

**अमृत विचार:** स्कूली छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। पहले मतदान फिर जलपान के नारों के साथ पूरा इटियाथोक बाजार गुजांयमान हो गया। इस रैली में जनता इंटर कॉलेज, कृषक बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सहित कई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

छात्रों ने लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। रैली में इटियाथोक पुलिस, खंड विकास अधिकारी अभय सिंह, उपेंद्र त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी, एसडीएम सदर सहित राजस्व कर्मी, आशा आंगनबाड़ी सहित बृजेश कुमार यादव, शिवपाल यादव, रुचिरा मिश्रा, पुष्पा चौरसिया दिलीप कुमार, संतोष कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे मौजूद रहे।

## कौड़िया में 105 असलहे हुए जमा

**रुपईडीह, अमृत विचार:** कौड़िया थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए शस्त्र धारकों के शास्त्र थाने में जमा कराए जा रहे हैं।

थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सभी शस्त्र धारकों का शास्त्र थाने में जमा कराए जाने के लिए पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक 105 शस्त्र धारकों के शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। शस्त्र न जमा करने पर उन शस्त्र धारकों का लाइसेंस निलंबित किए जाने के लिए संस्तुति कर दी जाएगी। अन्यथा लोग समय रहते ही अपने असलहे जाम करें।

# चुनाव कार्यालय का एसपी ने किया निरीक्षण

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** एसपी विनीत जायसवाल ने चुनाव कार्यालय का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिया। उन्हें निष्पक्ष दायित्वों के निर्वहन को कहा।

अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोस सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू की थी। जिसके अनुपालन में विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग व दीवार पेंटिग को हटाकर आचार संहिता के नियमों का पालन कराया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के के अगुवाई में क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी ने जनपद के कुल 1665 मतदान केन्द्रों तथा 2726 मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया जिनमें की 240 मतदान केंद्रों को संवेदनशील कैटेगरी में चिन्हित किया गया है। सभी संवेदनशील मतदान केन्द्रों, निडर होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

एसपी ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों अपने-अपने थाना क्षेत्रों के हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी कर रहे है। जिले में अब तक 107/116 में कुल 37,975 व्यक्तियों की चालानी की गयी तथा 16738 व्यक्तियों को पाबंद कराया गया। शस्त्र अधिनियम में 13 के विरुद्ध कार्यवाही की गयी, जिसके तहत 13 अवैध शस्त्र व 18 अवैध कारतूसों को बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब तक कुल 14 लाइसेंसी शस्त्रों को निरस्त किया गया है। एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए 11.68 किलो अवैध गांजा व 1494 नशीली गोलियां बरामद की गयी है।

आबकारी अधिनियम के तहत 1108 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में 25 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। पैरामिलिट्री फोर्स के ठहरने के लिए कुल 28 विद्यालय व बाहरी जिलों से आने वाले पुलिस बल के लिए 45 विद्यालय तथा होमगार्डों के लिए 28 विद्यालय आरक्षित किए गए हैं।




पुलिस चुनाव कार्यालय में जानकारी लेते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**कार्यक्रम** कंपोजिट विद्यालय मुजेड़ में शिक्षक और बच्चों के सम्मान समारोह में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुति

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मोबाइल के दुष्प्रभाव समझाए

**बेलसर, अमृत विचार:** कंपोजिट विद्यालय मुजेड़ में शिक्षक सम्मान समारोह, मेधावी छात्र अभिनंदन तथा प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चंद यादव तथा विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राम खेलावन सिंह रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष बेलसर प्रतिनिधि मोनू सिंह, सभासद राजेश कुमार सिंह, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित कर उद्घाटन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए शिक्षक परमानंद पाठक, शिव प्रसाद, राम केवल तथा जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह को शाल प्रतीक चिन्ह तथा भगवत गीता देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छात्र छात्राओं द्वारा वर्तमान समय में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा मोबाइल के प्रयोग के दुष्प्रभाव को रेखांकित करता नाटक प्रस्तुत किया गया। कव्वाली, लोकगीत, राष्ट्रीय गीत तथा सामुहिक और एकल नृत्य की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों तथा अधिकारियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को अजीत सिंह, विनय तिवारी, अशोक पांडेय तथा रवि प्रकाश सिंह आदि ने संबोधित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा सुहानी और रूबी तथा कृष्णा मौर्य को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कंपोजिट विद्यालय मुजेड़ के शिक्षकों प्रधानाध्यापक रामदीन, नरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ जया सिंह, ज्योति चौहान, सुनील कुमार तथा बीना सिंह के अतुलनीय शिक्षण कार्य तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को सराहा गया उन्होंने उपस्थित संगठन पदाधिकारियों तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को आश्वासन दिया कि उनके देयताओं का पूरा भुगतान एक साथ पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित अतिथियों में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह, प्रांतीय लेखाकार राजेश कुमार शुक्ल, संयुक्त मंत्री अमित पांडेय, मंत्री बेलसर यशवंत पांडेय, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष शिव शंकर उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



बच्चे को सम्मानित करते शिक्षक नेता। अमृत विचार



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

## ताला तोड़कर नकदी व जेवरात किया पार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे गोनई के रहने वाले अहमद अली ने तहरीर देकर कहा है कि शनिवार की रात को वह अपने बच्चों के साथ खाना खाकर सो गया था और जब सुबह उठ कर देखा तो उसके घर का चोरों ने ताला तोड़कर बॉक्स में रखा जेवरात करीब डेढ़ लाख रुपए के उठा ले गए। बॉक्स में रखा नकदी पांच हजार रुपये भी चोर उठा ले गए। वहीं घर में रखा फर्राटा पंखा भी चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि इसके पूर्व में भी उसके घर पर चोरों ने घर के सामने रस्सी में बंधी 10 बकरियों को चार पहिया गाड़ी में लादकर उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि इसकी शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। लेकिन लगातार उसके घरों पर चोरों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस को शिकायत करने के बावजूद चोरों पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि लगातार उसके घर पर दो बार चोरों की घटना होने के बावजूद पुलिस ने अब तक कार्यवाही नहीं की है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल के लिए पुलिस भेजा गया है।

# सर्वार्थ सिद्धि योग का अद्भुत संयोग है नवरात्र

## वासंतिक नवरात्र आज से, पूरे नौ दिनों तक होगी मां की आराधना, मंदिरों में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

**आस्था**

- घट स्थापना-सुबह 6.11 मिनट से सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक
- अभिजित मुहूर्त-11.57 से 12.48 बजे तक

गोंडा कार्यालय


खैरा भवानी मंदिर में विराजमान देवी मां।

**अमृत विचार :** 9 अप्रैल को वासंतिक नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है और 17 अप्रैल को महानवमी के दिन समाप्त होगा। मंगलवार की सुबह सूर्य की पहली किरण से ही अमृत सिद्धियोग, सर्वार्थ सिद्धियोग, शशि योग एवं अश्वनी नक्षत्र का अद्भुत महासंयोग बन रहा है। यह 30 साल बाद बन रहा है। यह महासंयोग 19 अप्रैल तक जारी रहेगा। नौ दिनों तक चलने वाली मां की अखंड पूजा व आराधना भक्त पूरे मनोयोग से कर सकते हैं। नौ दिनों तक आराधना के लिए घट स्थापना नौ अप्रैल को सुबह 6.11 मिनट से सुबह 10.23 मिनट तक किया जा सकता है। इसके अलावा अभिजित मुहूर्त 11.57 मिनट से दोपहर 12.48 मिनट तक किया जा सकता है। पंडित राजन मिश्र कहते हैं कि इस बार नवरात्रि पर सुंदर और सिद्धि योग बन रहा है। यह बहुत ही पावन कारी है। पूरी श्रद्धा एवं समर्पण भाव से व्रत रखने व मां की आराधना करने से सिद्धकारी होगा। राजन मिश्र कहते हैं कि नौ अप्रैल को सुबह 7.32 बजे से यह योग शुरू होगा। 17 अप्रैल को महानवमी पर समाप्त होगा। अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग 19 अप्रैल को सुबह 5.06 बजे तक रहेगा। नवरात्रि को लेकर सभी श्रद्धालुओं ने मां की आराधना की तैयारी की है। किसी ने विशेष पूजा की तो किसी ने अन्य तरीके से। जिले भर में स्थापित मां के मंदिरों में रंगरोगन कर सजाया गया है।

नगर के खैरा भवानी, काली भवानी, विंध्यवासिनी माता मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सिद्धिपीठ मां उत्तरी भवानी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। गोंडा सहित आसपास के जिलों व पश्चिम व पूर्वी उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में भक्त पैदल मां के दर्शन को आते हैं। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर अवस्थित होने के नाते यहां भारी भीड़ जुटती है। इसके लिए प्रशासन ने कई जगह बैरिकेडिंग की है। वाहनों के खड़े करने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। मंदिरों में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी मंदिरों की सफाई तथा मंदिर तक आने जाने वाले मार्गों की धुलाई भी की गई है।


पूजा सामग्री की दुकान से खरीदारी करती महिला। अमृत विचार


नवरात्र को लेकर सजी फल की दुकान। अमृत विचार

### बढ़ गए मेवा, मिष्ठान और फलों के दाम

नवरात्रि शुरू होते ही फलों के भाव में तेजी देखी जा रही है। जो फल अभी तक कम दाम पर बिक रहे थे उनमें अचानक 15 से 20 रुपए की बढ़ोतरी देखी जा रही है। कोई फल ऐसा नहीं है इसके दाम विगत दिनों से बढ़ा ना हो। व्रत रहने वालों के लिए महंगाई परेशानी का सबब बनती जा रही है। फलों का दाम बढ़ने से श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं सेब पपीता अंगूर संतरा केला के दामों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

- सेब 120 से 180 रुपए प्रति किलो
- अंगूर 60 से 90 रुपए प्रति किलो
- संतरा 20 से 60 रुपए प्रति किलो
- पपीता 30 से 55 रुपए प्रति किलो
- केला 40 दर्जन से 70 दर्जन
- नारियल 30 पीस से 60 पीस

## आज सूर्य की पहली किरण से अंगड़ाई लेगी प्रकृति, नव संवत्सर आज से

**अंग्रेजी वर्ष से 58 साल पहले शुरू हुआ भारतीय नववर्ष**

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : भारतीय नववर्ष नौ अप्रैल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन से शुरू हो रहा है। विक्रमी संवत 2081 का आगाज सुबह सूर्य की पहली किरण से होगा। भारतीय नववर्ष जिसे हम हिंदू नववर्ष भी कहते हैं, पर एक दूसरे को चंदन, रोली व पुष्प गुच्छ देकर लोगों का स्वागत करेंगे। अंग्रेजी नववर्ष 2024 चल रहा है, जबकि इसके 58 वर्ष पहले ही भारतीय नव वर्ष शुरू हुआ है। 2081 विक्रमी संवत के नाम से जाना जाता है। आज ही के दिन चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ होता है। आज ही के दिन गुड़ी पड़वा मनाया जाता है। मान्यता यह भी है कि आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। 12 माह के भारतीय नववर्ष में सभी ऋतुएं समाई हैं। भारतीय नववर्ष के आधार पर सभी भारतीय परंपराएं प्रचलित हैं।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी भारतीय नववर्ष ही प्रकृति का पहला दिन है। खगोल विदों के माध्यम से राजा विकम्रादित्य ने नव वर्ष का शुभारंभ किया था। इसीलिए इसे विक्रम संवत का नाम दिया गया है। भारतीय नववर्ष में सौरमास, नक्षत्र मास, सावन मास व चंद्र मास का समावेश है। मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क आदि सौरवर्ष के माह हैं। यह 365 दिनों का होता है। जबकि चैत्र, बैशाख, जेष्ठ आदि चंद्र वर्ष के माह हैं। यह 355 दिनों का होता है। सौर मास और चंद्र मास में दस दिनों का अंतर होता है लेकिन दस दिन को भी चंद्र मास ही माना जाता है। ऐसे बढ़े हुए दिनों को सावन में मलमास या अधिमास कहते हैं। तीसरा नक्षत्र मास होता है। जिसमें 27 दिनों के नक्षत्र होते हैं जो चित्रा नक्षत्र से शुरू होता है। सावन वर्ष 360 दिनों का होता है। इसमें एक माह की अवधि 30 दिन की होती है। मान्यता है कि वृहस्पति ग्रह के अनुसार भारतीय नववर्ष या काल का निर्धारण किया गया है। भारतीय नववर्ष मंगलवार यानि नौ अप्रैल से शुरू हो रहा है। किसी भी नववर्ष का शुभारंभ सूर्य की पहली किरण से ही माना जाता है। भारत में नववर्ष का शुभारंभ पर ही प्रकृति की आभा प्रदर्शित होती है। ऋतुएं बदलती हैं। नए कोपलो का सृजन होता है।

## रामापुर-दुबहा के लिए चले बस

**गोंडा, अमृत विचार:** मिश्रौलिया क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण होने से गोंडा से वाया कटरा होकर रोडवेज बस का संचालन बंद हो गया है। इससे दुबहा बाजार, रामापुर बाजार, कटरा बाजार सहित अन्य क्षेत्र के लोगों के लिए आने जाने का साधन नहीं है। दो लेन सड़क होने के बावजूद एक भी रोडवेज बस का संचालन नहीं हो रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों अधिवक्ता, विद्यार्थी, वादकारी व अन्य लोग मुख्यालय आते हैं परंतु साधन न होने से समस्या हो रही है और डग्गामार वाहन इसका लाभ उठा रहे हैं। क्षेत्र के रवींद्र, विपिन लाला सहित अन्य लोगों ने मांग की है कि सुबह सात बजे गोंडा से दुबहा बाजार के लिए बस चलाई जाए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए इकाई के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी की एक अनूठी पहल विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए इकाई गोंडा के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 20 मई को होने वाले मतदान में जनपद के आईएमए इकाई के सदस्यों के द्वारा इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ मतदान में शतप्रतिशत प्रतिभाग किया जायेगा। बताया 30 मार्च से निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत वाकथॉन के साथ वृहद कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईएमए इकाई गोण्डा के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली ने लोगों आगामी 20 मई को जनपद में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शतप्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि इस महापर्व में जनपद के सभी मतदाताओं को भी शतप्रतिशत मतदान करने लिए जागरूक किया जा रहा है। ताकि जनपद में अधिक से अधिक मतदान हो सके। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर डीके राव ने कहा कि हम अपनी पूरी टीम के साथ इस मुहिम को विभिन्न प्रकार से जनपद के समस्त डॉक्टर्स एवं अन्य लोगों तक यह जरूर पहुंचाएंगे।

## ग्राम न्यायालय को लेकर निकला जुलूस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ता सोमवार को भी शांतिपूर्ण धरने पर रहे। अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के सभागार में इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए दीवानी परिसर पहुंचे जहां पर धरना समाप्त हुआ। अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि आगे की रणनीति के लिए मंगलवार को चर्चा का निर्णय लिया जाएगा। शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी ने किया। इस दौरान अधिवक्ता ने जुलूस निकाल कर नारेबाजी करते हुए परिसर में घूमते हुए दीवानी पहुंचे। जहां पर धरने को समाप्त कर दिया गया। यह तय हुआ कि मंगलवार को कार्य योजना बनाकर संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान चंद्रमणि तिवारी, सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री दिनेश नारायण पांडे, अश्वनी कुमार मिश्र, विपिन कुमार शुक्ला, मनोज मौर्य, योगेश पांडे, शेष नारायण मौर्य, हरिओम पांडे, माधव राज मिश्रा, केके पांडेय, सुनील पांडे, अजय तिवारी संदीप तिवारी, धनलाल तिवारी, गौरी शंकर चतुर्वेदी, अश्वनी मिश्र, तपसी राम राम, पाटेश्वरी दत्त, गिरवर चतुर्वेदी, लाल जी पांडे, मनोज मिश्रा, प्रमोद चौबे, अवध बिहारी शरण पांडे, रामफेर प्रजापति, देवेंद्र सिंह, रामगोपाल पाठक, अरविंद शुक्ला, उमापति शुक्ला, दिवाकर श्रीवास्तव रहे।


आंबेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# एएमएफ, ईएमएफ की बैठक में डीएम ने बूथों का लिया फीडबैक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एएमएफ/ईएमएफ की बैठक डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी बूथों पर सभी सामान्य सुविधायें सही कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के अन्दर ठीक कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में जनपद के सभी बूथों की फोटोग्राफ के माध्यम से पूरी गहनता पूर्वक सुविधाओं की जानी हकीकत। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतदान से पहले सभी बूथों पर पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, रैम्प की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, सफाई की व्यवस्था सहित सभी अन्य सारी सामान्य व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। सभी संबंधित अधिकारियों को साफ शब्दों में कड़े निर्देश दिए हैं कि जनपद के सभी बूथों पर सभी सामान्य सुविधाएं सही कराकर उसकी फोटोग्राफ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि जनपद के सभी बूथों पर विशेष रूप से सफाई व्यवस्था होनी चाहिए।


कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

### क्रिटिकल बूथों का सीडीओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवाबगंज, अमृत विचार :** क्रिटिकल और बर्नेबुल पोलिंग स्टेशनों का सीडीओ एम अरून्मौली द्वारा सोमवार के सुबह निरीक्षण किया गया। माझा क्षेत्र के बूथों पर पहुंची सीडीओ ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या के बाबत बीएलओ से जानकारी प्राप्त करते हुए उनके लिए सुगम व्यवस्था बनाने के निर्देश मातहतों को दिए। वर्नेबुल मतदान केंद्र चौखड़िया पर मतदान के दौरान माइक्रो आब्जर्बर नियुक्त किए जाने के साथ ही वीडियोग्राफी कराए जाने के निर्देश दिए। सभी मतदान केंद्रों पर रैम्प को दुरूस्त किए जाने के साथ ही शौचालय में पानी की व्यवस्था किए जाने के साथ साफ-सफाई के निर्देश दिए। कैसरगंज लोकसभा के तरबगंज विधानसभा में स्थित चौखड़िया, तुलसीपुर माझा, गोकुला, साकीपुर, रघुनाथपुर और विश्नोहरपुर गांव के मतदेय स्थलों का दौरा किया। ये सभी पोलिंग स्टेशन क्रिटिकल अथवा बर्नेबुल की श्रेणी में हैं।


मैराथन में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### मिनी मैराथन के जरिए मतदान के प्रति किया जागरूक

**धानेपुर, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सोमवार को कस्बा धानेपुर में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया और स्लोगन के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मुजेहना ब्लॉक मुख्यालय से शुरू हुआ मिनी मैराथन पुराना बस स्टॉप तक हुआ और वहां से वापस आकर ब्लॉक मुख्यालय पर समाप्त हो गया। एआरओ मेहनौन सुशील कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें शामिल परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे विभिन्न स्लोगनों से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा इस मिनी मैराथन का शुभारंभ से लेकर समापन तक एआरओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी डटे रहे। ब्लॉक पर शिक्षक नेता कुलदीप पाठक ने मतदान करने का संकल्प दिलाया।

## सार-संक्षेप

### नाबालिग से छेड़छाड़ में युवक पर मुकदमा दर्ज

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़िता के पिता के अनुसार गांव के ही अल्लारक्खा पुत्र जाकिर हुसैन लड़की का मुंह दबाकर बदतमीजी करने की कोशिश की। शोर सुनकर जब उसकी मां आई तो आरोपी ने धक्का देकर गाली देते हुए भाग गया।

### निर्माण कार्य को लेकर मारपीट में आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** निर्माण कार्य को लेकर मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के चैपुरवा का निवासी राघव राम व राम भवन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

### आग लगने से छप्पर के चार घर जले

**इटियाथोक, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से लगी आग से चार लोगों के छप्पर जल गए। ग्राम कुरसहा के मालिक राम गौतम ने बताया कि सोमवार को छप्पर में आग लग गई। आग से ननकू, भगवानदीन व ईश्वरदीन के छप्पर जल गए।

### मारपीट में दो महिलाओं समेत पांच घायल

**परसपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट मामले में दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गये। पुलिस ने दस लोगों पर केस दर्ज किया है। भट पुरवा निवासी रामबचन मिश्रा ने बताया कि विवाद को लेकर उनके भाई कमला शरन भतीजा धनराज व सूरज गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे। शोर करने पर पत्नी नीलम व अजय मिश्रा बचाने आये तो उनको भी मारने पीटने लगे। दूसरी घटना मरजाद पुरवा चरहुवां निवासी करिया ने बताया कि उनके गांव निवासी चन्टू कश्यप तथा दो अज्ञात व्यक्ति पचई पुरवा चौराहे पर जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज देते हुए मुक्का थप्पड़ लाठी से मारने लगे। शोर करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए तथा मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त कर दिये है। तीसरी घटना पंडित पुरवा मरचौर निवासी रामा वती ने बताया कि उनके गांव निवासी शिव कुमार, पुष्पा, वेद प्रकाश तथा नितीश कुमार उनके घर चढ़कर आए और अनायास गाली गलौज देते हुए मुक्का थप्पड़ लाठी से मारने लगे।

### सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी पर मुकदमा दर्ज

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** एमसीएमसी समिति के द्वारा फेसबुक पर एक जाति विशेष को लेकर की गई टिप्पणी पर सख्त कार्यवाही की गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर सोमवार को प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी द्वारा नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को पत्र भेजकर महेंद्र सिंह राणा नाम के एक फ़ेसबुक यूजर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में के दर्ज कर कार्यवाही को गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आदर्श आचार संहिता का सोशल मीडिया व अन्य किसी भी स्तर पर उल्लंघन कतई नहीं करने दिया जायेगा।

### सोशल मीडिया पर लहराया तमंचा, गिरफ्तार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सेमरा शेखपुर गांव के युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया पर उक्त युवक का बीते दिनों तमंचा लहराते हुए पोस्ट वायरल हुआ था। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया की पूर्व में भी आरोपी जोगेन्दर चौहान उर्फ जितेंद्र उर्फ चौकी पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी सेमरा शेखपुर के खिलाफ चार आपराधिक मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार युवक को सोमवार को रिमांड के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### नहर पुलिया का एप्रोच बनाए जाने से ग्रामीणों में हर्ष

**परसपुर, अमृत विचार :** वर्षों से पड़ी नहर के पुलिया के एप्रोच का निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों खुशी का माहौल है। परसपुर-बालपुर मार्ग के त्योरासी से डेहरास-गोंडा मार्ग को जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर लोहंगपुर में नहर पर बनी पुलिया वर्षों पहले टूट गयी थी। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के काफी प्रयास के लगभग 5 वर्ष बाद लोक निर्माण विभाग खंड 2 ने पुल का निर्माण शुरू किया। पुल निर्माण के डेढ़ साल तक पुल का एप्रोच नहीं बनाये जाने से लोगों को आने जाने में कठिनाई होती थी। मार्ग बाधित था। अब पुल के एप्रोच का निर्माण शुरू होने से लोगों मे खुशी का माहौल है।

### चारागाह की भूमि पर लगा पेड़ काटा, केस

**इटियाथोक, अमृत विचार :** चारागाह की भूमि से पेड़ काट कर चोरी के आरोप में एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। राजस्व निरीक्षक राम प्रकाश पांडेय ने बताया कि ग्राम बस्ती में गाटा संख्या 203 की भूमि चारागाह के खाते में दर्ज है। उक्त गाटा संख्या में लगे हुए सागौन के एक पेड़ को गांव के ही दूधनाथ वर्मा काटकर उठा ले गए। पुलिस ने चारागाह की भूमि से पेड़ काट कर चोरी करने व वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत दूधनाथ वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### साफ-सफाई न होने से व्यापारियों में आक्रोश

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** उतरौला रोड स्थित सब्जी एवं फल मंडी परिसर मे गंदगी है। सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नहीं है। परिसर के अंदर जाने वाली सड़के के किनारे कचरा का ढेर लगा हुआ है जिसमें मवेशी चारा ढूंढते हैं। व्यापारियों ने कई बार साफ सफाई को लेकर मंडी प्रशासन से गुहार भी लगाई, लेकिन हर बार आश्वासन ही अधिकारियों ने दिया। जिससे व्यापारियों में आक्रोश है, उनका कहना है कि हम लोग साफ सफाई के लिए कई बार अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन हर बार निराशा हाथ लगी है।

## काटे गए स्कूल में लगे हरे पेड़, शिकायत की

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** विकासखंड करनैलगंज के पांडेचौरा प्राथमिक विद्यालय में चार हरे पेड़ चोरी से काटकर बेंच दिए जाने का आरोप लगाते हुए प्रधानाध्यापक की शिकायत एसडीएम समेत अन्य उच्च अधिकारियों से की गई है।

पांडे चौरा पहली पुरवा निवासी राजेश सिंह का आरोप है कि तीन अप्रैल को दिन में 11 बजे अवैध तरीके हरे सागौन के पेड़ को कटवाकर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने बेच दिया, जबकि पेड़ सरकारी भूमि प्राथमिक विद्यालय में लगा था। इसकी शिकायत वनाधिकारी व उपजिलाधिकारी से की गई। जिसपर उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने जांच राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को सौंपते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार का कहना है कि अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए पतले सागौन के पेड़ काटे गए थे जो अधिकारियों के संज्ञान में था। लेखपाल सर्वेश कुमार तिवारी का कहना है कि जांच की गई तीन हरे पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई है। वन दरोगा अशोक पाण्डेय का कहना है कि जांच की गई है रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## लखनऊ तक पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** गोंडा से लखनऊ व लखनऊ से गोंडा के बीच प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, लेकिन समय पर ट्रेन न होने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। खास कर व्यापारियों की जो प्रतिदिन लखनऊ से अपने व्यापार के लिए सामानों की खरीद करते हैं। कोविड के दौरान रेल प्रशासन ने गोंडा से लखनऊ व गोंडा से सीतापुर के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को बंद कर दी थी। लगातार मांग होती रही पर उनकी सुनवाई नहीं हो पा रही है। व्यापारियों, छात्रों व अधिवक्ताओं ने मांग किया है कि गोंडा से लखनऊ तक डेमो या मेमू चलाने की मांग की है।

# 54 गांव ओडीएफ प्लस घोषित पर खुले में ग्रामीण करते शौच

**इटियाथोक, अमृत विचार:** कागजों में ग्राम पंचायत को ओडीएफ व ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया गया, लेकिन आज भी ग्रामीण खुले में शौच कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार करने के लिए 2 अक्टूबर 2014 को केंद्र सरकार ने संकल्प लिया था कि इस योजना के अंतर्गत 2019 तक सभी गांव को खुले में शौच से मुक्त कर दिया जाएगा। लक्ष्य के अनुसार इटियाथोक विकासखंड में 85 ग्राम पंचायतों में 54 ग्राम पंचायत को अब तक ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है। सभी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। उसके बावजूद लोग खुले में शौच कर रहे हैं। सरकार के स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12000 की प्रोत्साहन राशि देकर खुले में शौच से मुक्ति का बीड़ा उठाया गया, लेकिन अधिकारियों कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों की उदासीनता के कारण अभी तक ग्रामों में शौचालय अधूरे हैं और लोग खुले में शौच करते आज भी देखे जा रहे हैं। सरकार के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय केंद्रों का निर्माण कराया गया, जिससे लोग खुले में शौच न करें और प्रत्येक ग्राम पंचायत शौच से मुक्त हो सकें। लेकिन ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय केंद्रों में अधिकतर शौचालय पर ताले लटके रहते हैं जिसके कारण ग्रामीण खुले में शौच करने के लिए विवश हो रहे हैं। इस बारे में कई बार अधिकारियों से शिकायते की गई, लेकिन शिकायतें दूर नहीं हुई और सामुदायिक शौचालय केंद्रों के ताले नहीं खुले। इस बारे में सामुदायिक शौचालय केंद्रों पर कार्यरत समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि सामुदायिक शौचालय केंद्र खोलने के उपरांत ग्रामीण उसमें काफी गंदगी कर देते हैं।

# सिलेंडर फटने से पांच घरों में लगी आग, गृहस्थी हुई राख

**मनकापुर, अमृत विचार:** फूस के घर में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से घर में रखा गैस सिलेंडर में धमाका हो गया, जिससे पांच घरों को अपने आगोश में ले लिया। अचानक लगी आग से गांव में अफरा तफरी मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही कुछ समय में फायर बिग्रेड आ गयी। काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया।

बताते चलें कि दोपहर बाद समय करीब तीन बजे साधु शरन के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। घर में दो भरे रसोई गैस सिलेंडर में आग लगने से तेज धमाका हुआ। गैस सिलेंडर दगने से अगल बगल के घरों में भी आग फैल गयी। इससे पांच घर जल कर खाक हो गये। वहीं आग बुझाते समय गांव के मुन्ना चौहान पुत्र घिर्रे का पैर जख्मी हो गया। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी इलाज के लिए भेजा गया है। डॉक्टर एसके सिंह ने बताया इलाज के बाद घर भेज दिया गया है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय चौहान ने बताया कि साधु शरन, छट्ठीराम, श्रीमती, रमेश, सतीश चौहान के फूस के घर धूं धूं कर जल गये। इस अग्निकांड में सबके घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। बर्तन, अनाज, कपडे, इलेक्ट्रॉनिक सामान में प्रेस, दो पंखे आदि सामान भी जल गये। घटना की सूचना पर मौके पर तहसीलदार राजस्व, राजस्व निरीक्षक शेष प्रताप सिंह, लेखपाल अंकित श्रीवास्तव, कोतवाली मनकापुर पुलिस पहुंच गयी।


आग बुझाते लोग। अमृत विचार

### आग लगने से चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**परसपुर, अमृत विचार :** ग्राम राजा टोला के दक्षिण जबदा में सोमवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। बचाव को दौड़े ग्रामीण जब तक प्रयास करते, तब तक चार बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। अग्निकांड में परसपुर नगर के राजा टोला के रहने वाले देवेंद्र सिंह काका का तकरीबन तीन बीघा तथा परसपुर ग्रामीण में बलदेव पंडित के रहने उमाशंकर तिवारी का एक बीघा गेंहू की फसल अज्ञात कारणों से लगी आग में जलकर राख हो गया। ग्राम प्रधान विनोद पाण्डेय ने इसकी सूचना हल्का लेखपाल सरस सिंह को दी। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने अग्निकांड में गेंहू फसल क्षति का आकलन किया। उन्होंने बताया कि दोनों अग्नि पीड़ितों का 25 हजार का नुकसान हुआ है।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल का जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, हिंदू एडवोकेट फोरम के नेतृत्व में जिला प्रशिक्षण वर्ग गोंडा के गायत्री शक्ति पीठ सिविल लाइन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग दो सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ईश्वरी ने और द्वितीय सत्र को प्रांत के संगठन मंत्री ने संबोधित किया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए ईश्वरी ने कहा कि प्रत्येक जिला पदाधिकारी को प्रवास करना है। प्रत्येक जिला पदाधिकारी को एक प्रखंड का पालक बन वहां की कार्यकारिणी का गठन कराना, जिला पदाधिकारी को 5 हनुमान चालीसा केंद्र और प्रखंड अध्यक्ष को 2 चालीसा केंद्र चलाना है या चलवाना है। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री वेद सचान ने कहा कि आज हिंदू सुरक्षित नहीं है, इनकी अभेद दीवार अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद बनेगा लेकिन कब, जब पदाधिकारी चालीसा केंद्र चलाएंगे और नियमित प्रवास करेंगे। हिंदू हेल्प लाइन जिलाध्यक्ष सभी से मिलकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर रक्त दान शिविर लगाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर वरुण तिवारी, प्रेम चंद्र श्रीवास्तव, राम तेज मिश्र, मुकेश तिवारी, सूरज देवराज, ज्ञान मिश्र, हरीश गुप्ता, संतोष उपाध्याय, राकेश कुमार भारती, प्रेम नाथ तिवारी रहे।

# प्रसूतिका अवकाश में लगे कर्मियों की भी लगी ड्यूटी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोस चुनाव में कई बीमार और प्रसूतिका महिला कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिनका लोकसभा चुनाव में प्रशिक्षण भी सोमवार से शुरू हो गया है। इसको लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में डीएम के न मिलने पर सभी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा की अगुवाई में सोमवार को शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के ऐसे शिक्षामित्र, शिक्षक और



सीडीओ को ज्ञापन देते पदाधिकारी। अमृत विचार

अनुदेशक हैं। जिनके पति और पत्नी दोनों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिलाध्यक्ष ने सीडीओ राम्या आर को अवगत कराते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जिला प्रशासन की ओर से शिक्षक, शिक्षिकाओ, शिक्षामित्र, अनुदेशकों तथा अन्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है, जनपद में ऐसे शिक्षक/शिक्षिकाएं/शिक्षामित्र/अनुदेशक/कर्मचारी दंपति सरकारी सेवा में है, एवं जहां एक ही चरण या तिथि में निर्वाचन है दोनों की ड्यूटी लग गई है उनमें से एक कर्मी को को छोटे बच्चों, बुजुर्ग मातापिता की देखभाल के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देश के क्रम में प्रार्थना पत्र प्राप्त करते हुए ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। इसके अलावा जिन विकलांग/गंभीर रूप से बीमार कर्मचारी, एकल अभिभावक गर्भवती, महिला कार्मिक, जिनके पाल्य एक साल से कम हैं, की ड्यूटी मतदान कार्मिक के रूप में लगी है उन कार्मिकों से प्रार्थना पत्र के आधार पर उचित साक्ष्य प्राप्त करके ड्यूटी से मुक्त किया जाए। जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने पोलिंग बूथ पर रात्रि निवास से महिला कर्मियों को यथासंभव छूट प्रदान करने की कृपा करें। वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहाकि प्राप्त हुए सभी प्रार्थना पत्रों का परीक्षण कराकर वास्तविक रूप से समस्याग्रस्त कार्मिक को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# चुनाव को लेकर वाहनों का अधिग्रहण शुरू

▶▶ **पहले चरण में 111 वाहनों का हुआ अधिग्रहण**

बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों का अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है सोमवार को पहले चरण में 111 वाहनों का अधिग्रहण आरटीओ कार्यालय की ओर से किया गया। इन वाहनों से सेक्टर मजिस्ट्रेट क्षेत्र में जाकर जांच रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे।

जिले में बहराइच सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है। इसके लिए वाहनों का अधिग्रहण कार्य शुरू कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों का अधिग्रहण कार्य के पहले दिन सोमवार को



कलेक्ट्रेट में वाहनों का अधिग्रहण करते आरटीओ और एआरटीओ।

111 वाहनों का अधिग्रहण किया गया। 111 वाहनों से 111 सेक्टर मजिस्ट्रेट क्षेत्र में मौके पर जाकर जांच करेंगे और व्यवस्थाओं की रिपोर्ट सौंपेंगे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार और संभागीय अधिकारी प्रवर्तन ओपी सिंह की मौजूदगी में वाहनों का अधिग्रहण कार्य किया गया। उधर कम ईंधन दिए जाने को लेकर वाहन चालकों में आक्रोश देखने को मिला। उनका कहना है कि उन्हें खपत से कम ईंधन दिया जा रहा है। वाहन चालक कुद्दुस ने बताया कि दूरी के हिसाब से कम डीजल दिया जा रहा है।

## आगजनी व मारपीट के मामले में केस दर्ज

**बहराइच,अमृत विचार :** विशेश्वरगंज इलाके के गुजरा चंदामऊ में एक घर मे घुस दीवार तोड़कर मड़हा ढहाकर आगजनी व मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में पीड़िता ने तीन को नामजद कराया है। विशेश्वरगंज थाने के गुजरा चंदा मऊ निवासी राजकुमार की मुड़फोड़वा निवासी लल्लन से पुरानी रंजिश चली आ रही है। 28 मार्च को दोपहर मे हमलावरों ने घर में घुसकर दीवार तोड़कर मड़हा क्षतिग्रस्त कर आग लगा दी। यही नही हमलावरों ने फरार होते समय विट्ठू व राजकुमार के साथ मारपीट भी की। गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी देते हुए हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में राजकुमार की पत्नी विट्ठू की तहरीर पर लल्लन, मन्नू व शुभम को नामजद कर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ व आगजनी की धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले की तहकीकात उपनिरीक्षक राम शंकर यादव को सौंपी गई है।

# हादसों में पालीटेक्निक छात्र समेत दो की मौत, दूसरा घायल

## छात्रों को मारने के बाद मकान में घुसा वाहन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** लेंगड़ी गूलर स्थित पालीटेक्निक के दो छात्रों को रविवार रात तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों छात्र घायल हो गए। घायलों को आनन फानन में एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण कर एक छात्र को मृत घोषित कर दिया। उधर कोतवाली देहात क्षेत्र में स्कूटी सवार को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। उसकी भी मौत हो गई।

श्रावस्ती जिले के गिलौला थाने के लेंगड़ी गूलर में पालीटेक्निक में पढ़ाई कर रहे संत कबीर नगर जिले के बखिरा थाने के सिरकर बढ़ैया निवासी 19 वर्षीय आयुष पांडेय पुत्र शिव शंकर व उसका दूसरा साथी अनीस गुप्ता पुत्र राकेश किराए के मकान के सामने खड़े थे। इसी दौरान तेज



मेडिकल कॉलेज में छात्र की मौत के बाद पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

रफ्तार स्कार्पियो ने दोनो को टक्कर मार दी जिसके चलते दोनों घायल हो गए। आनन फानन में घायलो को एंबुलेंस से शहर स्थित मेडिकल कॉलेज लाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद आशीष को मृत घोषित कर दिया। घायल का इलाज चल रहा है। उधर देहात कोतवाली के बहराइच बलरामपुर हाईवे के डीहा के पास रविवार रात 9:15 बजे तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी मे टक्कर मार दी। जिसके चलते स्कूटी सवार श्रावस्ती जिले के गिलौला थाने के औरय्या निदान निवासी अरविन्द कुमार पुत्र मिश्री लाल की मौत हो गई। मृतक भाजपा के विधान परिषद सदस्य पदम सेन चौधरी के एक दुकान पर काम करता था। काम करने के बाद वापस घर जाते समय वह हादसे का शिकार हो गया।

# सांसद बृज भूषण शरण का क्षेत्र वासियों ने किया स्वागत



सांसद का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

हुजूरपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के कैसरगंज क्षेत्र का लगातार तीसरी बार प्रतिनिधि कर रहे सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही चौथी बार कैसरगंज से लोकसभा पहुंचने के लिये अपने संसदीय क्षेत्र में जनसम्पर्क तेज कर दिया है।

कैसरगंज सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत सोमवार को संसदीय क्षेत्र के हुजूरपुर पहुंच कर मतदाताओं से भेंट की। उनके साथ विधायक सुभाष त्रिपाठी,ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह के अलावा युवा भाजपा नेता निशंक त्रिपाठी भी मौजूद रहे। हुजूरपुर पहुंचने पर सांसद का लोगों ने गर्म जोशी के साथ फूल मालाओं से स्वागत करते उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया। क्षेत्रवासियों का लगाव देख सांसद ने कहा कि मुझ पर विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने सम्पर्क के दौरान प्रधान अखिलेश पाण्डेय,संसार मणि शुक्ला, के आवास पर प्रभुदजनो से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सुनील तिवारी,आनन्द शुक्ला,अरविन्द मिश्रा,नकछेद पासवान,अंकित सिंह,रिन्कू सिंह,विक्रम सिंह और पिन्टू सिंह उपस्थित रहे।

## भिनगा में डंपर ने किशोर को रौंदा, मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** भिनगा कोतवाली के नगर स्थित ईदगाह तिराहे के पास एक डंपर ट्रक पांच वर्षीय किशोर को कूचलकर मार डाला । किशोर की मौत के बाद चालक मौके पर ही वाहन को छोड़कर फरार हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और वाहन को कोतवाली भिनगा ले आई । घोलियाकला निवासी फिरोज खान पुत्र हसन अली अपने पिता और अपनी मां केबुल निशा के साथ भिनगा बाजार आया था । फिरोज खान के माता-पिता मार्केट में सामान लेने गए थे और फिरोज खान ईदगाह तिराहे पर ही पटरी के पास बैठा था तभी एक डंपर वाहन तेज रफ्तार में हारन बजाते हुए निकला जिससे फिरोज हड़बड़ा गया और ट्रक के नीचे आ गया तेज रफ्तार डंपर फिरोज को कुचलते हुए आगे बढ़ता चला गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और वाहन को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई ।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई प्राण प्रतिष्ठा पूजा



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार :** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नं.17 मोहल्ला सरस्वती नगर के झुड़िया इलाके में प्राचीन पूजा स्थल पर नव निर्मित शिव मंदिर,रामेश्वरम महादेव मंदिर में शिव परिवार के विग्रह स्थापना के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा की पूजा प्रारंभ हुई।

नगर की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा शुरू की गई। जिसमें नगर के सिद्ध क्षेत्र मरी माता मंदिर स्थित सरयू घाट से कलश में जल भरकर पैदल भ्रमण कर मंदिर स्थल पर लाकर जलाभिषेक किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि प्राण प्रतिष्ठा की पूजा संपन्न होने के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन दिनांक 10 अप्रैल को किया जाएगा। मुख्य पदाधिकारी राजीव सिंह(सभासद), नवल कुमार मिश्र, राज नारायण मिश्रा, बबलू शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, देवमणि पांडे, निर्मल सिंह,बच्चन सिंह,महेश मिश्रा आकाश शुक्ला व बाल सहायकों में प्रांजल,दीप,हर्षित, दीप्तिमान आदि पूर्ण भक्ति भाव से मंदिर के समस्त कार्यक्रमों में संलग्न है। इसी संबंध में स्थानीय वृद्ध महिला मिथिलेश कुमारी पांडे बताती हैं कि उनकी अखियां तरस गई है, प्रभु की राह देखते देखते और आज प्रभु का आगमन हो रहा है। हम सबके भाग्य जग गए।

## चैलाही स्वास्थ्य उपकेंद्र में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** स्वास्थ्य उपकेंद्र चैलाही मे नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन की सहयोगी संस्था की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस मौके पर गांधी फेलो शशि कुमार ने बताया कि किसी भी स्थान या किसी भी परिवार का विकास तभी संभव है पूरा परिवार स्वस्थ होगा। इसके लिए महिलाओं को समय पर उचित भोजन, मद्यपान एवं तम्बाकू से छुटकारा, नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। साथ ही नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इसके साथ ही प्रसव के बाद भी बच्चों को समय से टीके लग जाने चाहिए, जिनसे की बच्चे अवांछित रोगों से बच सके तथा उनमें रोग प्रतिरोधक छमता का विकास हो सके। एएनएम मिनीसाद ने कहा कि नियमित टीकाकारन के अवांछित रोग से बचाव संभव है। कार्यक्रम में आशा बहु, शायमलाली एवं अकालपुरी सहित गांव की गर्भवती एवं धात्री महिला मौजूद रहीं।



विश्व स्वास्थ्य दिवस जानकारी देते एएनएम।

# संचारी रोग को लेकर हुई बैठक

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य इकौना के सभागार में संचारी रोग से संबंधित जन जागरण अभियान की एक बैठक सोमवार को आयोजित की गई । बैठक को संबोधित करते हुए अधीक्षक डॉक्टर अंकित अग्रवाल ने कहा कि संचारी रोग का दस्तक अभियान 10 अप्रेल से 30 अप्रैल तक चलाया जा रहा है । इस अभियान में दिमागी बुखार को नियंत्रण हेतू स्वच्छता जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है । उन्होंने बताया कि इस दौरान इसमें आशा व आंगनबाड़ी घर-घर जाकर मच्छरों से बचाव के लिए जागरुक करेंगी । सड़क किनारे झाड़ियां व नालियों



संचारी रोग से संबंधित जन जागरण अभियान की बैठक में मौजूद अधिकारी।

में पानी इकट्ठा न हो । जिससे मच्छर पनपने न पाए । इस अवसर पर स्वा. शिक्षा अधिकारी अब्दुल हन्नान,बीसीपीएम मोहम्मद वसीम, बरि.लिपिक जे पी गौतम, दिवाकर शुक्ला ,आशा उमा देवी मिश्रा, शिवकुमार ,लच्चा देवी, कांति सिंह, विमला देवी, मीरा देवी, सुमन लता सहित आंगनवाड़ी आशा काफी संख्या में मौजूद रही ।

# एपीसी ने स्पिनिंग मिल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के कृषि उत्पादन आयुक्त और अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को स्पिनिंग मिल, रिलायंस इण्डस्ट्रीज, पॉली फाइबर लिमिटेड, पारा खन्दौली तथा जेआर आर्गेनिक इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के स्थल का भ्रमण किया। स्पिंनिग मिल जहांगीराबाद रोड की वास्तविक स्थिति के सम्बन्ध में यूपीसीडा के अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया।

उन्होंने रिलायंस इण्डस्ट्रीज के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने रिलायंस इण्डस्ट्रीज के लंबित प्रकरणों पर चर्चा की। इसके



जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करते एपीसी मनोज कुमार सिंह।

बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ जेआर आर्गेनिक इण्डस्ट्रीज स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधिक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, उपजिलाधिकारी सदर विजय त्रिवेदी, उपायुक्त उद्योग आशुतोष आदि थे।

## आग लगने से करीब 20 बीघा जंगल जला

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिनगा जंगल में सोमवार को आग लग गई। आग लगने से करीब 20 बीघे से अधिक जंगल जल गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। भिनगा के ग्राम टंडवा बनकटवा से सटे जंगल में सोमवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की, देखते ही देखते जंगल के एक बड़े हिस्से को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने जंगल से धुंआ उठते देखा तो वनकर्मियों के सूचना दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से आग को रोकने के लिए झाड़ियों को काटना शुरू किया। जंगल की झाड़ियों के साथ ही छोटे छोटे पौधे भी जल गए। डीएफओ धर्मेंद्र नाथ सिह से जब इस विषय में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि वनकर्मी आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं। हालांकि आग से कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है।

## अनियंत्रित वाहन घर में घुसा, युवक की मौत

श्रावस्ती, **अमृत विचार:** गिलौला थाना क्षेत्र के लेंगड़ीगूलर चौराहे के पास रविवार की रात में एक चारपहिया वाहन अनियंत्रित होकर घर मे घुस गया। जिससे घर में बैठे युवक की मौत हो गई। बता दें कि रविवार की रात आई टी आई का छात्र जनपद संतकबीरनगर निवासी आयूष घर मे बैठ कर पढ़ाई कर रहा था। तभी एक स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित हो कर घर की दीवार से टकरा गई। जिससे दीवार गिर गई और युवक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी गिलौला में भर्ती कराया जहां पर उसकी मौत हो गई। बहराईच में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## सीएमएस की धमकी से क्षुब्ध डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सीएमएस द्वारा काम के प्रति लापरवाही बरतने वाले डाक्टरों का वेतन रोकने की धमकी दिए जाने से नाराज चिकित्सकों ने घंटों कार्य बहिष्कार किया। सीएमएस से वार्ता के बाद पुनः कार्य शुरू हुआ।

सोमवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में अस्पताल निरीक्षण के दौरान सीएमएस. डॉ नीलम गुप्ता को इमरजेंसी में कोई डॉक्टर नहीं मिला। उन्होंने ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि इमरजेंसी में सीएचसी में तैनात महिला डाक्टर की ड्यूटी थी जो नहीं आयी हैं। इसके बाद सीएमएस ने सौ बेड के अस्पताल में तैनात एक महिला डाक्टर से इमरजेंसी ड्यूटीटी करने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया। इससे नाराज सीएमएस ने वेतन काटने की धमकी दी। इससे नाराज़ डाक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर छोड़ दिया। काफी देर बाद डाक्टरों की सीएमएस से वार्ता हुई। इसके बाद मामला शांत हुआ। तब जाकर मरीजों को देखने का सिलसिला शुरू हुआ।

# तीसरे दिन भी चिर्रा में पसरा रहा मातम

**सरयू हादसा**

● **नदी में डूबे चौथे बालक का सोमवार को मिला शव**

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बीते शनिवार को थाना टिकैतनगर के चिर्रा गांव में चार बच्चों और एक युवक के डूबने की घटना के तीसरे दिन भी सन्नाटा पसरा रहा। दो दिन से नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही टीम ने सोमवार को सुबह लापता बालक अहमद रजा पुत्र मोहम्मद शकील की तलाश शुरू की। घटना स्थल के कुछ दूर पर अहमद रजा का शव सरयू से उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

**ईद से पहले खुशियों में लगा ग्रहण :** शनिवार को हुए इस दर्दनाक हादसे के बाद चिर्रा गांव में मातम का माहौल छा गया। डूबे बच्चो में शाफ अहद पुत्र महमूद आलम, अनफासुल रजा उर्फ हमजा पुत्र शकील का शव शनिवार को बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद शव रविवार को गांव पहुंचा। रविवार को मिले नूर आलम के शव को पोस्टमार्टम के बाद उसी दिन देर रात सुपुर्दे खाक किया गया। वहीं सोमवार की सुबह मिले अहमद रजा का शव दोपहर बाद गांव पहुंचा तो एक बार फिर गांव में चीख-पुकार गूंज उठी।



सोमवार को सर्च ऑपर्शन के समय नदी किनारे इकट्ठा ग्रामीण। अमृत विचार

# बाइक रैली निकालकर मतदान को किया जागरूक

## मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित किये गए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सोमवार को जिले भर में कई कार्यक्रम हुए। इसी कड़ी में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत चयनित पैराडाइज कम्प्यूटर एजूकेशन, आवास विकास कॉलोनी द्वारा प्रशिक्षणरत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया गया कि वह अधिक से अधिक मतदान करें और इसके लिए सभी को शपथ दिलाई गई।

वहीं ब्लॉक सिद्धौर में मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। जिसे ब्लॉक से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। बाइक रैली असंद्रा, नई सड़क,



रैली को हरी झंडी दिखातीं बीडीओ सिद्धौर। अमृत विचार

मीरापुर, कोठी, बिबियापुर थाना, बीबीपुर, उस्मानपुर से होते हहुए ब्लॉक पर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यकम में सफाई कर्मी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक और समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया।




मतदान की शपथ लेते प्रशिक्षणार्थी।

## दीप जलाकर मतदान का लिया संकल्प



नागेश्वर नाथ मंदिर के तालाब परिसर में दीप जलाते सीडीओ व अन्य अधिकारी।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** नागेश्वर नाथ मंदिर तालाब परिसर में सीडीओ अ. सुदन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनेहा बर्नवाल, डिप्टी कलेक्टर श्वेता मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने दीप जलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। जन समूह ने भी दीप जलाकर मतदान का संकल्प लिया।

## मतदाता जागरूकता को लेकर हुई गोष्ठी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय दतौली चंदा में आयोजित गोष्ठी में हिस्सा लिया और बड़ी संख्या में मौजूद मतदाताओं से आगामी 20 मई को निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।



**29वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.13 बजे
इफ्तार : 06.37 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# ड्यूटी कटवाने के लिए भटकते रहे बीमार कर्मचारी

बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दो पालियों में प्रथम पाली में कोड संख्या 01 से 1250 तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 1250 से 2500 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने प्रशिक्षण स्थल के उन सभी कक्षों का विधिवत् निरीक्षण किया जहां पर कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



प्रशिक्षण के दौरान ड्यूटी कटवाने के लिए सीडीओ को पत्र देती शिक्षिका।

मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने मतदान कार्मिकों को इस बात के निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ई.वी.एम. मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अलावा एसएमएस और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। रम्या आर ने मतदान कार्मिकों का आह्वान किया कि पूरे मनोयोग के साथ ईवीएम संचालन तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि पोलिंग डे पर आपको को किसी प्रकार असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, ईओ नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, डॉ. सीके वर्मा सहित अन्य अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स तथा काफी संख्या में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम मौजूद रहे।

### चुनावी ड्यूटी न करने के लिए कटवा रहे नाम

लोकसभा चुनाव के लिए कई बीमार और अन्य समस्याओं से ग्रसित लोगों की ड्यूटी लगाई है। दरगाह निवासी महिला शिक्षिका कई बीमारी से ग्रस्त होकर घर पर ही रहती है। उनके पति ड्यूटी कटवाने के लिए पहुंचे। वहीं एक शिक्षक का बायां पैर टूटा हुआ है। जिसके चलते ड्यूटी न काटते हुए नजदीक में ड्यूटी करने की सलाह दी गई। जिस पर उसने मेडिकल ले लिया। इसी तरह एक महिला दो लोगों के सहारे ड्यूटी कटवाने के लिए आई, लेकिन उसे भी निराशा हाथ लगी।

# आईपीएल चीनी मिल ने रिकार्ड गन्ने की पेराई की

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के जरवल रोड में स्थित आईपीएल चीनी मिल के पेराई सत्र का समापन हो गया है। इस बार मिल ने रिकार्ड गन्ने की पेराई की है। आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड का पराई सत्र समापन सोमवार सुबह 7.25 बजे लंबे सायरन बजाकर किया गया। आईपीएल चीनी मिल के महा प्रबंधक टीएस राणा ने बताया कि वर्ष 2010 में आईपीएल चीनी मिल का पेराई सत्र की शुरुआत हुई थी। वर्ष 2023 24 के सत्र में आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड ने सर्वाधिक रिकार्ड में गन्ने की पेराई की है। चीनी मिल प्रबंधक टीएस राणा ने बताया कि इस सत्र में 30 लाख 52000 कुंतल गन्ने का पेराई किया गया है जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। तीन लाख तीस हजार कुंतल से अधिक चीनी का उत्पादन हो चुका है। अभी चीनी मिल बंद होने के बाद भी राब काफी बचा है। उसका भी चीनी बनना है।



मिल महा प्रबंधक टीएस राणा।

## एक नजर

### आज बाधित रहेगी बिजली की सप्लाई

**मोतीपुर, बहराइच :** एसडीओ विद्युत ने बताया कि मंगलवार को मोतीपुर उपकेन्द्र पर वीसीबी पैनल बदले जाने एवं अन्य आवश्यक परीक्षण कार्य के दृष्टिगत उपकेन्द्र से पोषित समस्त क्षेत्र की आपूर्ति सुबह नौ बजे से अपरान्ह पांच बजे तक बाधित रहेगी। ऐसे में उपभोक्ता आवश्यक वैकल्पिक उपाय स्वयं समय से कर लें।

### धड़ल्ले से हो रही प्रतिबंधित मछली की बिक्री

**मिहींपुरवा, बहराइच :** तहसील के अलग-अलग बाजारों में प्रतिबंधित मांगुर मछली की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। जबकि वर्ष 2000 में इस मछली की बिक्री पर बैन लगा दिया गया था। लेकिन मिहींपुरवा में संचालित बाजार परवानी गौड़ी, उर्रा, रायबोझा, लौकाही, मटेही आदि जगहों पर इसकी बिक्री की जा रही है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### वारंटी को पकड़ा

**बहराइच :** फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटेहिया निवासी रमेश पुत्र कामता में विरुद्ध कोर्ट ने वारंट जारी किया है प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम ने वारंटी को उसके घर से पकड़ा। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है

### इंजन के पट्टे में फंसकर महिला घायल

**बहराइच :** रामगांव थाने के जब्दी गांव में शनिवार दोपहर खेत में लगे इंजन से खेत में पानी लगाया जा रहा था। इसी दौरान पट्टे में 17 वर्षीय आरती पुत्री कृपा राम का कपड़ा फंसने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को आनन फानन में शहर स्थित मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया गया है।

### किशोरी से छेड़छाड़ मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच :** एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में नगर कोतवाली पुलिस ने घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ मामले मे फरार आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने पयागपुर थाने के सरसा निवासी राम गोविंद को धर दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी ने एक घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ की थी। उसके विरूद्ध, पाक्सो एक्ट में केस दर्ज था आरोपी को जेल भेजा गया है ।

### नाबालिग बरामद आरोपित को जेल

**बहराइच :** कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग को समुदाय विशेष का युवक अपहरण कर ले गया था। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश शुरू की गई। उन्होंने बताया कि लखनऊ बहराइच के बाईपास नानपारा मार्ग से नाबालिग और अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म और अपहरण के मामले में फिरोज अली पुत्र ननकऊ निवासी छिलौरा कुसौर कोतवाली देहात गिरफ्तार किया गया। जबकि नाबालिक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

# मेडिकल पढ़ाई के नाम पर सैकड़ों छात्रों से करोड़ों की ठगी

## किसी छात्र से 70 तो किसी से 90 हजार रुपये वसूला

बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के विशेश्वरगंज में स्थित नंद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के अभ्यर्थियों से मेडिकल पढ़ाई के नाम पर करोड़ों रूपये की वसूली की गई है। लेकिन न अभी तक छात्रों को दाखिला मिला है और न ही पढ़ाई के लिए कालेज का आवंटन किया गया है। एक वर्ष बीतने पर छात्र छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया। सभी ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। सभी ने केस दर्ज करने की मांग करते हुए पैसे वापस दिलाने की मांग की है।



कलेक्ट्रेट में धरना देते ठगी के शिकार छात्र। अमृत विचार

जिले के विशेश्वरगंज में थाना भवन के निकट नंद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन संस्था का संचालन होता है। यहां पर मेडिकल में विभिन्न कोर्स के लिए अभ्यर्थियों से 30, 50,70 और 80 हजार रूपये एडमिशन के लिए लिया गया। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी न तो छात्र और छात्राओं को स्कूल में पढ़ाई के लिए बुलाया गया और न ही किसी स्कूल में दाखिला मिला। छात्र और छात्राओं का कहना है कि नंद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन संस्था के प्राचार्य, शिक्षक और अन्य कर्मचारी आजकल करते रहे हैं और लोगों से पैसे की मांग बार बार कर रहे हैं। कोई जवाब न मिलने पर सभी ठगी का अहसास हुआ। इस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट धरने के लिए अरुण कुमार और ब्यूटी कसौंधन की अगुवाई में अभ्यर्थी पहुंचे। सभी नंद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन संस्था के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि फर्जी तरीके से उन सभी से ठगी की गई है। अभी तक न दाखिला मिला है और न ही स्कूल में प्रवेश। ऐसे में संस्था चलाने वाले लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर सभी का पैसा वापस करवाया जाए। सभी ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को सौंप कर पैसे की वापसी करवाने और कार्यवाई की मांग की। इस दौरान अंकित कुमार, अंजली, अजीत, सुखदेव, मीना, सुनील, नीरज और वंदना पाल समेत सैकड़ों छात्र शामिल रहे।

### संस्था की ओर से यूट्यूब पर प्रचार करने का आरोप

नंद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन संस्था में दाखिला के लिए पैसे जमा करने वाले छात्र और छात्राओं ने बताया कि यूट्यूब पर संस्था की ओर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इतना ही नहीं नानपारा में एक शाखा खोल कर भी अभयर्थियों को झूठा झांसा देकर पैसा लिया जा रहा है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाए।

# नदारद 39 मतदान कार्मिकों पर केस दर्ज करने के निर्देश

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रथम पाली में 31 तथा द्वितीय पाली में 08 कुल 39 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने बताया कि सभी अनुपस्थित कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन 09 अप्रैल 2024 को केडीसी में उपस्थित होकर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने बताया कि 09 अप्रैल को प्रक्षिक्षण में उपस्थित न होने वाले कार्मिकों का वेतन बाधित करने के साथ-साथ उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# ड्यूटी आधी होने से परिवार पर छाया आर्थिक संकट



कलेक्ट्रेट में धरना देते पीआरडी जवान। अमृत विचार

संवाबहराइच

**अमृत विचार :** जिले के पीआरडी जवानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मोनिका रानी को सौंपा। जिले के पीआरडी जवान ड्यूटी कम लगाये जाने से परेशान है। सोमवार को पीआरडी जवान रामसंवारे, कमल किशोर और महंत की अगवाई में सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया पीआरडी जवानों का कहना है कि वर्ष 2022 में उनके ड्यूटी 80% लगाई जाती थी। लेकिन वर्ष 2024 से उनकी ड्यूटी घटकर आधी कर दी गई है, ऐसे में उनके और परिवार पर आर्थिक संकट बढ़ आया है। सभी ने मांगों को लेकर 1 अप्रैल को भी धरना दिया था लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं कि इसको लेकर नाराज पीआरडी जवानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी मोनिका रानी को दिया। इस दौरान पीआरडी जवान ध्रुव कुमार और महंत समेत अन्य मौजूद रहे।

# पशुपालकों के लिए वरदान बनी 1962 एंबुलेंस सेवा

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** निराश्रित पशुओं के साथ ही पशुपालकों की सुविधाओं के लिए 1962 नि :शुल्क एंबुलेंस सेवा वरदान साबित हो रही है। घर-घर बेहतर व विशेष इलाज की सेवा दे रही 1962 एंबुलेंस सेवा पर तैनात चिकित्सकों द्वारा पशु पालकों को उनके पशुओं से जुड़ी जानकारियां दी जाती है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही गर्मी का असर दिखना शुरू हो गया है, ऐसे में पशुओं की विशेष देखभाल की आवश्यकता है। एंबुलेंस सेवा पर तैनात डॉक्टर विकास पाण्डेय ने बताया कि पशुओं के उपचार हेतु नि : शुल्क 1962 पर पशु पालक कॉल करके अपने पशु का इलाज करा सकते है। उन्होंने बताया कि हमारी टीम तुरंत पहुंचकर पशुओं का उपचार करती है तथा पशुपालकों को गर्मी में पशुओं का ध्यान कैसे रखें इसके बारे में जानकारी देती है। डॉ. पांडे ने बताया कि गर्मी के समय में पशुओं को संतुलित आहार के साथ-साथ हरे चारे को अधिक मात्रा उपलब्ध कराना चाहिए, उन्होंने बताया पशु स्वादिष्ट एवं पौष्टिक चारा खाकर जहां अपने आहार की पूर्ति करता है। वहीं हरे चारे में 70 से 90% तक पानी की मात्रा होती है जो समय-समय पर जल की पूर्ति करता रहता है। पशुपालक रमेश कुमार, सहज राम, राजाराम अमित, अनिल, ने कहा कि एंबुलेंस सेवा बढ़ायी जाये, जिससे पशुपालक को सुविधा त्वरित व अच्छी मिल सके।

## बीडीओ को दिया चार सूत्रीय ज्ञापन

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** ब्लाक नवाबगंज में किसानों की समस्याओं को लेकर मजदूर किसान यूनियन के पदाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पर कैलाश नाथ वर्मा, रामगोपाल वर्मा, खरंगी प्रसाद, अंबिका प्रसाद, कोयली, शांति देवी सहित दर्जनों पदाधिकारियों की ब्लाक परिसर में किसान पंचायत हुई। जिसमें नवाबगंज इलाके के छुट्टा घूम रहे पशुओं को संरक्षित कराए जाने तथा कृषि बीज पर मिलने वाले अनुदान को दिलाए जाने, सड़क निर्माण, शौचालय निर्माण, जैसी मांगों को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे को सौंपा।

## सार-संक्षेप

### डॉ.आंबेडकर कीर्ति सम्मान से सम्मानित होगी लेखिका शमा



**बहराइच, अमृत विचार :** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय काव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह के अवसर पर मानवता व समाजसेवा के लिए समर्पित सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान द्वारा समाज सेवा और साहित्य लेखन कार्य के लिए बहराइच की लेखिका, शमा फाउंडेशन की डायरेक्टर शमा परवीन को समाजसेवा और साहित्य के लिए डॉक्टर अंबेडकर कीर्ति सम्मान 2024 से नवाजा जाएगा। यह कार्यक्रम संस्था के संस्थापक अध्यक्ष महंत भारत भूषण महंत डॉक्टर नानक दास महाराज के देखरेख में 14 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। अंबेडकर जयंती पर राष्ट्रीय स्तर का संगोष्ठी और सम्मान समारोह में देश विदेश से 100 लोगो के चयन में लेखिका शमा परवीन का चयन क्रमांक 36 है। समारोह के मौके पर डा .कीर्ति सम्मान में चयनित 100 असाधारण प्रतिभाओं के हौसला अफजाई के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुभकामना संदेश भेजा है।

### वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम



प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मौजूद छात्र और अन्य। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** फखरपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय शिवपुरा में वार्षिकोत्सव का आयोजन सोमवार को हुआ। विकास खंड के ग्राम सभा शिवपुरा के समाजसेवी जनप्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। नोडल शिक्षक संकुल मधुलिका चौधरी कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि थी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय और समाजसेवी की ओर से बच्चों को सम्मानित किया गया। समाजसेवी ने कहा कि बच्चे निरंतर पढ़ाई जारी रखे। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। मधुलिका ने बच्चों को 500 रुपए तथा भूपेंद्र सिंह ने 100 रुपये का पुरुष्कार दिया। मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय शिवपुरा का अध्यापक प्रणीता भारद्वाज, आशुतोष शर्मा, अमन श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र जायसवाल, हेमंत कुमार सिंह तथा संविलयन विद्यालय डीहा शिवपुरा से अरूण वर्मा इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### रोजा इफ्तार में शामिल हुए लोग



रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल लोग। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बरहैयापुरा में आरटीओ कार्यालय के बाबू के आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। शहर के मोहल्ला बरहैयापुरा निवासी आर टी ओ आफिस के बड़े बाबू अतीक उल्ला खां पत्रकार रफीक उल्ला गुड्डू के निवास पर आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की। रोजा इफ्तार में इमाम ईदेंन मौलाना वली उल्ला मजाहिरी, सपा नेता अब्दुल मन्नान, जफर उल्ला खां बन्टी, अब्दुल सईद खान एडवोकेट, सभासद अकील अहमद, अफसर हुसैन, आरिफ खान, हाजी गुलशन खां, पत्रकार मसूद कादरी, मो. काशिफ, बच्चे भारती, महफूज खां, हारून भाई, शहजादे ठेकरदार समेत बड़ी संख्या में लोग सम्मलित हुए।

### तीन बीघा गेहूं की फसल जली



आग लगने से जली फसल।

**पयागपुर, बहराइच :** जिले के रानीपुर तिलक ग्राम में तीन बीघे की खड़ी फसल जलकर खाक हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर तिलक में शार्ट शर्किट की वजह से संजय लाल शुक्ल पुत्र जीवन लाल शुक्ल निवासी रानीपुर तिलक के गेहूं के खेत मे आग लग गयी। सूचना मिलने पर थाने की पुलिस ने मौके का मुआयना किया। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया राजस्व टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद आर्थिक सहायता दे जाएगी।

# शक्ति व चमत्कार के लिए प्रसिद्ध है सम्मय माता मंदिर

दिलीप पांडेय, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** विकास खंड के पैतौरा चौराहे के निकट गोण्डा-बहराइच मार्ग पर शक्ति एवं चमत्कार के लिए सुविख्यात सम्मय माता का भव्य दिव्य मंदिर जनमानस में आस्था का केंद्र है। सम्पूर्ण दिवस भक्तों के उमड़ते सैलाब से गुलजार रहने वाले मां भगवती के इस मंदिर की महिमा बड़ी ही अनुपम व निराली है। मनोवांछित फल देने वाली सम्मय माता के मंदिर पर यज्ञ, हवन पूजन के साथ संस्कार व रस्म अदायगी जैसे तमाम कार्य सम्पन्न होते है।

लगभग 90 वर्ष पूर्व समीप के ही रहने वाले पैतौरा निवासी रामदास को रात्रि में सम्मय माता ने पास में लगे नीम के पेड़ की पूजा शुरू करने का स्वप्न दिखाया। अगले दिन रामदास जब उस झाल झंखाड़ से घिरे नीम के पेड़ के पास साफ सफाई करने लगा तो उसे एक पिंड दिखाई पड़ा। रामदास ने उस स्थान पर चबूतरे का निर्माण कर नियमित पूजा पाठ करने लगा। कुछ साल बाद बगीचे के मालिक मोहन केडिया ने उस स्थान पर मंदिर का निर्माण करवाया। स्थानीय लोगों के द्वारा नित्य मंदिर में माता रानी का आरती पूजन शुरू हो गया। धीरे धीरे मंदिर पर भक्त बढ़ने लगे, लोगों की मन्नते पूरी होने लगी, और मन्दिर पर भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा। वर्ष 1990 की घटना है एक दिन बहुत जोर की आंधी और तूफान आया, जिसमे मंदिर पर लगा नीम का पेड़ गिर गया। सम्मय माता की महिमा को देखकर लोग दंग रह गए क्योकि जहां पूरा मन्दिर क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन मातारानी की प्रतिमा पर कोई आंच नही आई। जिससे लोगो का विश्वास सम्मय माता के प्रति और बढ़ना शुरू हो गया। जमीन के मालिक मोहन केडिया द्वारा पुनः मंदिर स्थल पर एक भव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया।



स्थापित माता की मूर्ति।

### नवरात्र पर विशेष

माता रानी के इस दिव्य मंदिर की शोभा नवरात्रि में देखने योग्य रहती है। पूरे दिन ढोल, नगाड़ों, वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान, भक्तों का परिक्रमा करते जमावड़ा, रात्रि में भजन संध्या, शाम को महा आरती भक्ति का एक अनूठा संगम देखने को मिलता है।

### इस तरह पहुंचे मंदिर

आवागमन के लिहाज से बेहद सुगम माता रानी के इस दिव्य स्थान पर रेलवे मार्ग से महज 1 किमी की दूरी की दूरी तय कर भक्त पैतौरा चौराहे पर स्थित माता रानी के मंदिर पहुंच सकते है।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत दहेज हत्या का आरोप

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ककरहा गांव निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा के जयरामपुरवा निवासी प्रीती देवी ( 24 ) का विवाह पांच वर्ष पूर्व कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम ककरहा निवासी भोला के साथ हुआ था। रविवार शाम को महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी जानकारी महिला के मायके में दी गई। पिता शिव नाथ रोते बिलखते गांव पहुंचे। उन्होंने दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल अमितेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अनदेखी** क्षेत्र के तालाब सूखे, पानी के लिए भटक रहे मवेशी

# सूखे तालाबों की ओर नहीं है अधिकारियों का ध्यान

बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा भले ही गांवों के तालाबों के सौदर्याकरण और जल संरक्षण को लेकर कवायत की गई हो। लाखो खर्च कर गांवों के तालाबों के सौदर्गीकरण और जल संरक्षण को लेकर बार बार कवायद तो की गई, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बया हो रही है। सूखे तालाब से मवेशी से लेकर पक्षी भी परेशान हैं।

सरकार द्वारा लाखों खर्च के बाद भी तालाब सूखे पड़े हैं। सूखे पड़े तालाबों पर किसी आलाधिकारियों का ध्यान आकर्षित नही हो रहा है। जिसके कारण छुट्टा पशुओं को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बीते बारिश के मौसम में भी तालाबों में पानी नही भर सका। लाखों खर्च करने के बावजूद विकास खंड नवाबगंज के जमुनहा नौबस्ता, शिवपुर मोहरनिया, उमरिया सहित कई गांवो में अमृत सरोवर बनकर तैयार तो हो है लेकिन इनमें से कुछ गांव को छोड़ दिया जाए तो अन्य सभी में बने अमृत सरोवर महज दिखावा साबित हो रहे है। जमुनहा नौबस्ता का अमृत सरोवर का कार्य पूरा होने के बाद भी अस्तिव में नहीं है तालाब सूखे पड़े हैं। पानी की जगह घास फूस उगी है। इसके बाद जिम्मेदार देखने तक नही पहुंच रहे है अमृत सरोवर लक्ष्य से काफी पीछे है। जबकि शासन और विभाग द्वारा ऐसे तालाबों में पानी संरक्षित करने का शख्त निर्देश था। लेकिन जिम्मेदार इसके प्रति उदासीन बने है।



बाबागंज क्षेत्र में बिना पानी के सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

### नहीं है कोई बजट

इस सम्बंध में बीडीओ राहुल पांडे का कहना है कि सूखे तालाबों में पानी भराने का कोई बजट नहीं है।

# आग की लपटों ने तीन मकानों की गृहस्थी को किया राख

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के तेलियन पुरवा गांव में सोमवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें तीन ग्रामीणों की गृहस्थी पूरी तरह से राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया। आग लगने से डेढ़ लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के डल्लापुरवा के मजरा तेलियनपुरवा में सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे अज्ञात कारणों से पुजारी पुत्र मिही लाल के फूस के मकान में आग लग गयी। जब तक ग्रामीण मौके पर आग बुझाने पहुंचे, तब तक लपटें तेजी से उठने लगी। आग ने पड़ोसी संजू और आशा राम के मकान को भी आगोश में ले लिया। देखते ही देखते अग्नि कांड में तीन के फूस के मकान जलकर राख हो गये हैं। सूचना राजस्व व पुलिस को दी गयी है। पूछे जाने पर लेखपाल ने गांव पहुंचकर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। ग्रामीणों के मुताबिक आग लगने से तीन मकानों में लगभग डेढ़ लाख मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सभी परिवार के लोग खुले आसमान तले रहने को विवश हैं। इस मामले में एसडीएम संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही पीड़ितों को उनके खाते में आर्थिक सहायता राशि भेजी जाएगी।



आग बुझाने के लिए लगी भीड़।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# मदद के नए रास्ते

भारत बड़ी शक्तियों के साथ स्वयं को सुपर पावर के रूप में स्थापित करने का संतुलित प्रयास कर रहा है। इस बात में भी कोई शक नहीं है कि भारत शीघ्र ही विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी के चलते भारत पड़ोसी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद करेगा और बड़े भाई की भूमिका निभाएगा। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में तेजी आई है। 1970 से 2019 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। 1970 से 2021 के बीच पानी संबंधी आपदाओं में 20 लाख लोगों की मौत हुई है और 4.3 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमडी) की रिपोर्ट के अनुसार, 101 देशों में अभी भी मौसम को लेकर प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली मौजूद नहीं है। आशंका है कि 2030 तक दुनिया में 560 मध्यम से बड़ी आपदाएं हर साल आ सकती हैं। डब्ल्यूएमडी उन विश्वव्यापी प्रयासों का समन्वय करता है जो सटीक और समय पर मौसम के पूर्वानुमान के उत्पादन के लिए आवश्यक हैं। सोमवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरुरत है।

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी नाम से एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान साल 2022 में शुरू किया गया था, जिसमें साल 2027 तक सभी देशों को प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को बचाने पर केंद्रित किया गया है। अभियान के पहले चरण के तहत चिन्हित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद भारत करेगा। प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली खतरे की निगरानी, पूर्वानुमान और भविष्यवाणी, आपदा जोखिम मूल्यांकन, संचार और तैयारी गतिविधियों, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं की एक एकीकृत प्रणाली है जो खतरनाक घटनाओं से पहले आपदा जोखिमों को कम करने के लिए समय पर कार्रवाई करने में सक्षम बनाती है। अब पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया जा सकेगा। राहत की बात है कि जमीन स्तर पर मुश्किलों से जूझ रहे लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए कुछ नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं। इससे आपदाओं से उभरने के लिए समय रहते बेहतर संसाधनों का निर्माण संभव हो सकेगा।

# कोई गणित नहीं अवाम की ताकत का स्पंदन है लोकतंत्र



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी।

यह संवैधानिक खुशफहमी सही है कि भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। सत्तर वर्ष से ज्यादा उम्र के हो गए लोकतंत्र ने कई चुनौतियां झेली हैं। उनका मुकाबला भी किया है। एक गंभीर, चिंतामूलक और लंबी बौद्धिक जद्दोजहद के बाद लोकतंत्र का यूरोपीय अवधारणाओं से प्रेरित भारतीय ढांचा खड़ा किया गया। देश के भविष्य के लिए चिंताओं और समस्याओं से रूबरू होते विधायन पुरुषों ने वे संभावित वायदे किए जो किसी स्वतंत्र और विकासशील देश के विचारस्फुरण में सपनों की तरह संघर्षशील आजादी के उसके आंदोलन में खदबदाते रहे थे। आईन के बुनियादी स्थापनाकारों की नीयत, समझ और अध्यवसाय में असाधारण पारदर्शिता और निष्कपटता रही है। भारतीय प्रजातंत्र की संवैधानिक रचना खुले मन से, खुले आकाश की तरह की संविधान सभा के सारगर्भित बहस मुबाहिसे में हुई है। उम्मीद यही थी कि लोकतंत्र का पौधा आजाद भारत में पुख्ता वटवृक्ष की तरह अवाम का संरक्षक बनकर इतिहास में अपनी कुव्वत का लोहा मनवाएगा।

ब्रिटेन के धाकड़ प्रधानमंत्री विन्स्टन चर्चिल ने कभी कहा था कि जनतंत्र की असली बुनियाद तो किसी मतदाता केंद्र में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देते किसी वोटर की पेंसिल से बनाया गया निशान है। उसके मुकाबले लंबी चौड़ी दार्शनिक बहसों और जद्दोजहद के जरिए भी लोकतांत्रिक अवधारणाओं को पुख्ता और कारगर ढंग से चस्पा करना संभव नहीं है। लोकतंत्र की औपचारिक स्थापना के पहले स्वतंत्रता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी कांग्रेस ने पस्तहिम्मती, निराशा और पराजय से उबरती लगती जनता से वायदा किया था कि वह गांधी के सपनों का स्वराज आज़ादी के बाद लाने जा रही है। उसका मकसद यही था कि अंगरेज़ी सल्तनत का हथियार रही सत्ता आगे विकेन्द्रीकृत होकर हर भारतीय के अधिकार के तहत होगी। सरकार नामक संस्था केवल सहायिका होगी। स्वतंत्र होने का यदि ऐसा बोध हो जाता तो उसे लोकतंत्र कहा जा सकता था।

वैधानिक लोकतंत्र की रचना करते लेकिन आंशिक तौर पर वायदा खिलाफी हो गई। सत्ता के त्रिभुज में विधायिका के लिए बालिग सभी देशवासी निर्वाचक हुए। उन्हें ही 'हम भारत के लोग' कहा गया। पांच वर्ष के लिए विधायिका का चुनाव करते भारत के नागरिक लेकिन कमतर भूमिका अर्थात मतदाताओं में तब्दील कर दिए गए। लोकतंत्र की बुनियादी कारगर ताकत फिर निर्वाचित प्रतिनिधियों में अंतरित हो गई। उनका चुनाव एक संविधानेतर संस्था अर्थात् राजनीतिक पार्टियों के आका अपनी अपनी दार्शनिकताओं, व्यवस्थाओं और स्वार्थी विवशताओं के चलते करने लगे। एक तरह से जनता ने लोकतंत्र के पुर्जे को पांच वर्ष की संविदा या ठेके पर कुछ सैकड़ा प्रतिनिधियों को सौंप दिया। न तो यह आईन की मंशा थी और न ही भारत के 'हम लोगों' की मंजिला हकीकत लेकिन इसके ठीक उलट हो जाने से लोकतंत्र एक मशीन में तब्दील हो गया है। वह कुछ ताकतवर लोगों की जागीर बनकर रह गया है। जनता के धन और योगदान से वह बना है। उन्हें दरिद्र, दीवालिया और दीनहीन करार देने की जुगत और बौद्धिक जुगाली को लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं कहा जा रहा है।

एक नए किस्म का आर्थिक फलसफा वैश्वीकरण, उदारीकरण, बाजारीकरण और निजीकरण का मुखौटा लगाकर संविधान के मकसदों समाजवाद और सार्वजनिक उपक्रमों को कुचलता हुआ नागरिकों की सार्वभौमिकता का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ा रहा है। नागरिकता एक सौ सैंतीस करोड़ 'हम भारत के लोगों' का निरीह परिचय पत्र है। संविधान में लोकतंत्र का सपना उस दौर के सबसे बड़े नेता गांधी ने देखा था। गांधी देश के जनजीवन में स्वप्न भंग के यथार्थ के सबसे बड़े अभिशप्त हैं। उनका जीवन और मरणोत्तर यश निराशा, धोखाधड़ी और वायदा खिलाफी का शिकार बना दिया गया है। नेहरू और अंबेडकर जैसे असाधारण बौद्धिकों ने वेस्टमिन्स्टर प्रणाली लोकतंत्र की भारतीय धरती पर रोपकर एक नए किस्म का राजनीतिक प्रजातांत्रिक मौलिक प्रयोग तो किया। उन दोनों की असाधारण भविष्यमूलक दृष्टि में आम आदमी के पक्ष में पैरवी करती घोषणाओं का अंबार है। यदि वे कारगर हो जातीं, जिसकी संभावना उन्होंने देखी थी, तो हिंदुस्तान का लोकतंत्र दुनिया में नायाब और अजूबा होता। उनकी उम्मीदें बाद की सरकारों ने चिंताओं में बदलीं। चिंताओं को सार्वजनिक विषाद में और विषादमय जनता की पस्तहिम्मती को भुनाते हुए नवधनाड्य वर्ग ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जाल देश में अमरबेलों की तरह उलझा दिया। भ्रष्टाचारवाद, अपराधवाद, संप्रदायवाद, उपनिवेशवाद, पूंजीवाद के कई भाई भतीजे हैं। ये ऑक्टोपस की तरह लोकतंत्र की आत्मा को मिथकीय यमदूतों की तरह जकड़कर अट्टहास कर रहे हैं। हिंसा, खूंरेजी अहंकार, हत्याएं, बलात्कार, लूट, डकैती, आगजनी भारतीय जीवन के नए चोचले हैं। उन्हें ज़म्हूरियत के विकारों की तरह इतिहास बेमन से दर्ज कर रहा है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सर्वहारा की मालिकी, समाजवाद का मलखंभ, गांधी नेहरू की पुश्तैनी जागीर का स्खलन वगैरह के चलते एक दीवालिया होता देश करोड़ों भूखों में साहस और आत्मा का संचार नहीं कर सकता। लोकतंत्र की सबसे बुनियादी और अहम संस्था संसद किसी नाटक के थियेटर की तरह बना दी गई है। उसके किरदार हर वक्त केवल अभिनय की मुद्रा में दिखाई देते हैं। वे पांच वर्ष में एक बार मतदाताओं को नागरिक समझते उनके विश्वास की कलम से धोखाधड़ी के ब्लैंक चेक पर दस्तखत लेकर उसकी नकदी को लोकतंत्र को कमज़ोर करने की अपनी स्वार्थी जुगत के लिए भुना लेते हैं। सियासती दलों के घोषणापत्र मृगतृष्णा का राजनीतिक संस्करण हैं। लोकतंत्र अहसास की तरह आने का वायदा किए लाया गया था। वह टीस की तरह हर भारतीय के मन में लगातार चुभ रहा है।

यह हसीन मुगालता है कि भारत कभी विश्व गुरु बनने वाला है। यह भी संदिग्ध दावा है कि देश में सब कुछ ठीक चल रहा है। देश में ऐसा कोई मध्यवर्गीय और गरीब परिवार नहीं है जहां बेरोजगारी का दंश नहीं है। नागरिक आजादी का कैदघर बनाया जा रहा संविधान अभिभावक की भूमिका में होने के बावजूद रक्षक की भूमिका में नहीं है। यह देश कुछ सैकड़ा धनपतियों की मुट्ठी में आ गया है। अवाम का हौसला टूट रहा है। अत्याचार सहने की उसकी ताकत इतनी लचीली है कि उसे विरोध करना संभव नहीं लगता। लोकतंत्र आंकड़ों की अंकगणित नहीं अवाम की ताकत का स्फुरणनामा होता है। जॉन स्टुअर्ट मिल ने कभी कहा था यदि पूरी मनुष्यता के खिलाफ एक व्यक्ति की राय भी कायम है। तो उसकी आवाज़ को खामोश करने से ज्यादा कारगर यह है कि वह एकल आवाज़ गुमराह हो रही मनुष्यता के अहंकार को खामोश कर दे। कहो, लोकतंत्र सच क्या है?

## प्रसंगवश

# व्यवस्था और व्यक्ति

खामियां दो तरह की होती हैं- व्यवस्थागत और व्यक्तिगत। व्यवस्थागत खामियां हैं, बहुत हैं। इसमें मेरी जरा भी असहमति नहीं है। सबसे पहली बात तो यही है कि शिक्षा सरकार के अधीन नहीं होनी चाहिए। न्यायालय की तरह इसे स्वतंत्र होना चाहिए। यह स्वतंत्रता किस तरह की होगी, कैसे होगी, कौन इसके संचालक होंगे, यह अलग से विचारणीय है। इसमें दो राय नहीं कि कुव्यवस्था के खिलाफ लड़ना कोई खेल नहीं है। सवाल है कि इस कुव्यवस्था में भी शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं या नहीं? मेरे ख्याल से कर सकते हैं, परंतु करने वाले उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। मेरे देखने में कुछ इस तरह के शिक्षक पाये गए हैं। जो पहले नहीं पढ़ाते थे, वे आज भी नहीं पढ़ाते हैं। इसलिए भी कि उन्हें पढ़ाने के लिए बाध्य करने वाली कोई शक्ति नहीं है। अधिकारी डंडे के बल पर उन्हें उपस्थित तो करवा सकते हैं, लेकिन पढ़वा सकने का कोई उपाय नहीं। अभिभावक या तो अज्ञानी हैं या संगठित नहीं हैं। अभिभावकों की ओर से कोई निवेदन या दबाव शिक्षकों पर नहीं है। इसीलिए खिसियाए शिक्षक कहते हैं कोई सुधार तो हुआ नहीं। अधिकारियों के द्वारा भय पैदा करने से क्या लाभ? ऐसे शिक्षक 9 से 5 तक समय काटकर घर चले जाते हैं। कुछ शिक्षक गपशप, खानपान, हंसी-मजाक में समय आसानी बिता कर घर चले जाते हैं। जो मैनेज करने में माहिर हैं वे आज के समय में भी देर से आते हैं और पहले चले जाते हैं। कुछ शिक्षक पढ़ाना चाहते हैं, पढ़ाते भी हैं, लेकिन वे बहुत से काम नहीं कर पाते हैं, क्योंकि व्यवस्था उनका सहयोग नहीं करती। लेकिन वे कामचोर नहीं हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

असली शिक्षक वे हैं जो विद्रोही हैं। विद्रोही तो वह है जिसे मालूम है पढ़ाई का महत्व, जिसे मालूम है पढ़ाने का ढंग, जिसके पास निरंतर ज्ञान हासिल करने और उसे बांटने की ललक है और इसके लिए वह रास्ता भी निकाल लेता है। बच्चे अगर स्कूल नहीं आ रहे हैं तो वे उन्हें आकृष्ट करने के लिए कोई उपाय करते हैं। सफल नहीं होने पर वे स्वाध्याय के लिए जगह ढूंढ़ लेते हैं। निरर्थक गपशप करने वाले शिक्षकों के साथ बैठकर समय नहीं गंवाते। ऐसे ही शिक्षकों को मैं शिक्षक कहता हूं।

# राजनीति और कलाओं का अंतर्संबंध



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे।

तात्कालिक राजनीति हमेशा क्षुद्र होती है लेकिन सौ-पचास साल बाद वही इतिहास बन जाती है और गंभीर अध्ययन का विषय मानी जाती है। विचित्र बात है कि तात्कालिक राजनीति पर विचार करते हुए लेख लिखना अच्छा नहीं समझा जाता लेकिन उसी समय उसका वर्णन उपन्यास में करना या उसका चित्रण कविता में करना प्रशंसनीय माना जाता है। इसका कारण शायद यह है कि साहित्य उन घटनाओं, चरित्रों को एक तो संवेदना की आंख से देखता है, दूसरे उन्हें निर्वैक्तिक, निर्जीव तथ्य के रूप में अंकित नहीं करता, मानवीय गतिविधियों के प्रसंग में अंकित करता है। मतलब यह कि किसी पात्र को अकेले-अलबेले रूप में न दिखाकर लोगों के साथ, उनके बीच, उनकी भूमिका के संदर्भ में चित्रित करता है। किसी 'नायक' के कार्यकलापों का लोगों पर किस तरह का असर होता है, नायक क्या सोचता है और लोग बाग क्या सोचते हैं, जीवन में मौजूद सामग्री से नायक किन्हें अपने कार्यकलाप का माध्यम बनाता है और लोग बाग किन पहलुओं को आवश्यक समझते हैं, यह सब साहित्य में आता है; न समाज शास्त्र में आता है, न इतिहास में।

फिर भी साहित्यिक अध्ययन में दूसरी विद्याओं का सहयोग लिया जाता है जबकि दूसरी विद्याएं साहित्य को दोयम दर्जे की चीज मानती रही हैं। इधर जब से साहित्य का उपयोग इतिहास के अध्ययन के लिए होने लगा है तबसे कुछ नई विश्लेषण पद्धतियां उभरी हैं, हालांकि उनके लिए साहित्य केवल स्रोत है, इससे ज्यादा उसका कोई महत्व नहीं है। मुझे लगता है कि अगर ऐतिहासिक सत्य जानने के लिए साहित्य का उपयोग किया जाता है तो उसकी साहित्यिकता का भी ध्यान रखना चाहिए। मतलब यह कि साहित्य केवल अपने समय के सामाजिक (बाह्य) तथ्यों का वृत्तांत नहीं होता, उसमें मनुष्य के सोचने-विचारने का ढंग भी अभिव्यक्त होता है, उसके विश्वासों और सपनों की दुनिया भी रहती है। इतिहास के लिए अगर तोल्स्तोय या प्रेमचंद का उपयोग हो सकता है तो मनोवैज्ञानिक अध्ययन के लिए दॉस्तोएव्स्की या जैनेन्द्र कुमार का उपयोग क्यों नहीं हो सकता? जहां बात शुरू हुई थी, वह प्रश्न था तात्कालिक राजनीति को क्षुद्र मानने और विगत राजनीति को इतिहास का गौरव समझने की। इस संबंध में उदाहरणों की कमी नहीं है। औरंगजेब के समय उसके कार्यकलापों पर पक्ष में बोलना पुरस्कृत होना और विरोध में बोलना जान गंवाना था।

राजनीति के लिए पक्ष-विपक्ष के अनुसार उक्त नेता का एक कार्य प्रशंसनीय और दूसरा निंदनीय होगा, साहित्य के लिए दोनों वास्तविक होंगे। इसीलिए साहित्य अपने अध्येताओं को व्यापक दृष्टि देता है। यह व्यापक दृष्टि अपने स्रोता-पाठक-दर्शक को औरों से बेहतर मनुष्य बनाती है। यही कारण है कि प्लेटो कहते थे कि दार्शनिक तो शासक को आदर्श बनने की शिक्षा दे सकता है लेकिन नागरिक को आदर्श बनाने में साहित्य की सहायता ज़रूरी है।

प्लेटो खुद कवि रह चुके थे, वे दार्शनिक थे, वे साहित्य की प्रकृति और उसकी चालक शक्ति को समझते थे। लेकिन विभिन्न तथ्यों में से अपने अनुरूप तथ्य को चुनकर और अन्य तथ्यों की अवहेलना करके अपना 'नरेटिव' बनाने वाले राजनीतिज्ञ साहित्य को बर्दाश्त नहीं कर पाते। जो राजनीति जिस सीमा तक सीमित तथ्यों से, यानी कुछ सचाइयों के इस्तेमाल और शेष के दमन से अपना 'नरेटिव बनाती है, वह उतना ही साहित्य-संस्कृति के विरुद्ध होती है। इसीलिए तानाशाही सत्ताएं साहित्य को सहन नहीं करतीं। उस बात को यों भी कह सकते हैं कि जो सत्ताएं साहित्य-संस्कृति के प्रति जितना अहिष्णु होती हैं, उनमें तानाशाही की प्रवृत्तियां उतनी ही अधिक होती हैं।

हम यह कह सकते हैं कि कला के अन्य रूपों की अपेक्षा साहित्य के प्रति तानाशाही सत्ताओं का रवैया ज्यादा नकारात्मक होता है क्योंकि कविता, नाटक, उपन्यास आदि साहित्य के रूप भाषा पर निर्भर हैं और भाषा में विचार भी व्यक्त होते हैं, भावनाएं अधिक परिभाषित रूप में आती हैं; जबकि संगीत में केवल स्वर हैं जो संवेदनाएं जगा सकते हैं, विचार नहीं, नृत्य में मुद्राएं हैं जो भावोद्वेलन ला सकते हैं, सामाजिक जीवन के अंतर्विरोधों को उजागर नहीं कर सकते। संक्षेप में, कलाएं जितनी भी हैं, वे मनुष्य के सृजनात्मकता की अभिव्यक्ति हैं, वे संस्कृति की धरोहर हैं लेकिन विचार की दृष्टि से सबसे समर्थ या सशक्त सहित्य है क्योंकि वह भाषा पर निर्भर है और भाषा के बिना विचार की सत्ता नहीं हो सकती।यही कारण है कि तात्कालिक राजनीति चाहे जितनी क्षुद्र हो, उसी समय उसका वर्णन या चित्रण करने वाला साहित्य मूल्यवान होता है क्योंकि वह सत्ताओं के रुख से नहीं, जनता के हितों से परिचालित होता है।

## सोशल फोरम

# पर्यटक नहीं वरन एक बोझ

प्रचंड ग्रीष्म ने अपने आगमन का संदेश देना आरंभ कर दिया है। इस बार शीतकालीन वर्षा लगभग न के बराबर रही है। जल स्रोतों में निस्सरण शून्य की ओर अग्रसर है। विगत सालों में फरसौली के अपने जल स्रोत को फावड़ा और कुदाल लेकर साफ सफाई करता था तो अप्रैल/मई के मध्य तक किचन गार्डन के लिए पानी चल जाता था। इस बार दाहिने हाथ ने साथ देना छोड़ दिया है। स्रोतों में पानी कम तो हो ही गया है और ऐसे महानुभावों का आगमन बढ़ गया है जिन्होंने अपनी अतिरेक कमाई से इन छोटी-छोटी पहाड़ियों पर जमीनें खरीदी और आलीशान बंगला बना कर रहते हैं। अर्थात जल स्रोतों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। ये पर्यटक नहीं हैं वरन् आर्थिकी पर एक बोझ हैं। पूरे साल दिल्ली,गोवा, जापान जैसे मनोरम स्थलों का आनन्द लेने के बाद अब उन सबकी आमद धीरे-धीरे इन पहाड़ियों के प्राकृतिक संसाधनों पर एक अतिरिक्त दबाव बढ़ा देगी। मुझे तो अपने पैतृक गांव डौणूं निकलना है। अप्रैल आखिर में गेहूं की कटाई करनी है और अगली फसल धान या दलहन के लिए तैयारी करनी है, इसके लिए गधेरों में उपलब्ध जल का संचयन करते हुए गूलें भी सुधरवाने का कार्य शुरू करना है। अच्छी बात यह है कि जब में छोटा फावड़ा (कसी -स्थानीय भाषा) लेकर निकलूंगा तो दो चार लोग साथ आ ही जाते हैं। जल संरक्षण के लिए फरसौली में तो प्रयास किया ही है। अब धीरे-धीरे पैतृक गांव में भी इसे करना है। मेरे लिए तो अमरीका, जापान, पेरिस,गोवा आदि सब मेरी वो जन्म भूमि है। इन सभी स्थानों के विकास को देखकर मुझे वह आनन्द स्थाई रूप से नहीं मिलता है जो समय पर सिंचित पहाड़ी खेतों में लहलहाती गेहूं पर लहराती हवा को देख कर मिलता है। स्थानीय स्तर पर यहां भवाली में एक श्री नेगी चौहान के सहयोग से जल स्रोतों के जल संवर्धन में प्रयासरत हैं लेकिन दो दिन पहले पता चला कि उनके इस कार्य के लिए धन की कमी आड़े आ रही है। सोच रहा हूं कि गांव से वापसी के बाद उन लोगों से योगदान के लिए आग्रह करवाता हूं जो पुराने धनवान हैं या सरकारी सेवाओं में अच्छा आर्थिक अर्जन कर इस कार्य के लिए सहयोग देने की स्थिति में हैं। **-फेसबुक वॉल से**



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

# विरोध करना बंद कर दोगे तो आत्महंता हो जाओगे



प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों को तड़फते मरते देखा।

एम्स (दिल्ली), भारत का सबसे बड़ा अस्पताल। मेरा पैट स्कैन होना था। सुबह नौ बजे से दिन में दो बजे मरीज इंतजार कर रहे थे। मेरी पुत्री इनक्वारी करने गई कि पापा का नंबर कब आएगा। एक मशीन खराब है, दवाई है नहीं। जिन मरीजों को घंटों से कैलूना लगे थे,जब पता लगा कि दवाई खत्म है, मशीन खराब है, उनकी इंतजारी की वाट लग गई है तो वह कुछ बोल न पाए। उनके कैलूना उतारने के लिए डॉक्टर तक न थे।

एक विहार से आया मरीज, दिल का मरीज तो था ही गरीबी की बीमार से भी ग्रस्त था। तीसरी बार भी टेस्ट न होने से इतना हताश, बेरंग हो गया कि उसने गुस्से से पर्ची फाड़ दी। एक डॉक्टर यह देख बौखला गया, बोला, जाओ टेस्ट न होगा। वह रोने लगा। तभी दूसरे संवेदनशील डॉक्टर को उसके रोने से आंसू आ गए। मेरी बेटी के भी आंसू आ गए। संवेदनशील डॉक्टर ने अश्वासन दिया कि हम तुम्हारा टेस्ट करेंगे। भूखे मरीज को बेटी ने खाने को दिया और 500 रूपये ऑफर किए। खाने की चीज तो उसने ले ली पर पैसे न लिए। बहुत कहने पर ले ही लिए। वह दिन संवदेना और बदइंतजामी का था।

होली बीती तो हम फिर अपनी तकदीर अजमाने चले चले। किसी तरह नंबर आया तो मैं भी बहुत से मरीजों के साथ एक छोटे से कौने में गिरफ्तार कर लिया गया। मरीज, मुजरिम से भी ज्यादा गुनहगार है। मुजरिम से तो पुलिस को,औरों को डर लगता है पर बीमार वह पापी, मुजरिम है कि पर्ची काटने वाले से लेकर, गार्ड, नर्स, डॉक्टर, सब उसके बॉस हैं। उनकी एक कृपा की नजर का वह तलबगार, कातरता से इंतजार करता है।

मैंने डॉक्टर से पूछा, हमारा नंबर कब आएगा। वह अकड़ कर बोला, मशीन ठीक हो जाएगी तो नंबर आऐगा। मेरे अंदर गलत के खिलाफ जब उबाल आता है तो उसमें सारे उबाल शामिल हो जाता है। मैंने उग्र हो कर कहा, तो एक बड़े अक्षरों में नोटिस लगा दीजिए ना, यहां जब मशीन दुरूस्त होती है तभी जांच होती है, जिम्मेवारी आपकी। इस पर डॉक्टर सहमा। बोला, मेरा क्या कसूर। जमाने का कसूर। स्थल पर हलचल हुई मशीन ठीक हुई।

मेरा नंबर आया तो दवाई नहीं थी। मैंने कहा, क्या जब दवाई आएगी तब इंजेक्शन लगेग। मैंने मरीजों को इंगित कर एक छोटा सा भाषण देशभक्ति के अंदाज में विरोध करने का आहवान दिया और कहा, मैं यही आमरण अनशन पर बैठता हूं। हम विरोध करते ही नहीं। कुछ नहीं तो पीएम पोर्टल में ही कर दो कम्पलेन। यह भाषण सुन तब घबराए डॉक्टर ने दवाई मंगवाई वह भी किसी परिचारक से। हद ही हो गई। किसी तरह हमारा नंबर आ जाए, किस्मत लहरा जाए यही सब सोचते हैं। उस अपाधापी में गंभीर मरीज भी अपनी बारी के लिए चंगा हो जाता है।

मैंने एक अटेंडेंट से कहा, हमारे देश में परिवार के संबंधों के कारण मरीज बचे हैं। इस पर एक महिला बोली, जब तक दिवालिया न हो जाए तब तक। अटेंडेंट बोले, मैंने खुद सामने इमरजेसी में तीन लोगों को तड़फते मरते देखा। किसी ने उन्हें झांका तक नहीं। सत्तर हजार का एक इंजेक्शन लगा के एक को और बर्बाद कर दिया। अरे मैं विदेश रहा हूं। वहां मरीज को घर से उठा के लाते हैं। इसीलिए जो बाहर गया फिर गया, वापस लौट कर नहीं आता। पर जैसे ही उनके मरीज का नंबर आया, उनकी उग्रता, नम्रता में बदल गई। वह डॉक्टर के आगे झुके जा रहे थे। जिंदगी से अजीज हम बीमार, सताए हुए हम आत्महंता लोग हैं। सारे अस्पतालों में मशीनें जो आदमी से ज्यादा संवेदनशील हैं। आगे चल कर एआई के हवाले ही संवेदनशीलता हवाले हो जाएगी। दोस्तो बीमार न पड़ना चाहे मर जाओ। कसरत करो, कम खा कर गम खाओ पर हालात पर न मुस्कुराओ। विरोध करो। विरोध करना बंद करत दोगे तो धीरे-धीरे आत्महंता हो जाओगे। मैं जब भी गलत के खिलाफ विद्रोह करने का साहस करता हूं तो आनंद से भर जाता हूं। उस दिन मैं आनंदित था, हे मैने कर दिखाया के अंदाज में।

# जकात, ज़िगर और जेब

एक पंजाबी कहानी है कि एक बच्चा और उसकी मां काफी तंगहाली में जिंदगी बिता रहे थे। मां बच्चे को कुछ खाने पीने का सामान खरीद कर दे देती थी, बेचने के लिए। उसी कमाई से उनका घर चल रहा था। एक दिन बच्चा खाली हाथ घर लौट आया। जब मां ने पूछा की क्या हुआ सामान भी नहीं है और पैसे भी नहीं है। बच्चे ने बताया की आज कुछ भूखे साधू उसे मिल गए। उसने सारा सामान उन्हें ही खिला दिया।

ये सुनकर मां रोने लगी बच्चे ने सहम कर पूछा मां क्या मुझसे कुछ गलती हो गी। तुम रो क्यों रही हो। इस पर मां कहने लगी- गलती तुमसे नहीं शायद भगवान् से हो गई है। मैं तो रो रो कर उसी से फरियाद कर रही हूं किहे, भगवान तूने इस छोटे से बच्चे को जब इतना बड़ा जिगर दिया है तो इसकी जेब का भी कुछ ध्यान रख। उसे भी थोड़ा बड़ा कर। क्या जकात का संबंध जेब से है...शायद हां, शायद ना! जब कोई चीज़ इफरात में हो तो जिगर थोड़ा बड़ा हो सकता है या किया जा सकता है। लेकिन वो लोग सचमुच महान हैं जो छोटी जेब के बावजूद बड़ा जिगर दिखाते हैं। संसार में दान दाता देशों की सूची में मुख्यत विकसित देश और इसके लोग ही है। बिलगेट्स द्वारा शुरू की गई संस्था, जिसमें लोग अपनी कुल संपत्ति का 50 प्रतिशत दान करते है, में भी पश्चिम देशों के लोग ही ज्यादा है यानी दान का सीधा संबंध जेब से है। जितनी बड़ी जेब उतना बड़ा दानी। लेकिन भारत के अमीरों पर ये नियम कम लागू होता है। क्या ज़कात का संबंध ज़िगर से है ...बिलकुल ।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

शायद ज़कात/ दान के लिए जिगर की जरूरत सबसे ज्यादा है। जिगर, जेब पर लगी ज़िप के सामान होता है कुछ देने से पहले पर्स की ज़िप यानी जिगर को खोलना पड़ता है। एक बारजब आपका दिल खुल गया तो कोई भी रकम आपको छोटी ही मालूम पड़ेगी। हो सकता है की आप पूरा पर्स ही दे दें ।

क्या ज़कात का संबंध धर्म से है?...जवाब है हां। ज़कात, दान और दसवंद के रूप में धर्म ने भी हम पर कुछ पाबंदियां आयद की है। हमारी कुछ जिम्मेवारियां तय की है। ताकि जरूरत मंदों की मदद की जा सके। आज भी हम दान इंसानियत के नाते कम, धार्मिक दृष्टिकोण से ज्यादा करते है। हमारा मुख्य उद्देश्य पुण्य कमाना या किसी जन्नत का लालच ही रहता है। लेकिन अफसोस कि सबसे अधिक धर्मों और धार्मिक लोगों का देश होने के बावजूद हम संसार में दानदाता देशों की सूची में बहुत निचले पायदान पर रहते हैं। पुण्य लूटने में भी लोग यहां कंजूसी कर जाते हैं। देखा जाए तो भारत मे लोग धार्मिक दान सबसे ज्यादा करते हैं। लेकिन फिर भी दान दाताओं की कम संख्या को देखते हुए ये कहना पड़ेगा कि या तो धर्म हमें प्रेरित नहीं कर पाया या धर्म का डंडा हमें डरा नहीं पाया। लेकिन जो प्रेरित हुए भी, जो डरे भी, जिन्होंने ईमानदारी से दान किया भी। उनका दान भी या तो दान पेटी में बंद रहता है या फिर उसकी बंदर बांट हो जाती है। बहुत कम ही धर्म स्थल है जो दान के पैसे का सदुपयोग करते हैं। बाकी दान यहां धर्म विशेष के लोगों की जेब मे चला जाता है। यही वजह भी है कि दान को धर्म का धंधा बनते देर नही लगती।



**29वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.13 बजे
इफ्तार : 06.37 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.22 बजे
इफ्तार : 06.30 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# विजय हत्याकांड में फंसी डॉ. घनश्याम की पत्नी और साला

## रविवार की शाम दरियापुर में ताबड़तोड़ गोलियां मारकर की गई थी प्रापर्टी डीलर की हत्या, भाई की तहरीर पर छह नामजद और अज्ञात पर केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बीते 23 सितंबर को क्रूरतापूर्वक की गई डॉ. घनश्याम तिवारी की हत्या में सहआरोपी विजय नारायण की रविवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मामले में मृतक विजय के बड़े भाई ने डॉक्टर की पत्नी व भाई के खिलाफ साजिश रचने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के आधार पर पुलिस छह नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छापेमारी कर रही है।

लंभुआ थाना के सखौली गांव निवासी घनश्याम तिवारी जयसिंहपुर सीएचसी पर संविदा चिकित्सक थे। 23 सितंबर 2023 को बेहद क्रूर तरीके से उनकी हत्या नारायनपुर गांव में कर दी गई थी। जिसमें मुख्य आरोपी अजय नारायण समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। जिसमें छानबीन के दौरान पुलिस ने अजय नारायण के चचेरे भाई विजय नारायण को भी सह आरोपी बनाया था। विजय नारायण 14 मार्च 2024 को जमानत पर छूटकर बाहर आया था। रविवार देर शाम दरियापुर तिराहे पर पल्लवी होटल में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। जबकि उसका साथी अनूप शर्मा गोली लगने के कारण लखनऊ ट्रामा सेंटर में जीवन से जंग लड़ रहा है। सोमवार को मृतक के



विजय नारायण की फाइल फोटो।

बड़े भाई सतीश ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर छह नामजद व अज्ञात के खिलाफ हत्या और हत्या की साजिश का केस दर्ज कराया। सीओ सिटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। छह टीमें छापेमारी कर रही है।

### कोतवाली नगर में इस तहरीर पर दर्ज हुआ मामला

तहरीर में सतीश नारायण ने लिखा है कि रविवार 10 बजे सुबह दीपक मिश्रा निवासी पयागीपुर एवं जयंत मिश्रा निवासी कस्बा (पांचोपीरन) ने कॉल क्रान्फेसिंग करके मेरे भाई विजय नारायण सिंह को बुलाया। जो करीब एक बजे दोपहर दिनेश कुमार (बब्लू) एवं विनय तिवारी के साथ पल्लवी होटल (दरियापुर) पहुंचे। दीपक मिश्रा ने शाम को लगभग सात बजे साजिशन अजय सिंह सिलावर निवासी लोड़वा हरिनाथपुर, थाना महरूआ जिला अम्बेडकर नगर और 2-3 अज्ञात को फोन करके बुलाया। अजय सिंह व उसके दो तीन अज्ञात साथियों ने कुछ देर बाद घटनास्थल पर पिस्टलों से आते ही ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। जिसमें विजय नारायण एवं अनुज शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। मोनू सिंह (धम्मौर) ने अपनी गाड़ी से विजय नारायण सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना को पल्लवी होटल के सामने दूसरी पटरी पर खड़े बृजेश नारायण सिंह निवासी नारायणपुर और ध्रुव सेन सिंह निवासी लोहरामऊ ने देखा। घटनास्थल पर उपस्थित दिनेश कुमार उर्फ बब्लू व अन्य लोगों ने भी यह घटना देखी। स्व. डा. घनश्याम तिवारी की पत्नी निशा तिवारी, डॉक्टर के भाई जो पल्लवी होटल में कार्य करता है और दूसरा भाई प्रयागराज में मेडिकल संबंधी काम करता है। यह लोग मेरे भाई को जान से मरवाने की बात करते रहते थे और साजिश मे लिप्त रहते थे। दीपक मिश्रा, जयंत मिश्रा, निशा तिवारी और डॉ. घनश्याम के भाइयों ने आपराधिक साजिश करके अजय सिंह व अज्ञात शूटरों से विजय नारायण सिंह की हत्या कराई है।

### कोर्ट ने मांगी घटना की रिपोर्ट

**सुलतानपुर :** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मोहल्ले में चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सोमवार को भी सेशन कोर्ट में आरोप तय नहीं हो सके। बचाव पक्ष के वकील रणजीत सिंह त्रिशुंडी और अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि मामले में आरोपी रहे विजय नारायण सिंह की रविवार को हत्या होने की सूचना कोर्ट को दी गई है। उसकी मृत्यु आख्या तलब कर न्यायाधीश जेपी पांडेय ने आरोप तय करने के लिए 25 अप्रैल की तारीख नियत की है। बीते 23 सितंबर को हुए हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय एवं धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी अजय के ड्राइवर दीपक सिंह को आरोपी मानते हुए आरोप पत्र दाखिल किया था।

### गुस्साई भीड़ ने पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

रविवार मृतक के शव के साथ बड़ी संख्या में लोग कटावां स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। वहां पर लोगों ने पुलिस के खिलाफ एसपी के सामने ही जमकर आक्रोश जताया। लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। मुकदमा दर्ज करने के बाद ही हथियानाला स्थित श्मशान घाट पर विजय के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## एक नजर

### आरोपी को राहत, अग्रिम जमानत मंजूर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा में दो साल पूर्व धोखाधड़ी व जान से मारने के धमकी देने के मामले में सेशन कोर्ट न्यायाधीश जेपी पांडेय ने महिला आरोपी बिल्किश बानो की अग्रिम जमानत मंजूर कर राहत दी है। कोतवाली नगर में दर्ज गाली गलौज जान से मारने की धमकी व धोखाधड़ी मामले में आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सेशन कोर्ट में अधिवक्ता सौरभ तिवारी के जरिए अग्रिम जमानत की अर्जी दी थी।

### हैनिमैन की जयंती कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया अवध शाखा के तत्वाधान में बुधवार को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक हैनिमैन की जयंती मनाई जाएगी। होम्योपैथिक के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रदीप वर्मा ने बताया कि बुधवार को लकी होम्यो हाल पर करीब एक बजे होम्योपैथिक पद्धति के जनक हैनिमैन की जयंती मनाई जाएगी।

### नए परिषद का उद्घाटन आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** इंडियन बैंक सैफुल्लागंज के नए परिषद का उद्घाटन मंगलवार को महाप्रबंधक फील्ड नवीन कुमार श्रीवास्तव करेंगे। उनके साथ उप महा प्रबंधक पी एन उपाध्याय भी मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक सुशील कुमार तिवारी एवं शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार मिश्रा ने दिया है।

### घर के सामने से कार चोरी

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जौनपुर जनपद सरपतहा थाना मिसिरपुर गांव निवासी डॉ. अमित सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि टांटियानगर चौकी के करीब आयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर एक ढाबे के पीछे उनका मकान है। जिसके सामने उन्होंने अपनी कार खड़ी कर रखी थी। आरोप है कि छह अप्रैल की रात जब वह क्लीनिक से लौटकर घर आए तो कार गायब थी। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# धोखाधड़ी के मामले में आरोपी की जमानत सेशन कोर्ट से खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** पैरामेडिकल कोर्स का फर्जी लाइसेंस बनवाकर छात्रों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी प्रबंधक भूपेंद्र उपाध्याय की जमानत सेशन जज जयप्रकाश पांडेय ने खारिज कर दी।

अभियोजन के मुताबिक लंभुआ थाना क्षेत्र के लोटिया बेलखरिया में भूपेंद्र उपाध्याय ने जय मां विंध्यवासिनी नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज खोल रखा है जिसके तहत छात्रों को एएनएम डीएमएलटी आदि के कोर्स के प्रमाण पत्र दिए गए थे। जिनके आधार पर अभ्यर्थियों ने जिला अस्पताल सुलतानपुर में छह महीने तक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया था, जिसके बाद पता चला कि कॉलेज की ओर से जारी प्रमाण पत्र फर्जी है। प्रमाण पत्र देने के लिए कॉलेज के पास लाइसेंस नहीं था। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी की जमानत खारिज कर दी है।

### जानलेवा हमले के आरोपी को न्यायालय से मिली राहत

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र करौंदीकला में पांच साल पूर्व जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में आरोपी संजय सिंह की जमानत न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने मंजूर कर ली है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक थाना क्षेत्र के सराय ख्वाजा में 11 अक्टूबर 2019 को आरोपियों पर योजनाबद्ध तरीके से रास्ता रोकने और मारपीट तथा जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया जबकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी। जिसमें शशिकला के घर वालों को चोट आने की बात कही गई। कोर्ट ने साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर आरोपी संजय सिंह को जमानत पर रिहा कर दिया है।

# शार्ट सर्किट से 10 बीघा गेहूं की फसल जली

- ग्रामीणों और फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

गोसाईगंज, संवाददाता

**अमृत विचारः** सोमवार को रामदासपुर गांव में शार्ट सर्किट से गेहूं की खड़ी व कटी फसल में आग लग गई। ग्रामीणों और फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच दस बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र की रामदासपुर निवासी जगपता के खेत में ग्यारह हजार लाइन में शार्ट सर्किट की वजह से सोमवार दोपहर करीब एक बजे आग लग गई। हवा तेज होने के चलते आग की लपटें रामदयाल, राम आसरे के खेत तक पहुंच गई। चीख-पुकार पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। फायर कर्मियों और ग्रामीणों की मदद से करीब एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में कोहरइया कटका खानपुर के राम



गोसाईगंज क्षेत्र में अग्निकांड से जली गेहूं की फसल।

अधार, हीरालाल, कृष्ण कुमार के साथ उनके सह खातेदारों की नौ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। कटघरा के राम अवध का दस बिस्वा, जगपता का पांच बिस्वा, राम जियावन का दो विस्वा गेहूं जल गया। हल्का लेखपाल राजेश गौतम ने बताया एक दर्जन से अधिक किसानों का गेहूं की फसल जली है। क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

### छप्पर में आग लगने से गृहस्थी राख

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** महुली ग्राम सभा में अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लगने से घरेलू सामान जलकर राख हो गया। राजस्व कर्मियों ने नुकसान का आंकलन किया है। सोमवार को महुली निवासी कर्मराज यादव के छप्पर में अचानक आग लग गई। पीड़ित कर्मराज यादव ने बताया कि वे अपने घर से कुछ दूरी पर बैठा हुआ था। तभी अचानक आग की लपटे दिखाई दी। छप्पर में रखे सामान निकालने की कोशिश की। पर, आग की लपटे तेज होने की वजह से सामान नहीं निकाला सका। आग की लपटें देखकर आसपास के अन्य लोग भी मौके पर दौड़कर पहुंचे। आग पर पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान सूचना हल्का लेखपाल अमित यादव को दी गई। स्वयं भी ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में लग गए। करीब घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आंकलन किया।

# मां शैलपुत्री की पूजा को शक्तिपीठ तैयार

- शक्ति उपासना का पर्व नवरात्र आज से, मंदिरों में साफ-सफाई कर की गई विशेष तैयारी
- बाजारों में दिन भर लगी रही पूजा सामग्री खरीदने वालों की भारी भीड़

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** वासंतीय नवरात्र को लेकर शक्ति पीठों पर सोमवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मंगलवार को घर-घर कलश स्थापना के साथ माता रानी विराजेंगी और पूजा पाठ शुरू हो गया। बाजारों में दिन भर खरीदारों की भीड़ उमड़ी।

दीवानी न्यायालय में प्रधान सहायक पद पर तैनात पंडित कृष्णकांत मालवीय बताते हैं कि माह चैत्र के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होती है। इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी। ये तिथि अगले दिन यानी 09 अप्रैल को संध्याकाल 08 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू धर्म में उदया तिथि मान है। इसलिए 09 अप्रैल को घटस्थापना है।



ऐतिहासिक लोहरामऊ देवी दुर्गा भवानी धाम। अमृत विचार

हिंदू धर्म में नवरात्र के पर्व को बहुत ही ज्यादा पावन और पवित्र माना जाता है। पंडित कृष्णकांत मालवीय बताते है नौ अप्रैल को घटस्थापना समय सुबह 06 बजकर 02 मिनट से लेकर 10 बजकर 16 मिनट तक है। इसके अलावा 11 बजकर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त है। आप इन दोनों मुहूर्त में घटस्थापना कर सकते हैं।

# युवक को गोली मारने के मामले में दो गिरफ्तार

- पुलिस फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों की कर रही तलाश

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** तीन दिन पहले अविनाश सिंह उर्फ शुभम पर गोली चलाने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार की रात कोतवाली के राईबीगो गांव के अनुपम सिंह एवं विपक्षियों के बीच काजल ढाबे पर खाना खाने के दौरान मारपीट हो गई थी। रात 10 बजे विपक्षियों ने फोन कर अनुपम के भाई अविनाश को सुलह करने के लिए बुलाया। अविनाश के आते ही विपक्षियों ने उन पर गोली चलाना शुरु कर दिया। उन्हें तीन गोली लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रामा सेंटर लखनऊ में उनका इलाज चल रहा है। मामले में घायल के भाई वैभव सिंह की तहरीर पर कटसारी गांव के भगत सिंह, विवेक सिंह, रोहित सिंह, उत्कर्ष सिंह एवं बढ़ौना डीह गांव के आयुष सिंह उर्फ वीरू के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार की रात मुखबिर की सूचना पर मामले में नामजद आरोपी रोहित सिंह एवं विवेक सिंह को धोपाप पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है व तीन अन्य की तलाश जारी है।

## सार-संक्षेप

### आगजनी के आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थानाक्षेत्र के मां सरस्वती कोचिंग संस्थान में आगजनी व नुकसानी करने के तिलक तिवारी निवासी आरोपी तेजभान की अग्रिम जमानत अर्जी पर सोमवार को हुई सुनवाई में न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक बीती सात आठ जनवरी की रात शराब पीने से मना करने की रंजिशन आरोपी ने वादी तेजबहादुर सिंह की कोचिंग में बेंच, अभिलेख व अन्य समान को आग के हवाले कर दिया था तथा टीन शेड क्षतिग्रस्त कर दिया था। आरोपी ने दर्ज केस के बाद पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी।

### कटका के पास रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार शाम को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के गाना मिश्र का पुरवा कटका के पास रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया था। पुलिस ने आधार कार्ड से मृतक की शिनाख्त की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। कूरेभार थाना क्षेत्र के रतापुर प्रतापपुर निवासी सतीश कुमार (56) पुत्र हितलाल सोमवार को घर से निकला हुआ था। सोमवार शाम साढे.चार बजे उसका शव गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के गाना मिश्र का पुरवा कटका के पास रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत पाया गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। द्वारिका गंज चौकी इंचार्ज अमित सिंह कांस्टेबल अखिलेश सिंह, संतोष कुमार व संजय यादव के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड से शिनाख्त करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी भानमती, पुत्र रोहित, राजेन्द्र, पुत्री सीमा, आशा व गीता का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### घोषित किए गए कांग्रेस पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पूर्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के स्वीकृत के बाद सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने नव मनोनीत ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की ओर से जारी सूची में 14 ब्लॉक अध्यक्षों में से दो ब्लॉकों में कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। अधिकतर पुराने चेहरों को फिर से मौका दिया गया है। दूबेपुर ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी जमींदार यादव को सौंपी गई है। इसके अलावा दोस्तपुर ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी इरफान को सौंपी गई है। इसके अलावा भदैया ब्लॉक के अध्यक्ष की जिम्मेदारी शक्ति तिवारी, लम्भुआ में चन्द्रभान सिंह, प्रतापपुर कमैचा में लालता पाठक, करौंदीकला में शम्भूनाथ गौतम, अखण्डनगर में विनोद पाण्डेय, कादीपुर में सर्वेश सिंह, मोतिगरपुर में राहुल मिश्रा, जयसिंहपुर में राजेश ओझा, कूरेभार में नफीस पठान, धनपतगंज में अजेन्द्र पाण्डेय विभू, बल्दीराय में इमरान मोनू और कुड़वार ब्लॉक की जिम्मेदारी नंदलाल मौर्य को दी गई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को नई पारी शुरू करने के लिए बधाई दी।

### युद्ध का महत्वपूर्ण सिद्धांत है चकमा: डॉ. हीरालाल यादव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चकमा युद्ध का महत्वपूर्ण सिद्धांत है। यह सफलता की कुंजी और सैनिकों की विजय का रहस्य है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. हीरालाल यादव ने कहीं। वह विभाग द्वारा वर्तमान परिदृश्य में युद्ध के सिद्धांतों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। बीए की छात्रा प्रीति ने कहा कि युद्ध का लक्ष्य चुनना और फिर उस पर मजबूती से जमे रहना युद्ध का एक बड़ा सिद्धांत है। अनुश्री सिंह ने बताया कि प्रतिशोध की भावना से फुफकारते हुए तड़ित के समान द्रुत और प्रबल आक्रमण करना ही प्रतिरक्षात्मक युद्ध का उज्ज्वल पक्ष है। शिवानी यादव ने युद्ध के सैन्य बल संकेंद्रण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में सहबान अली, राज यादव, मोहम्मद अलफैज विद्यासागर, इंद्रजीत, पूजा वर्मा, प्रीति वर्मा, गरिमा सिंह, पुनीता, प्रीति विश्वकर्मा, रंजन, नम्रता मिश्रा व अनामिका सिंह आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बाल अपराधों के कारण संकट में है बचपन: प्रो. एमपी सिंह

- राणा प्रताप पीजी कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बचपन हमारे समाज की अनमोल धरोहर है। बाल अपराधों की बढ़ती संख्या ने इसे खतरे में डाल दिया है। पूरा विश्व इस विषय पर चिंचित है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो एमपी सिंह ने कहीं। वह महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा बाल अपराध : समस्या कारण और निवारण विषय पर आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बाल अपराधों के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनके समाधान के लिए समाज को साझा जिम्मेदारी निभानी चाहिए। बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा का प्रसार, सामाजिक सहयोग व कानूनी प्रणाली को मजबूत करके इस समस्या को कम किया जा सकता है। डॉ. शालिनी सिंह ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके सम्पूर्ण विकास हेतु समाज को व्यापक दृष्टिकोण बनाने की जरूरत है। डॉ. बृजेश सिंह ने विचार रखा कि बाल हित में परिवार शिक्षक और समाज एक साथ मिलकर काम करें तो धीरे-धीरे समस्या खत्म हो जायेगी। संचालन वीरेंद्र कुमार गुप्त ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वेदों की ओर लौटो का दिया नारा

- आर्य समाज बाधमंडी के तत्वावधान में मनाया गया स्थापना दिवस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आर्य समाज बाधमंडी के तत्वावधान में आर्य समाज के स्थापना दिवस के पूर्व दिवस पर आयोजित वैदिक यज्ञ व सांस्कृतिक समारोह के मुख्य अतिथि गनपत सहाय पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. अंग्रेज सिंह ने कहा कि आर्य समाज की स्थापना करके महर्षि दयानंद ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों को सशक्त कर राष्ट्र में स्वाभिमान जागृत किया और पाखंड खंडनी पताका पहरायी। अंग्रेजों की गुलामी से शोषित भारत में नई चेतना जगाई। वेदों की ओर लौटो का नारा देकर आर्य समाज ने



आर्य समाज के स्थापना दिवस पर मेधावियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

नारी व दलितों में चेतना जागृत की।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि 1875 ई में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना कर महर्षि दयानंद ने भारतीयों को वह उपहार दिया जिसकी गूंज वेदोत्थान और पाखंड प्रहार के रूप में आज भी सुनाई दे रही है। साहित्यकार प्रो. डॉ. ओंकार नाथ द्विवेदी ने कहा कि आर्य समाज ने वसुधैव कुटुम्बकम के माध्यम से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। समाजसेवी करतार केशव यादव और प्रबंधक गुरु नानक विद्यालय महेंद्र पाल सिंह, अजय दुबे, वीरेंद्र मिश्रा, अजीत द्विवेदी, उदयराज आर्य ने आर्य समाज पर अपने विचार रखे। संचालन डॉ. विनय मिश्रा ने किया।

# सशक्त भारत का निर्माण करेगा आपका वोट

- सांसद ने दौरे के आठवें दिन एक दर्जन सभाओं को संबोधित किया

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सोमवार को सांसद मेनका संजय गांधी ने दौरे के आठवें दिन विधायक राजेश गौतम एवं एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के साथ एक दर्जन सभाओं को संबोधित किया। श्रीमती गांधी ने तीन मंडलों करौंदीकला, अखंडनगर व दोस्तपुर में कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद कर जोश भरा।

उन्होंने कहा भाजपा कार्यकर्ता हमारी ताकत है। उन्होंने कहा आपने पांच साल पार्टी के झंडे को ऊंचा रखा हैं। कार्यकर्ताओं से चार जून को हर बूथ पर 400 वोट की रणनीति बनाने को कहा। उन्होंने कहा जीत



कादीपुर में जनसभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

जितनी बड़ी होगी, आपकी ताकत उतनी ही बढ़ेगी। श्रीमती गांधी ने करौंदीकला विख अंतर्गत मेवपुर बरचौली गांव में भाजपा नेता फतेह बहादुर सिंह के संयोजन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा जाति-बिरादरी छोड़कर काबिलियत पर मतदान करना होगा। वोट विकसित व सशक्त भारत का निर्माण करेगा। सांसद ने सोमवार को बरवारीपुर, जलालपुर दुर्गापुर, मिसिरपुर, सरैया मुबारकपुर, पतजू पहाड़पुर, सेहतपुर, खानपुर पिलाई एवं बेलवाई धाम पर आयोजित सभाओं को संबोधित किया। विभिन्न कार्यक्रमों में विधायक राजेश गौतम, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, आनन्द जायसवाल, आनंद द्विवेदी व भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### सीडीओ ने गौशाला का निरीक्षण किया

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचारः** विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा के ग्रामसभा पकड़ी कला में स्थित गोशाला में गोवंशों के रख रखाव की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक पहुंचे। निरीक्षण की सूचना पर बीडीओ प्रतापपुर कमैचा देव नायक सिंह व सचिव हरिकेश कुमार भी मौके पर पहुंचे। गर्मी में गोवंशों की लू से बचने के लिए छाव की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त शेड बनवाया गया है। इसके बाद वहां से सीधे ब्लॉक क्षेत्र के ही ग्राम सभा शेषनपुर के गौशाला का भी निरीक्षण किया गया। वहां पर भी सारी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही। इस दौरान सचिव नीरज सिंह पशु अधिकारी महेश गौड़ आदि लोग भी मौजूद रहे।

**जागरूकता** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के सब्जी विज्ञान विभाग के शोध छात्र गौरव ने बताए उपाय

# फसलों के विविधीकरण से किसानों की आय करेंगे दोगुना

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** किसानों की आय दोगुनी करने के लिए फसलों का विविधीकरण एक प्रमुख रणनीति है। इसमें किसानों को केवल एक या दो फसलों पर निर्भर रहने के बजाय विभिन्न प्रकार की फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। यह कहना क्षेत्र के पुरखीपुर निवासी व चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के सब्जी विज्ञान विभाग के शोध छात्र गौरव मिश्रा का है।

अपने शोध के आधार पर गौरव बताते हैं कि सबसे पहले विविधीकरण बाजार के उतार-चढ़ाव और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद करता है। विभिन्न प्रकार की फसलें उगाकर किसान अपनी आय के स्रोत बढ़ा सकते हैं। यदि एक फसल विफल हो जाती है या उसका बाजार मूल्य गिर जाता है, तब भी उनके पास भरोसा करने के लिए अन्य फसलें होती हैं। विभिन्न फसलों की बाजार मांग और कीमत में उतार-चढ़ाव अलग-अलग होते हैं। उच्च मूल्य वाली फसलों, नकदी फसलों और मुख्य फसलों का मिश्रण उगाकर, किसान बाजार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं और अपनी कमाई को अधिकतम कर सकते हैं। किसानों को उनकी



शोध छात्र गौरव मिश्रा।

फसलों में विविधता लाने में सहायता के लिए विभिन्न उपाय किए जा सकते हैं। इसमें विविध और उन्नत बीज किस्मों तक पहुंच प्रदान करना, फसल चयन और खेती के तरीकों पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना और विभिन्न फसलों के लिए बाजार संपर्क की सुविधा प्रदान करना शामिल है।

तकनीकी प्रगतिः शोध छात्र बताते हैं कि प्रौद्योगिकी को अपनाने से कृषि पद्धतियों में क्रांति आ सकती है। सटीक खेती, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और फसल निगरानी के लिए ड्रोन का उपयोग जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान अपने संसाधनों का अनुकूलन कर सकते हैं। उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और लागत कम कर सकते हैं।

### कौशल विकास और शिक्षा

किसान प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यक्रमों में निवेश करना आवश्यक है। किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, टिकाऊ प्रथाओं और बाजार के रुझानों के बारे में जानकारी देकर, वे सूचित निर्णय ले सकते हैं और अपनी उत्पादकता और लाभप्रदता में सुधार कर सकते हैं।

### ऋण और बीमा तक पहुंच

गौरव ने बताया कि ऋण तक पहुंच किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों में निवेश करने, उच्च गुणवत्ता वाले बीज और उर्वरक खरीदने और आवश्यक उपकरण हासिल करने की अनुमति देती है। किफायती और आसानी से सुलभ ऋण विकल्प प्रदान करके हम किसानों को विकास के लिए आवश्यक निवेश करने के लिए सशक्त बना सकते हैं। बीमा किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण है। बीमा कवरेज होने से किसानों को मानसिक शांति मिलती है।



**29वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.22 बजे
इफ्तार : 06.33 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.17 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**पैग़ाम ए रमज़ान**

छोटों-बड़ों को चांद का दीदार मुबारक हो, सब ईद के लिए हैं तैयार, मुबारक हो। सबके लिए नियाज़ की रब से ये दुआ। यह ईद हम सभी को सौ बार मुबारक हो।।
नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

# पलटा देवी के दर्शन से बदल गई थी पांडवों की किस्मत

एमपी गोस्वामी, सिद्धार्थनगर

**चैत्र नवरात्र पर विशेष**

**अमृत विचार।** पलटा देवी मंदिर का अस्तित्व महाभारत काल से जुड़ा है। यह मंदिर जनपद मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर भारत नेपाल सीमा के पास उत्तर दिशा में स्थित है। इस शक्तिपीठ पर वर्ष के दोनों नवरात्र (शारदीय एवं बसंतिक) के दिनों में हजारों श्रद्धालु पहुंचकर देवी का दर्शन व पूजन करते हैं। महाभारत कालीन इस मंदिर में पूजा अर्चना के लिए नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

बताया जाता है कि महाभारत काल में जब पांडव 12 वर्षों का अज्ञातवास काट रहे थे, तब आखिरी समय में इसी मंदिर पर पहुंचकर पीपल के पेड़ के पास अपना रूप बदला था और पुराने वस्त्र व अस्त्र-शास्त्र पेड़ पर टांग कर मां पलटा देवी का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इसके बाद पांडव राजा विराट के दरबार में रहकर एक वर्ष का समय व्यतीत किया था। दर्शन पूजन से प्रसन्न होकर मां ने पांडवों का भाग्य पलट दिया था, इसी से इस मंदिर को पलटा देवी के नाम से जाना जाने लगा। आदिकाल से ही लोग पलटा देवी के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। वैसे यहां तो प्रत्येक दिन सैकड़ो की भीड़ लगी रहती है, किंतु सोमवार के दिन अधिक संख्या में लोग पहुंचकर बच्चों का मुंडन, विवाह संस्कार आदि कराते हैं। यह मंदिर 21वें शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता है।

कहा जाता है कि जो भी भक्त पूरे मनोयोग के साथ सात सोमवार मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना करता है, मां उसकी सभी मुरादें पूरी करती हैं। नवरात्र के दिन तो यहां खूब भीड़ रहती है। रामनवमी के दिन विशाल मेले का आयोजन होता है। जिसमें सुदूर जनपदों से भी तमाम दुकानदार पहुंचते हैं। बताया जाता है कि मंदिर के पास वह पीपल का वृक्ष अभी भी मौजूद है, जिस पर अर्जुन ने अपने शस्त्र टांग कर रूप बदला था और राजा विराट के यहां जाकर नौकरी की थी।



नेपाल सीमा के करीब स्थित पलटा देवी का मंदिर। अमृत विचार

### हजारों वर्ष पुराना है पलटा देवी मंदिर : पीठाधीश्वर

मंदिर के पीठाधीश्वर चंदन गिरी व दीनानाथ गिरी ने बताया कि यह मंदिर हजारों वर्ष पुराना है। इस मंदिर के बगल में एक शिव मंदिर भी है, जहां शिव भक्त पहुंचकर शिवरात्र के दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के सामने ठीक एक पोखर है, जहां लोग स्नान आदि करके शिव मंदिर में जल चढ़ाते हैं और रुद्राभिषेक करते हैं। मंदिर की मान्यता के मुताबिक यहां लोग पूरे हफ्ते ठहर कर देवी पाठ करते हैं और मां को मनाने के लिए भंडारा आदि का भी कार्यक्रम चलता रहता है।

# डुमरियागंज सीट पर बसपा से लड़ेंगे ख्वाजा शमसुद्दीन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज संसदीय सीट पर बसपा ने रविवार को ख्वाजा शमसुद्दीन मियां की उम्मीदवारी का एलान कर दिया है। ख्वाजा शमसुद्दीन की उम्मीदवारी का एलान होते ही मुस्लिम मतों में विभाजन की उम्मीद से भाजपा खेमे में खुशी की लहर दिखने लगी है। अब सपा भी जल्द ही अपनी रणनीति का खुलासा करते हुए अपने प्रत्याशी का एलान कर सकती है।



ख्वाजा शमसुद्दीन गोरखपुर जनपद के निवासी हैं तथा समाजसेवी हैं। वह 2022 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुके हैं। ख्वाजा की उम्मीदवारी से मुस्लिम मतों में विभाजन तय मान कर भाजपा में जगदम्बिका पाल की जीत आसान मानी जाने लगी है। बसपा के प्रत्याशी का ऐलान होते ही जिले के भाजपा युवा नेता सिद्धार्थ ने कहा कि कि अब जगदम्बिका पाल का चुनाव आसान हो गया है।

सूत्रों के अनुसार इंडिया गठबंधन में शामिल सपा को यहां प्रत्याशी उतारना है। अभी सपा अपने प्रत्याशी का ऐलान शायद इसी वजह से नहीं कर पा रही थी, क्योंकि उसे बसपा के दांव का इंतजार था। अब जब बसपा ने ख्वाजा को चुनावी मैदान में उतार दिया है तो सपा भी अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुट गई है।

**एक नजर**

### एसपी ने जनता दर्शन में सुनीं जनता की समस्याएं

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं व शिकायतों को सुना। पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में एसपी ने पीड़ितों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित पुलिस अधिकारियों को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें तीन भूमि विवाद, तीन मारपीट व 14 अन्य विवादों से संबंधित थे।

### पुलिस ने किया रूट मार्च

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना भवानीगंज पुलिस व अर्द्धसैनिक बल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम भानपुररानी, भानपुर मस्जिदिया व बयारा आदि में रूट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, वल्नरेबल मजरों का भ्रमण कर निर्भीक होकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

# बिना मान्यता के चलता मिला स्कूल

## डीआईओएस के निरीक्षण में खुली पोल, तत्काल बंद करने का निर्देश

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** माध्यमिक विद्यालयों में पठन-पाठन सुचारू रूप से चलने के साथ ही शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मियों और बच्चों की उपस्थिति जांचने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) सोमारू प्रधान ने सोमवार को कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्कूल बगैर मान्यता के संचालित होने पर तत्काल विद्यालय को बंद करने समेत अभिलेख प्रस्तुत न करने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा अलग-अलग स्कूलों में अनुपस्थित पांच शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश दिया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने सोमवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटियरिया के निरीक्षण में प्रधानाचार्य मीनू अनुपस्थित मिली। मार्च माह के उपस्थिति पंजिका में कई कालम में हस्ताक्षर ही नहीं बनाए गए हैं। दीनबंधु इंटर कॉलेज नदांव में तैनात 16 शिक्षकों में एक सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले। महामना मालवीय इंटर कॉलेज बरगदवा में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। कक्षाएं संचालित मिलीं। बरदगवा में गायत्री पब्लिक स्कूल के निरीक्षण में जिविनि को कक्षा 10 तक की पढ़ाई होती मिली। मान्यता के कागजात दिखाने के मामले में प्रबंधक प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कक्षा आठ तक मान्यता है। आठ तक की मान्यता संबंधी अभिलेख भी मौके पर नहीं दिखा सके। डीआईओएस ने तत्काल स्कूल बंद करने के निर्देश, साथ ही मान्यता संबंधी कागजात न दिखाने पर एफआईआर कराने की चेतावनी भी दी। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बांसी के निरीक्षण में बच्चों की संख्या कम मिली। सहायक अध्यापक अनुपमा पांडेय, सुष्मिता त्रिपाठी अनुपस्थित मिलीं। निरीक्षण के समय साफ-सफाई बेहतर करने केसाथ ही प्रवेश के समय बच्चों की प्रोफाइल कंपलीट करने का भी निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती का निर्देश दिया।

### बैंक खाते में भेजें वेतन

वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को प्रदत्त वेतन एवं परिलब्धियों का भुगतान चेक के माध्यम अथवा उनके बैंक खाते में हस्तांतरित करने का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी डीआईओएस सोमारु प्रधान ने दी। बताया कि शासन के निर्देश का अनुपालन न करने पर संबंधित स्कूलों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों को उत्तरदायी मानते हुए कार्रवाई होगी।

### शिक्षण अवधि में बदलाव

मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारंभ होने के समय में परिवर्तन किया गया है। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा शीतकालीन में एक अक्तूबर से 31 मार्च तक शिक्षण कार्य सुबह 8:50 बजे से अपरान्ह 2:50 बजे तक रहेगा। यह जानकारी डीआईओएस ने दी है।



### बच्चों को खिलाया गया पुष्टाहार से बना लड्डू, दलिया, पकौड़ी, हलवा

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मारवाड़ी धर्मशाला पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्वस्थ बालक होशियार बच्चा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को पौस्टिक भोजन खिलाया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाईजर मालती देवी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने पुष्टाहार से बना लड्डू, दलिया, पकौड़ी, हलवा आदि पौष्टिक भोजन बच्चों को खिलाया। भोजन सर्वप्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सभासद अशरफ अंसारी, वकील खान, सतीस शर्मा, संध्या कसौधन, सभासद प्रतिनिधि बबलू गौड़, अवधेश आर्य ने चखा। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री माधुरी मिश्रा ने अभिभावकों को बच्चों के लिए पौष्टिक आहार का महत्व बताया। कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही पोषण बहुत ही आवश्यक है। प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने कहा कि जब बच्चों शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होगा तो बच्चों का भविष्य बेहतर बनेगा।

# स्कूलों में बढ़ेंगी खेल की गतिविधियां

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील में अब गांव की प्रतिभाएं भी खेल के जरिए आगे बढ़ेंगी। क्योंकि परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी एथलीट बनेंगे। साथ ही वे फुटबाल, वॉलीबाल सहित अन्य खेल भी खेल सकेंगे। विद्यालयों में उनके लिए खेलों इंडिया फिट इंडिया अभियान के तहत खेलकूद गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रतिभावान बच्चों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।



जनपद के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को अब पारंपरिक खेलों के साथ ही एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, खो-खो, कबड्डी, फुटबाल, वॉलीबाल, हैंडबाल और ब्लाइंड क्रिकेट आदि खेलों में भी दक्ष बनाया जाएगा। खेलकूद मद में मिलने वाली धन राशि से खेल से संबंधित सामान की खरीदारी होगी। प्राथमिक विद्यालयों में पांच हजार और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 10 हजार रुपये के हिसाब से धन खर्च किया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों को भी समाहित किया जाएगा। खेलकूद सामग्री की खरीद के लिए विद्यालय परिसर में उपलब्ध खेल मैदान को भी ध्यान में लिया जाएगा। मैदान के अनुसार खेल सामग्री की खरीद होगी। सबसे पहले बच्चे अंतर विद्यालय स्तर की खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। तत्पश्चात चरणबद्ध ढंग से उन्हें जिला, मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर भी मिलेगा।

# गर्मी में होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत निगम की ओर से इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय स्थित वर्कशॉप हॉल में 412 ट्रांसफार्मर तैयार हैं। इससे ट्रांसफार्मरों के जलने पर बिजली आपूर्ति में बाधा नहीं आएगी। जिले में विभिन्न भार के कुल तीन लाख 92 हजार उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को 32 बिजली घरों से बिजली आपूर्ति की जाती है। जिले में विभिन्न क्षमता के लगभग 20 हजार ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं।

### वर्कशाप में तैयार ट्रांसफार्मर

| | |
|---|---|
| 10 केवीए 150 | 100 केवीए 10 |
| 16 केवीए 100 | 250 केवीए चार |
| 25 केवीए 123 | 400 केवीए तीन |
| 63 केवीए 22 | --------- |

गर्मी के मौसम बिजली की खपत बढ़ जाती है। लोड बढ़ने की वजह से ट्रांसफार्मर जल जाते हैं। ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के लिए जिला मुख्यालय पर वर्कशाप बनाया गया है। गर्मी की तैयारी के लिए वर्कशाप में 412 ट्रांसफार्मर तैयार हैं। इनमें सबसे ज्यादा 10 केवीए के ट्रांसफार्मर हैं।

"विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में कई ट्रांसफार्मर मिले हैं। ये चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जा रहे हैं। वर्कशॉप में 412 से अधिक ट्रांसफार्मर तैयार कर लिया गया हैं। वहां ट्रांसफार्मर का रिपेयर तेजी से चल रहीं हैं।"
-एसके पासवान, एसई,

जानकारी के अनुसार, विभिन्न योजनाओं के तहत इस बार जनपद को बड़ी संख्या में नए ट्रांसफार्मर मिले हैं। ये चिह्नित स्थानों पर लगाए जा रहे हैं। साथ ही पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि भी की जा रही है।

**सार-संक्षेप**

### मतदान से पहले निरीक्षण कर ठीक करा लें कमियां



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी/बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी शशांक शेखर राय की उपस्थिति में सेक्टर मजिस्ट्रेट डुमरियागंज के साथ जिलाधिकारी कक्ष में बैठक सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर लें। बूथों पर पीने के पानी की व्यवस्था, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, बरामदा, मतदेय स्थल पर बाउन्ड्री वाल, बूथ संख्या अंकित है या नहीं, इन्टरनेट कनेक्टिविटी, तथा मतदेय स्थल भवन की स्थिति आदि के बारे में निरीक्षण कर लें। जो भी कमियां हैं उन्हे समय से ठीक करा लें। इसके अलावा बूथ तक जाने के लिए सड़क ठीक होनी चाहिए इसको भी देख लें। कहा कि सभी लोग उपलब्ध कराये गये वाहन का ही प्रयोग करेंगे और निर्धारित स्थल/विद्यालय पर ही रूकेंगे। किसी भी प्राइवेट स्थान पर नहीं रूकेंगे। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को निर्देश दिया कि मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर समय से सभी कमियों को ठीक कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट डुमरियागंज, आदि उपस्थित थे।

### दिव्यांगों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग

**सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दिव्यागों, गंभीर रुप से बीमार अशक्त, नवजात शिशुओं की माताओ, पति पत्नी में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल, जिलामंत्री राजेश कुमार मिश्र ने मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार से मिलकर पत्र सौपा। कर्मचारी नेता द्वय ने कहा कि गत वर्षों में भी समस्याओं से ग्रस्त कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा गया था।

### निर्वाचन सामग्री की पैकिंग का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने सोमवार को लोहिया कला भवन के जिम्नेजियम हाल में निर्वाचन सामग्री की हो रही पैकिंग का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपजिलाधिकारी/बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी शशांक शेखर राय को निर्देश दिया कि सभी कार्य समय से व ठीक ढंग से पूर्ण कराएं। जिससे चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।

### आरपीएफ ने यात्रियों का सामान बरामद कर सौंपा

गोरखपुर, अमृत विचार। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 7 अप्रैल को मनकापुर स्टेशन पर परिजन से बिछड़े बुजुर्ग को उसके परिजनों के सिपुर्द किया। इसी तरह 5 अप्रैल को ए.टी.एस. टीम को रेलवे स्टेशन, गोरखपुर पर 16 वर्ष की लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 6 अप्रैल को छपरा स्टेशन आरक्षण केन्द्र से रेलवे टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त दो व्यक्तियों को 17 अदद तत्काल एवं काउण्टर टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बल, थावे ने गोपालगंज पचदेउरी स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त दुकान संचालक को व्यक्तिगत यूजर आइडी पर बने 24 अद्द ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, काठगोदाम द्वारा यात्री का छूटा पर्स बारामद किया कर उसे सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, खलीलाबाद द्वारा यात्री का छूटा बैग बारामद किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, कप्तानगंज द्वारा 168 बोतल अमानक पानी की बोतल बरामद कर कप्तानगंज पोस्ट पर जमा किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचालन 15 को

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 05616 गुवाहाटी-श्री गंगानगर एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचालन 15 अप्रैल को किया जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 15, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा जी.एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के सभी सीएचसी व पीएचसी पर जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग दो हजार मरीजों ने इलाज करवाया। मेले में सबसे अधिक गर्मी बढ़ने से वायरल फीवर के साथ उल्टी दस्त के मरीज आए। सभी मरीजों का जांच कर जरूरी दवाएं वितरीत की गई। सभी को गर्मी से बचने के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी सीएमओ डॉ. दिनेश चौधरी ने सोमवार को बताया कि गर्मी के मौसम में उलटी दस्त के मरीज आ रहें है। मेले में सभी डॉक्टर मरीजों को गर्मी से बचने का सलाह देते हुए दबा वितरित कर रहें हैं।

# भारत में राजदंड प्राचीन परम्परा : डा. सच्चिदानंद

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में सोमवार को भारतीय इतिहास संकलन समिति, गोरक्ष प्रांत एवं प्राचीन इतिहास विभाग, शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का मुख्य विषय भारत में राजदंड की परम्परा (सेंगोल) था। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सच्चिदानंद चौबे थे। डा. चौबे ने कहा कि भारत में राज दंड की परम्परा सृष्टि के आरम्भ से ही है। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह ने किया। उन्होंने भारत में राजदंड की परम्परा पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं वंदन से हुआ। संगोष्ठी की प्रस्तावना आयोजन सचिव डा. ज्योति सिंह विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास विभाग ने प्रस्तुत किया। संगोष्ठी का संचालन सह-संयोजक डा. एके सिंह ने तथा धन्यवाद संयोजक मेजर मुकेश कुमार ने किया। संगोष्ठी में विद्वतजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। प्राचीन इतिहास विभाग द्वारा एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के ऐतिहासिक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रथम स्थान शुभी मौर्य, द्वितीय मीना कांदू और तृतीय स्थान शालू चौहान को मिला। कार्यक्रम में डा. धर्मेंद्र सिंह, विनोद कुमार, डा. जय नारायण त्रिपाठी, डा. राम किशोर सिंह, डा. उमाशंकर प्रसाद यादव, प्रवीण कुमार, डा. अजय कुमार सिंह, रोहिणी त्रिपाठी, निकिता त्रिपाठी, नेहा गुप्ता, प्रतीक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करते अतिथि। अमृत विचार

# यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों का संचालन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 04707/04708 बीकानेर-दरभंगा-बीकानेर विशेष गाड़ी का संचालन 14 एवं 21 अप्रैल को बीकानेर से तथा 15 एवं 22 अप्रैल को दरभंगा से दो फेरों के लिये किया जायेगा। गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 12, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर./डी के दो कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई)-मऊ-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 10 अप्रैल एवं 1 मई को तथा मऊ से 12 अप्रैल एवं 3 मई को दो फेरों के लिये किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



**अपील** जिलाधिकारी ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर जनसामान्य को किया आगाह, दिए आवश्यक निर्देश

# इस बार ज्यादा पड़ सकती है गर्मी, खुद का रखें ख्याल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जन सामान्य को गर्म हवा व लू से बचाव के उपायों को अपनाने एवं सतर्क रहने का सलाह दी है। जिलाधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी तथा जलवायु परिवर्तन का असर सीधे देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मौसम का तापमान विगत वर्ष की अपेक्षा सामान्य तापमान से 3-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहने का अनुमान है। पूर्वानुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी तथा गर्म हवाएं चलने की संभावना है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य आले वाले दिनों में संभावित हीट वेब, लू से बचाव को लेकर अभी से सतर्क हो जाये तथा लू से बचाव के उपायों को जान सकें एवं अपना व समुदाय का बचाव कर सकें। डीएम ने बताया कि जन सामान्य को लू के प्रकोप से बचाने को लेकर उनके निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, पूर्ति विभाग, नगर निकायो, पशुपालन, पुलिस, कृषि, अग्नि शमन, सिंचाई सहित अन्य विभार्गो के सहयोग की कार्ययोजना तैयार की गई है।



गर्म हवा, लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्म हवाओं से बचाने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाओं पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहे तथा सूर्य यो ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। उन्होंने बचाव के बारे में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई त इस्तेमाल करें, इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें। यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि लू व गर्म हवा से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

# विद्यालय में प्रवेश के लिए फार्म वितरण शुरू

**गोरखपुर, अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एन.ई. रेलवे गर्ल्स इण्टर कालेज, बौलिया रेलवे कालोनी, गोरखपुर में नये सत्र-2024-25 हेतु कक्षा-06 से 09 एवं 11वीं (गणित, जीवविज्ञान एवं मानविकी) में बालिकाओं के प्रवेश हेतु पंजीकरण शुरू है। पंजीकरण फार्म 8 अप्रैल से सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्यालय से वितरित किया जा रहा है तथा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 14 अप्रैल निर्धारित है। इस विद्यालय में योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा उच्च-स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिये सभी सुविधायें उपलब्ध हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज ने दी।

# धर्म दर्शन

## शक्ति और आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र



संपूर्ण वैदिक साहित्य और भारतीय आध्यात्म शक्ति की उपासना प्राय: मां के रूप में की गई है। यही नहीं शक्ति के तामसिक रूपों में हाकिनी, यक्षिणी, प्रेतिनी आदि की पूजा भी तांत्रिक और साधक मां के रूप में करते हैं। मां शब्द से उनकी आक्रमकता कम हो जाती है और माना जाता है कि वह व्यक्ति को पुत्र व अज्ञानी समझ क्षमा कर अपनी कृपा बरसती हैं। नवरात्र में प्राय: वातावरण में ऐसी क्रियाएं होती हैं, जिनसे इस समय पर शक्ति की साधना, पूजा और अर्चना करने से प्रकृति शक्ति के रूप में कृपा करती है।

भारतीय संस्कृति में वसंत को ऋतुराज की उपाधि दी गई है। इसी ऋतु में पड़ने वाले चैत्र शुक्ल पक्ष के नौ दिन आद्याशक्ति की आराधना को समर्पित होते हैं। इसीलिए वासंतिक नवरात्र सदा से ही शक्ति पूजा का पर्वकाल रहा है।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है। रामायण काल में भगवान राम ने भी नवरात्र के उत्तम व्रत को किया था। इस व्रत के प्रभाव से ही पराक्रमी एवं मायावी शत्रु रावण को परास्त किया था। देवर्षि नारद ने भगवान श्री राम को इस अनुष्ठान को सम्पन्न करने का उपदेश दिया था। नवरात्र न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

चैत्र नवरात्र आत्मशुद्धि और मुक्ति के लिए। वैसे सभी नवरात्र का आध्यात्मकि दृष्टि से अपना महत्व है। आध्यात्मकि दृष्टि से देखें तो यह प्रकृति और पुरुष के संयोग का भी समय होता है। प्रकृति मातृशक्ति होती है इसलिए इस दौरान देवी की पूजा होती है गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि संपूर्ण सृष्टि प्रकृतिमय है और वह सिर्फ पुरुष हैं। यानी हम जिसे पुरुष रूप में देखते हैं वह भी आध्यात्मकि दृष्टि से प्रकृति यानी स्त्री रूप है। स्त्री से यहां मतलब यह है कि जो पाने की इच्छा रखने वाला है वह स्त्री है और जो इच्छा की पूर्ति करता है वह पुरुष है।

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी को सृष्टि निर्माण का काम शुरु किया था। चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में पहला अवतार लेकर पृथ्वी की स्थापना की थी। भगवान विष्णु का सातवां अवतार जो भगवान राम का है वह भी चैत्र नवरात्र में हुआ था। इसलिए धार्मिक दृष्टि से चैत्र नवरात्र का बहुत महत्व है। इस नवरात्रि में देवी की 9 शक्तियों के अलावा 9 विद्या भी पूजी जाती हैं। 9 औषधियां भी पूजन में शामिल की जाती है। इस नवरात्रि में ध्यान, चिंतन और मनन के अतिरिक्त आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास किए जाते हैं। साधक की साधना इस नवरात्रि में अधिक फलदायी होती है।

नवरात्र के नौ दिनों में मनुष्य अपनी भौतिक, आध्यात्मकि, यांत्रिक और तांत्रिक इच्छाओं को पूर्ण करने की कामना से व्रतोपवास रखता है और ईश्वरीय शक्ति इन इच्छाओं को पूर्ण करने में सहायक होती है। नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है। किंतु शक्ति का यह विचार भी सभी प्राणियों के कल्याण हेतु है-सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते!

यह शक्ति आराधना का पर्व है। इसी के अनुरूप संयम नियम की भी आवश्यकता होती है। पूरे देश में इक्यावन शक्तिपीठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। शक्ति पूजा की पूरे भारत में एक गौरवशाली परंपरा रही है। शक्ति पूजा प्रणाली, एक समय प्राचीन भारत में शक्ति पूजा के केंद्रों के माध्यम से प्रचलित थी, जिन्हें शक्तिपीठों के नाम से जाना जाता था। शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माना जाता है कि सतयुग में सती देवी के शरीर के अंग गिरे थे।

श्रीमद् भागवत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जो व्यक्ति सांसारिक ऐश्वर्य उत्तम संतान श्रीयश एवं विद्या की कामना करता है उसे नवरात्र का उत्तम व्रत करना चाहिए। शक्ति की उपासना करने से व्यक्ति की समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। वह शत्रु पर विजय प्राप्त करता है।

## नवरात्र-अवधि में व्रत का महत्व

शीतकाल की समाप्ति तथा ग्रीष्मकाल के दस्तक देने का पर्व है वसन्त ऋतु। प्रकृति में नव-सृजन शुरू होता है। वातावरण मनमोहक हो जाता है। इस वातावरण में होने वाले आध्यात्मिक पर्व वासन्तिक नवरात्र में व्रत-उपवास के साथ दैवी-शक्तियों के संचय करने का विधान है। श्रद्धालुजन व्रत रहते हैं। इस नवरात्र-व्रत के दौरान फलाहार के निहितार्थ को गहराई से समझने से लगता है कि साधना-उपासना-यज्ञ-अनुष्ठान-दान-तप से जो प्राकृतिक ऊर्जा का "फल" मिलता है, उसका आहार किया जाए। जिस प्रकार हम हर दिन जीवन के लिए आहार के रूप में भोजन लेते हैं, उसी तरह शरीर में विद्यमान ऊर्जा-शक्ति को भी रिचार्ज करते रहना पड़ता है। जब हम अनाज के रूप में भोजन करते है तो शरीर के रसायनों को उसे सुपाच्य करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस प्रक्रिया को विश्राम देने की भी आवश्यकता है। लिहाजा इस अवधि कोई दूध, दही, कोई फलाहार, कोई-कोई तो सिर्फ जल और वायु पीकर आंतरिक यंत्र-तंत्र को मंत्र की तरंगों से सशक्त करता है। उदाहरण लें तो किसी वाहन के पहिए में हवा कम है तो वाहन-संचालन प्रभावित हो जाता है। हमारा शरीर में इसी वायु से संचालित है। शरीर वायु का समुचित प्रयोग मूलाधार से सहस्रार को एक्टिवेट करता है। यही भगवान विष्णु-योगेश्वर कृष्ण का चक्र मानना उचित प्रतीत होता है। इसीलिए योग आदि के जरिए शरीर में हवा का अधिक से अधिक उपयोग उत्तम स्वास्थ्य देने वाला होता है। व्रत में पथ्य का अनुसरण और अपथ्य का निषेध किया गया है। जीवन में हम उसी पथ को चुनते है जो सुगम हो और कांटों से मुक्त हो। ऐसे पथ जिसमें गंदगी, दुर्गन्ध, रास्ता-जाम हो, उससे हर कोई बचना चाहता है। प्राय: रास्तों में सड़क के किनारों पर गन्दगी, अतिक्रमण होते रहते हैं, तो उसे सक्षम संस्थान हटाते हैं। शरीर की भोजन-नलियों तथा अन्यान्य हिस्सों में अवरोध को हटाने के लिए व्रत तथा फलाहार का विधान मेडिकल साइंस भी बताता है। इसी के साथ शरीर को हर हाल में जीने के लिए तैयार करने का उपक्रम भी व्रत रखकर फलाहार करना है।

फलाहार का सीधा सा अर्थ है कि मौसमी फल स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उपयोगी है। हल-बीज-खाद से उपजायी गयी वस्तु की जगह लम्बी अवधि तक गर्मी-जाड़े से लड़ते हुए जो पेड़ फल दे रहे हैं उसमें विशेष ऊर्जा-तत्व हैं।

इसलिए भी फलाहार कर इस ऊर्जा को सञ्चित किया जाए। वर्ष भर शरीर तंत्र को एक ही पद्धति से काम करने से बदलना भी है फलाहार के माध्यम से हो जाता है। बदलाव नयापन लाता है। हम 6 घण्टे सोते हैं यानि इस अवधि में आंखें देखने के काम को वरतती यानि विरत रहती हैं। आंखों के इस व्रत का ही परिणाम कि ये आंखें दूसरे दिन देखने में सक्षम रहती है। मौन-शक्ति का भी यही लाभ है। इस प्रकार शरीर के आंतरिक तंत्र का मौन ही है व्रत, उपवास और हल्के फलाहार की प्रक्रिया।

## मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता

इस जगत की उत्पादिका, संरक्षिका और संहारिका पर ब्रह्मरूपा मां महाशक्ति की आराधना और इसी अवधि में पड़ने वाली चैत्र-नवरात्रि, नवरातें, नवरात्र तथा श्रीहरि विष्णु के अंश अवतार के रूप में पूजित मर्यादापुरूषोत्तम के अवतरण से पावन 'चैत्ररामनवमी'। भारतीय प्रायद्वीप के मूलनिवासी हिन्दुओं में रची-बसी उपासना पद्धति और धर्म संबंधी वैचारिक स्वतंत्रता की तुलना विश्व के किसी भी देश के धर्म से नहीं की जा सकती है। उदाहरणार्थ, यह हिन्दू समाज ही है, जहां शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य और सौर( सूर्य पूजक) सभी परस्पर मत भिन्नता के रहते हुए साथ-साथ फले फूले। यही नहीं अनीश्वरवादी जैन और बौद्धधर्म भी लोकप्रिय हुए। और तो और चार्वाक जैसों को अपना आदर्श मानने वाले 'नास्तिक' भी पल्लवित और पुष्पित हुए। सभी ने अपने मत का मनचाहा प्रचार-प्रसार किया और बहुमूल्य वैचारिक ग्रंथों की रचना किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

सामान्य हिन्दू, चाहे किसी भी मत या सम्प्रदाय का हो, बिना किसी संकोच के उसने 'शक्ति' की महत्ता को स्वीकार किया। प्राय: सभी हिन्दू, अपने उपास्यदेव के नाम से पहले स्वाभाविक रूप से 'शक्ति' का नाम लेता है, यथा-सीता-राम, राधे-श्याम, लक्ष्मी-नारायण, गौरी-गणेश, सावित्री-सूर्य इत्यादि। यहां यह स्वीकार करने में कोई संकोच कदापि नहीं है कि भारत की सिन्धु घाटी उत्खनन के अतिरिक्त अन्य प्राचीन सभ्यताओं में भी पुरातात्विक साक्ष्य मातृपूजा या मातृसत्ता का अस्तित्व प्रमाणित करते हैं, किन्तु यह मात्र हमारा समाज ही ऐसा रहा जिसने मातृशक्ति की अग्रता और महत्ता को स्थायित्व प्रदान किया और उसको अमर बनाया। भारत में अनेक रूपों में पूज्य मातृशक्ति के रूप में निरन्तर चली आ रही 'शक्ति-उपासना' का विशेष पल्लवन पौराणिक तथा तंत्रसाहित्य मे सर्वाधिक विस्तार से वर्णित हुआ है। पुराणों में, नारायण या विष्णु के साथ लक्ष्मी, शिव के साथ शिवा, ब्रह्मा के साथ सरस्वती, गणेश के साथ अम्बिका तथा सूर्य के साथ सावित्री के चरित और महात्म्य का, विशद विवरण है। इन सभी का परिचयात्मक विवरण भी अत्यन्त बृहद आकार का और श्रमसाध्य है। हिन्दू महाशक्तियों में भी सर्वाधिक सम्मानित और लोकप्रिय हजारों नामों और रूपों में पूजित शिवशक्ति के भी शांत या सौम्य तथा रौद्र या उग्र, दो स्वरूप रहे हैं। उदाहरणस्वरूप सौम्य, शांत या कोमल रूप में यदि वह, उमा, गौरी, पार्वती, भगवती, जगन्माता, अम्बिका आदि है तो रौद्र या भयानक रूप में वही, दुर्गा, काली, कपाली, चण्डिका, चण्डी, भैरवी, श्यामा आदि नाम/रूप से पूजित या उपास्या है। यहां यह स्पष्ट करना अति आवश्यक है कि इन कुछ नामों के अतिरिक्त उनके असंख्य नाम और रूप विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित हैं।



## ब्रह्म की अनिर्वचनीयता

यदि मन्यसे सुवेदेति दभ्रमेवापि नूनं त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपं यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमांस्यमेव ते मन्ये विदितम्।।

आचार्य शिष्य से कहते हैं "यदि तुम सोचते हो कि मैंने ब्रह्म को भलीभांति जान लिया है "तो निश्चित रूप से तुमने उस ब्रह्म का वह थोड़ा सा ही रूप जाना है जो तुममें और देवताओं में व्यक्त हुआ है। अतः तुम्हें इस विषय पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

आचार्य शिष्य को यह बता चुके थे कि यह ब्रह्म दुर्विज्ञेय अर्थात् कठिनाई से जानने योग्य है। शुद्ध चित्त वाले किसी मेधावी शिष्य को यह ब्रह्म ज्ञात हो सकता है, परंतु किसी किसी को नहीं भी ज्ञात हो सकता। आचार्य ने यह भी उपदेश दिया था कि "जो तू आत्मा है, वही ब्रह्म है"। इससे आचार्य की यह आशंका स्वाभाविक थी कि कहीं शिष्य यह न समझ बैठे कि स्वयं को जान लेने अथवा आत्मा को जान लेने मात्र से ही उसने ब्रह्म को पूर्णरूपेण जान लिया है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इसी संभावित आशंका का निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि हमारे द्वारा संकेत से बताए गए ब्रह्मतत्व को सुनकर यदि तू ऐसा मानता है कि मैं उस ब्रह्म को भलीभांति जान गया हूं, तो यह निश्चित है कि तूने ब्रह्म के स्वरूप को थोड़ा जाना है। यदि तुम केवल उस परब्रह्म के अंशभूत जीवात्मा अथवा देवताओं के रूप में मन, बुद्धि, प्राण, इन्द्रिय आदि में स्थित ब्रह्म के अंश को ब्रह्म समझते हो, तो तुम्हारा यह समझना यथार्थ नहीं है। ब्रह्म इतना ही नहीं है। इस जीवात्मा मे और समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त जो ब्रह्म की शक्ति है, वह सब मिलाकर भी ब्रह्म का एक अंश मात्र ही है। अतएव तेरा समझा हुआ यह ब्रह्म तत्व तेरे लिए पुनः विचारणीय है, ऐसा मैं मानता हूं।

# प्रदेश

### बरेली में आयोजित जनसभा में बोले बसपा नेता आकाश आनंद

## मुफ्त राशन देकर गरीबों को भिखारी बना रही है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का दावा करने वाली केंद्र सरकार 10 साल में 80 लोगों को रोजगार नहीं दे पाई है। इस लोकसभा चुनाव में जनता को भाजपा के नेताओं से पूछना चाहिए कि शिक्षा और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया। मुफ्त राशन देकर तो गरीब लोगों को भिखारी बनाने का काम किया जा रहा है। यह बात सोमवार को बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने बिशप मंडल कॉलेज के मैदान पर पार्टी की मंडलस्तरीय जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

आकाश आनंद ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर सर्वाधिक हमला करते हुए उसे आर्थिक नीतियों, शिक्षा, रोजगार, भ्रष्टाचार और राष्ट्रीय सुरक्षा तक के मुद्दों पर घेरा। आकाश ने कहा कि सरकार अगर गरीबों की हितैषी है तो उन्हें रोजगार और शिक्षा देकर मजबूत



बरेली के बिशप मंडल इंटर कॉलेज में बसपा की चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद का माला पहनाकर स्वागत करते बसपा नेता।

▸▸ **भाजपा पर भ्रष्टाचार, रोजगार को लेकर किया हमला**

बनाए। उसने अगर रोजगार दिया होता तो मुफ्त राशन देने की नौबत ही न आती। आकाश ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए 25 दलों को साढ़े 16 हजार करोड़ रुपये का चुनावी चंदा मिला है। इसमें बसपा को एक रुपया नहीं मिला। पूरे देश में बसपा किसी धन्नासेठ के सहारे नहीं बल्कि अपने कार्यकर्ता के दम पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार अखंड भारत का दावा करती है लेकिन उससे बड़ा देशद्रोही कोई नहीं है। आकाश आनंद ने कहा कि सरकार ने तो जिनके सर पर छत थी, वह भी छीन ली। इसके बाद भी सरकार गर्व से बोलती है कि वह बुलडोजर की सरकार है। लोगों ने भाजपा को इसलिए वोट नहीं दिया था कि वह उनकी छत उजाड़कर हाथ में कटोरा दे दे। उन्होंने कहा कि इस बार आप लोग ही इनके हाथ में कटोरा दे दीजिएगा।

## भारत में निर्मित विदेशी शराब माल प्रवेश कर के तहत कर योग्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल प्रवेश अधिनियम, 2007 के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब को कर योग्य वस्तुओं की नई अनुसूची में नहीं रखा गया है, इसलिए अधिकारियों के पास इस पर कर लगाने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने मेसर्स यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के खिलाफ अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को रद करते हुए दिया, साथ ही संबंधित प्राधिकारी को याची को सुनवाई का अवसर प्रदान करने तथा अधिनियम, 2007 के तहत कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में शामिल वस्तुओं पर विचार करते हुए एक तर्कसंगत आदेश



**सुनवाई**

▸▸ **न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की पीठ ने पारित किया आदेश**

▸▸ **अपीलीय प्राधिकारी की ओर से पारित आदेश को किया रद**

पारित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि 2007 के अंतर्गत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कर लगाने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अधिनियम, 2007 के तहत अंतिम मूल्यांकन आदेश 30 मार्च 2008 को पारित किया गया था। उक्त अधिनियम के तहत भारत में निर्मित विदेशी शराब पर कोई कर नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि यह कर योग्य वस्तुओं की अनुसूची में नहीं रखी गई है।

## वर्ग पहेली-34

**बाएं से दाएं**

2.1.प्रज्ञा, अक्ल, बुद्धि, समझ 2.इच्छा, कामना 3.अभिप्राय 4.याद, स्मृति।

3.1.पैर रखने की छोटी चौकी 2.तकिया।

5.पीने वाले जल को ठंडा रखने के लिए मिट्टी का बनाया हुआ संकरी एवं लंबी गरदन वाला घड़ा।

6.1.गड़गड़ाहट 2.गर्जना 3.धुंधलापन 4.अंधेरा।

9.1.गोंद 2.लसदार या चिपकने वाला पदार्थ 3.लोपन 4.किसी को फंसाने का साधन।

11.अन्न पीसने वाली स्त्री, जीविकोपार्जन हेतु अन्न पीसने का पेशा करने वाली स्त्री।

**ऊपर से नीचे**

1.1.बिना रोक-टोक के, बेहिसाब, विवेकहीन होकर 2.लगातार, बेतहाशा

4.1.प्रवाही, बहने वाला 2.वहन करने वाला, ढोने वाला।

5.1.(पुराण) एक राक्षसी जो सांपों की माता मानी गई है 2.महाशतावरी नामक औषधि 3.सौंफ 4.(संगीत) एक रागिनी 5.एक नदी।

7.काला होने का भाव।

8.एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जिसका गूदा बहुत मुलायम और मीठा होता है

10.सिलवट; सिकुड़न।



### वर्ग पहेली -33 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 झी | ■ | 2 दे | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 3 ख | ट | ख | टि | या | ■ |
| ■ | ना | ■ | ना | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 4 आ | प | चा | री | ■ |
| ■ | 5 खो | ड़ | र | ■ | ■ | 6 मौ |
| ■ | कं | ■ | ख | ■ | ■ | स |
| 7 ह | द | ■ | 8 ना | म | धा | म |

## सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | | | | 4 | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |

### सुडोकू -112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- प्रतिपदा 20.30 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवमी 07.32 तक तत्पश्चात अश्विनी 10 अप्रैल 05.06 तक।

**मेष** — आज कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की प्रबल संभावना है। आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे। नए प्रेम संबंधों को लेकर उत्साहित रहेंगे। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है। गुरु तुल्य व्यक्ति से आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**वृष** — आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। मीडिया से जुड़े लोगों के ऊपर कठिन कार्यों का दायित्व आ सकता है। क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें।

**मिथुन** — आज कोई बड़ा व्यापारिक अनुबंध होने की संभावना बन रही है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। ऑफिस का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आप व्यस्त रहेंगे।

**कर्क** — आज सिर में भारीपन महसूस हो तो चिकित्सक से परामर्श लेने में संकोच न करें। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दांव पर न लगाएं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — आज आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। व्यापार में धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। पैतृक संपदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कन्या** — आज सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। उच्च अधिकारी आपको काफी सम्मान देंगे। भूमि और सम्पत्ति में आप निवेश कर सकते हैं। व्यापार में कई परेशानियां सामने आ सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

**तुला** — आज परिवार में सुख-शान्ति और स्थिरता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं। किसी मित्र से आपको उत्तम सलाह मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। कारोबार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका अनादर करेंगे। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवहार में संयम और सावधानी रखें। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु** — आज घर में स्वादिष्ट भोजन बन सकता है। व्यापार को लेकर बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आपकी इच्छा शक्ति और आत्मबल में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। जमीन से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मकर** — आज परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। घर में मांगलिक उत्सव को लेकर ख़रीदारी कर सकते हैं। शरीर में गर्मी के कारण एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नया करने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ** — आज धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसन्द करेंगे। नए व्यवसाय को शुरू करने की योजना बना सकते हैं। मित्रों के माध्यम से शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। गुरुतुल्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

**मीन** — आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। पिता का सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त होगा। घर में आपका मन नहीं लगेगा। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। आज किसी से धन उधार न लें। खानपान में शुद्धि का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मैं तेरा दुश्मन — सुबह : 10.44
प्रेम दीवाने — शाम : 05.41

**Sony Pix**
द मास्क — सुबह : 11.45
रश आर 3 — रात : 09.00

**&pictures**
सूर्या एस 3 — सुबह : 10.56
रुस्तम — रात : 08.00

**Zee Cinema**
प्यासा सावन — सुबह : 11.40
हीरोपंती 2 — रात : 09.05

**StarGold Select**
लाल रंग — सुबह : 09.30
बधाई हो — रात : 09.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 09.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा। सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा। चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ, रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

पति- सुनो मुझे अलादीन का चिराग मिला है।
पत्नी- वाह आपने उससे क्या मांगा?
पति- मैंने कहा कि वह तुम्हारे दिमाग को 10 गुना और बढ़ा दे।
पत्नी- तो क्या उसने ऐसा कर दिया?
पति- वह हंसने लगा और बोला शून्य को किसी से भी गुणा कर दो वह शून्य ही रहता है।
अलादीन और पति दोनों गायब हैं।

# अनुसूचित वर्ग के नौकरशाहों में भाजपा से नेतागिरी का बढ़ा क्रेज

**पहले वॉमसेफ के जरिए दलित आंदोलन में लेते थे रुचि, अब भाजपा-संघ की भाने लगी है विचारधारा**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** कितने चेहरे लगे हैं चेहरों पर, क्या हकीकत है और सियासत क्या...,नौकशाहों में नेतागिरी की दूसरी पारी के बढ़ते क्रेज पर शायर सागर खय्यामी का यह शेर सटीक बैठता है। आजादी के बाद अनुसूचित वर्ग के नौकशाहों की पसंद में कांग्रेस ही सर्वोपरि रही, फिर 45 साल बाद बसपा ने खूब लुभाया। अब बीते एक दशक से मोदी और योगी की राजनीति ने ऐसे नौकरशाहों को वॉमसेफ से ज्यादा भाजपा और संघ का दीवाना बना दिया है।

ताजा घटनाक्रम पर गौर करें तो, हाल में ही सेवानिवृत हुए प्रदेश के कार्यकारी पुलिस महानिदेशक रहे विजय कुमार ने अपनी पत्नी अनुपमा के साथ लोकसभा चुनाव के बीच सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वे तेज-तर्रार दलित अफसरों में गिने जाते थे और मायावती के खास भी रहे। पुलिस कमिश्नर असीम अरुण ने तो बीते विधानसभा चुनाव से पहले नौकरी से वीआरएस लेकर भाजपा की सदस्यता ली थी। जाति से जाटव अरुण के पिता श्रीराम अरुण भी डीजीपी रहे हैं। असीम अरुण ने


असीम अरुण


ब्रजलाल


रामबहादुर


विजय कुमार

### ● असीम अरुण ने तो छोड़ दी थी शानदार नौकरी, ब्रजलाल, रामबहादुर के बाद विजय कुमार हुए मुरीद

मुलायम-अखिलेश के गढ़ कन्नौज में अनुसूचित वर्ग के वोटों का हाथी से मोहभंग करने का गुरुतर दायित्व निभाने में बड़ी भूमिका निभाई। नतीजा रहा कि पहली बार विधायक बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनाम में समाज कल्याण मंत्री बनाया।

इससे पहले 2017 में बसपा सुप्रीमो मायावती के खास रहे पूर्व आईपीएस बृजलाल ने भी भाजपा के सत्ता में आने के बाद सदस्यता ली। माना जाता है कि अरुण ने शायद बृजलाल के राजनीति में आने के बाद ही खुद को राजनीति में जाने का मन बनाया था।




### उप्र की ठोको पॉलिसी में बृजलाल का रहा सहयोग

पासी दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बृजलाल वर्ष 2010-12 तक उप्र में डीजीपी थे। उनकी छवि एक कड़क पुलिस अधिकारी के साथ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की रही है। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तब बृजलाल के लगातार संपर्क में थे, जब उन्होंने अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ ठोको पॉलिसी के तहत बड़ा अभियान छेड़ा था। हालांकि योगी की इस ठोको पॉलिसी का विपक्ष लगातार विरोध करता रहा है। पहले सरकार ने बृजलाल को राज्य एसटी एससी कमीशन का चेयरमैन बनाया है। इसके बाद 2020 में उन्हें राज्यसभा का सांसद बना दिया।

### आईएएस रहे रामबहादुर भी भाजपा व संघ के बने पोषक

पूर्व आईएएस राम बहादुर ने भी सेवा निवृत्त होकर दूसरी पारी बसपा की राजनीति से शुरू की थी, वे मायावती के खासे करीब भी रहे। लखनऊ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने कुछ कड़े फैसले लिए थे, जिसमें अवैध अतिक्रमण हटवाना भी शामिल था। वह कांशीराम द्वारा स्थापित आल इंडिया बैकवर्ड एंड माइनारिटी कम्युनिटी एम्पलाई फेडरेशन के सदस्य भी थे। राम बहादुर ने मोहनलालगंज से वर्ष 2017 में बसपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव भी लड़ा था, लेकिन अब मोहभंग होकर भाजपा और संघ की विचारधारा के पोषक बन गए हैं।

## कांग्रेस की चुनावी सभाएं जल्दः अविनाश पांडे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रदेश के पहले व दूसरे चरण की सीटों पर चुनावी सभाएं जल्द शुरू होंगी। रायबरेली व अमेठी सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा सही समय पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सभी 80 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा। प्रदेश प्रभारी सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने देश की जनता के सामने घोषणा पत्र को नये संकल्प के रूप में पेश किया है। देश के राजनीतिक इतिहास में यह पहला घोषणा पत्र है जो जनता की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि रणनीति के तहत अभी रायबरेली व अमेठी के प्रत्याशी घोषित नहीं किये गये हैं, पर दोनों क्षेत्रों की जनता का गांधी परिवार से लगाव है। लोगों की भावनाओं को केन्द्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही पहला कदम बेरोजगारी दूर करने के लिए उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली व सभा पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चर्चा हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव के साथ इंडिया गठबंधन की रैली जल्द होगी।

# नगीना से प्रत्याशी चंद्रशेखर के खिलाफ देश में सर्वाधिक मुकदमे

**सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की सूची में देश में पांचवें स्थान पर**

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में दावा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में नगीना संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्रशेखर पर देश भर में सर्वाधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है।

### चंद्रशेखर के सर्वाधिक केस सहारनपुर में

चंद्रशेखर पर सरकारी अधिकारी को उसका काम करने से रोकने के मकसद से चोट पहुंचाने के, हत्या के प्रयास से संबंधित, डकैती की सजा से संबंधित समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। दरअसल, नगीना लोकसभा सीट पर पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास चंद्रशेखर ने जो हलफनामा जमा कराया गया उसके अनुसार इन पर कुल 36 मामले दर्ज हैं। इनमें से 26 केस सहारनपुर की अलग-अलग अदालतों में चल रहे हैं जो जनपद की ही विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गाजियाबाद में 1, दिल्ली में 2, मुजफ्फरनगर में 2, लखनऊ में 1, हाथरस में 1, अलीगढ़ में 2 और नगीना में 1 मामला दर्ज है।



इसमें कहा गया है कि आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर के खिलाफ कुल 36 मामले दर्ज हैं। जिसमें से 78 धाराएं गंभीर मामलों में दर्ज की गईं हैं। आईपीसी की अलग-अलग 167 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

चुनाव सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के देश भर के प्रत्याशियों का वित्तीय, आपराधिक और शैक्षणिक विवरणों की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में उप्र. में पहले चरण के चुनाव की 8 सीटों पर उतरे 80 प्रत्याशियों का भी ब्योरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक नगीना सीट पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण पर देश भर में सबसे ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा, सहारनपुर के बसपा प्रत्याशी माजिद अली करोड़पति प्रत्याशियों की फेहरिस्त में देश में पांचवें स्थान पर हैं।

# कद्दावरों से तय होता रहा राजनीतिक दलों का कद

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** सूबे की सियासत में आजादी से ही अलग पहचान बनाने वाले गोंडा जनपद में मतदान में भी बड़े दांव दिखाए हैं।

यहां के मतदाताओं ने पार्टियों के बजाए कद्दावरों को महत्व देते रहे। यही कारण रहा गोंडा संसदीय सीट पर देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी और केंद्रीय मंत्री रहे बेनी प्रसाद वर्मा जैसे सरीखे नेताओं को देश की सदन में जाने का मौका मिला। यह रवायत आज भी कायम है। बात हम बीते पांच चुनाव परिणामों के करें तो जनता के मूड की मैपिंग समाने आ जाती है। जिस तरह कद्दावर प्रत्याशियों के आने से पार्टियों का वोट प्रतिशत उछाल मार कर आगे बढ़ा वहीं कमजोर प्रत्याशियों को मजबूत दल का साथ मिलने के बाद भी मुंह की खानी पड़ी और वोट प्रतिशत भी धराशायी हो गया।

देश की सबसे बड़ी पार्टियों में शुमार कांग्रेस और भाजपा को भी कई बार मतदाताओं ने प्रत्याशी चयन में चूक का झटका दिया। यही नहीं प्रदेश की सियासत में पांव जमा रही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पहली बार सदन भेजने का काम भी जनता ने कद्दावर नेता को चुनकर बड़ी पार्टियों को हैरत में डाल दिया। भले ही बसपा के

**आंकड़े**

**● उम्मीदवारों के कद के हिसाब से घटते बढ़ते रहे मत प्रतिशत**

किसी भी प्रत्याशी को जीत नहीं मिली लेकिन 2009 के चुनाव में उम्मीदवार के कद के कारण बसपा भी वोट प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। यही नहीं वोट प्रतिशत में निचले पायदान पर पहुंच चुकी कांग्रेस को भी 2009 में ही कद्दावर नेता का साथ मिला तो मतदान प्रतिशत बढ़ने के साथ जीत का स्वाद भी 20 साल बाद चखने को मिला और मुख्यधारा में पार्टी की वापसी हुई।

1999 में जीत हासिल करने के बाद भाजपा भी हासिए पर चली गई। 2004 का चुनाव मजबूती से तो लड़ी जीत के करीब नहीं पहुंच सकी। दस साल बाद भाजपा को भी जिले के कद्दावर नेता का साथ मिल गया। फिर क्या था भाजपा के सपनों को पंख लगे और जीत का सिलसिला 2019 तक जारी रहा। इस बार भी भाजपा ने कद्दावर नेता पर ही दांव चला है। फिलहाल सपा ने भी कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद पूर्व में क्षेत्र की नुमाइंदगी कर चुके राष्ट्रीय स्तर के नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री को दावेदार बनाकर मैदान में उतार दिया है। इस बार दो कद्दावरों के बीच मुकाबला रोचक होने की दिशा में दिख रहा है।

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह, विजेता | 5,08,190 |
| विनोद कुमार पंडित सिंह, उपविजेता | 3,41,830 |

| | |
|---|---|
| वर्ष | 2019 |
| कुल मत | 1744625 |
| पड़े मत | 923816 (53 .4%) |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्तिवर्धन सिंह | 3,59,643 |
| सपा | नंदिता शुक्ला | 1,99,227 |
| बसपा | अकबर अहमद डंपी | 1,16,178 |

गोंडा



### निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980, 84 व 89 | आनंद सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | केतकी देवी सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | कीर्ति वर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | कीर्तिवर्धन सिंह | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# राजनीतिक दलों के कितने सफल खेवनहार साबित होंगे छोटे दल

**सपा से कुछ दलों ने नाता तोड़ा तो कुछ अन्य दलों ने आगे बढ़कर मिलाया हाथ**

**▸▸ रालोद, निषाद पार्टी, सुभासपा, अपना दल के साथ मिशन- 80 साधने की तैयारी**

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** चुनाव का माहौल हो और चर्चा उत्तर प्रदेश की राजनीति पर चले तो जाति और क्षेत्रवाद अछूता नहीं रह सकता। यही कारण है कि इस बार भी लोस चुनाव में अलग-अलग क्षेत्रों, जाति व समाज में प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय दलों अथवा कथित छोटे दलों का महत्व बढ़ा हुआ है।

उप्र. के चुनावी संघर्ष में भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने हैं। भाजपा से तो सपा के ही दो सहयोगी दल टूट कर मिले। इसमें पहले सुभासपा और अब रालोद शामिल हैं। अपना दल एस और निषाद पार्टी पहले ही शामिल है। इधर सपा को उसके पुराने सहयोगियों ने छोड़कर झटका दिया तो कुछ अन्य दलों ने साथ देकर संबल भी दिया। रालोद और अपना दल कमेरावादी के नाता तोड़ने के बाद लोकदल और महान दल सपा का साथ देने को आगे आए।

### मिशन 80 साधने में सहयोगी बने अपना दल (एस) और रालोद

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल 2014 के लोकसभा चुनाव से ही भाजपा की सहयोगी हैं। इनका साथ पाकर पार्टी का कुर्मी वोट बैंक मजबूत होता है। इस बार प्रत्याशी उतारने को खाते में दो सीटें मिलनी हैं। दूसरा हाल ही में सपा को छोड़ भाजपा का दामन थामने वाला राष्ट्रीय लोकदल 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन और 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा-सुभासपा के साथ गठबंधन में शामिल रहा था। अब भाजपा के मिशन 80 को साधने में जुटा है। पिछले चुनाव एक भी सीट नहीं जीते और इस बार बिजनौर और बागपत से उम्मीदवारी मिली है।

### सुभासपा और निषाद पार्टी का भी है साथ

वहीं, सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर भी 2017 के विस चुनाव में भाजपा गठबंधन से चुनाव लड़े। पार्टी ने चार सीटें जीतीं। योगी सरकार में मंत्री बने। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ हो लिए और 6 सीटें जीतीं। फिर चुनाव बाद भाजपा में आ गए। इस बार लोस चुनाव में प्रत्याशी उतारने को एक सीट मिली है। घोसी से बेटा अरविंद राजभर मैदान में है। एक और दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद 2019 में भी भाजपा के साथ थे, अब भी हैं। पिछले चुनाव में संजय निषाद के बेटे प्रवीण संतकबीरनगर से भाजपा के सिंबल पर लड़े व सांसद बने। इस बार भाजपा के टिकट पर संतकबीरनगर से प्रवीण निषाद फिर लड़ेंगे।

### राजनीतिक लाभ को साथ रखते हैं छोटे दल

देखा गया है कि, जातियों की राजनीति करने वाले छोटे दल जिस बड़े दल के साथ जुड़ जाते हैं, उनका समर्थक वोटर उनके साथ चला जाता है। बड़े दलों की कुछ वोटों से हारने की स्थिति वाली सीटें पक्की हो जाती हैं। बदले में छोटे दल अपने बड़े आधार वाले क्षेत्रों में बड़ी पार्टियों से कुछ सीटें मांगकर अपना आधार बढ़ाने का प्रयास करते हैं। हालांकि छोटे दलों की मदद से बड़े दल ज्यादा सीटें जीतते हैं। इसी राजनीतिक गुण-गणित का ध्यान रखते हुए भाजपा व सपा अपने से कम वोट शेयर वाले दलों से हाथ मिलाने को उत्सुक हैं।

# भ्रष्टाचारियों को पालती है भाजपाः अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग भ्रष्टाचार खुद करते हैं, भ्रष्टाचारियों को खुद पालते-पोसते हैं और आरोप विपक्षी दलों पर लगाते है। सोमवार को यहां जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार ने नोटबंदी से लेकर इलेक्टोरल बांड तक न जाने कितने भ्रष्टाचार किये हैं। इन सबकी जांच हो जाएगी तो यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार साबित होगा।



अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि, भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद जनहित में फैसले लेने के बजाय देश की संवैधानिक और सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया है। सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं से भाजपा के लिए चंदे की वसूली करायी। तमाम कम्पनियों पर छापे डालकर उन्हें पहले डराया गया और बाद में चंदा वसूला गया।

## चुनावी गतिविधियां

**● जागरूक करने को टर्निंग 18**

लोकसभा चुनाव में युवाओं को जागरूक करने को निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ''टर्निंग 18'' अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग युवाओं और शहरी मतदाताओं की निर्वाचन में भागीदारी बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का उपयोग कर रहा है। इसके तहत विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'टर्निंग 18' और 'यू आर द वन' जैसे अभियानों के माध्यम से नागरिकों को जोड़ने की पहल की जा रही है जो 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के अनुरूप है।

# मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए सब लगा रहे जोर

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में लखनऊ की दोनों सीटों पर मतदान बढ़ाने पर जोर है। राजनीतिक दल ही नहीं, चुनाव आयोग भी आधुनिक तरीके से प्रचार करने में जुट गया हैं। राज्य का चुनाव आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी कम वोटिंग वाले क्षेत्रों में जहां जागरुकता अभियान चला रहे है। निगम वाहनों से प्रचार करने की तैयारी में है। वहीं राजनीतिक दल भाजपा व इंडिया गठबंधन का मुख्य फोकस उन तहसीलों में है, जहां पिछली बार वोटिंग प्रतिशत 55 फीसदी से कम रही। इनमें लखनऊ सीट पर कैंट में 50.77 जबकि मोहनलालगंज की सरोजनीनगर सीट पर 55.49 वोटिंग प्रतिशत कम रही। 2019 के चुनाव में लखनऊ सीट पर करीब 54.22 फीसदी वोटिंग हुई, जो औसतन कम है। लोकसभा चुनाव में 70 का आंकड़ा छोड़ों लखनऊ शहर अभी 60 का आंकड़ा छू नहीं पाया है। इसलिए मोहनलालगंज की अपेक्षा लखनऊ शहर में राजनीतिक दल यहां जोर मारे हैं ताकि अपना वोट बैंक बढ़ाया जा सके। सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा बताते हैं कि मध्य-पश्चिम में हमारा वोट बैंक मजबूत है। अन्य तीन जगह वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए गली-गली प्रचार, सोशल मीडिया के अलावा पार्टी द्वारा कराए गए कार्यों का सहारा लिया जा रहा है। वे कहते हैं कि अगर वोट प्रतिशत बढ़ गया तो हमारे हिस्से आएगा और आसानी से राजनाथ के हैट्रिक वाले रथ को रोक सकेंगे। वहीं चुनाव आयोग पोस्टर आदि के जरिए वोट का महत्व बता रहा है। वहीं दलों के प्रत्याशी रील्स के जरिए भी अपने-अपने इलाकों में वोटों के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राजनाथ सिंह का प्रचार करने वाले भाजपाई नेता कहते हैं कि हमारा वोट शेयर 2019 में 56 फीसदी से ज्यादा था, जो इस बार बढ़कर 60 के करीब पहुंच जाएगा। क्योंकि जनता भाजपा के काम से खुश है। लखनऊ लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर इस बार 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### हमें कचरा गाड़ी समझाएंगी वोट का महत्व

● राजधानी में सुबह उठते ही गली-गली में कूड़ा उठाने वाले भार वाहनों से कानों में गूंजती है आवाज- गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल...। मगर अब इन्हीं वाहनों से मतदान करने की अपील रोज सुनाई देगी यानी कचरा गाड़ी एक-एक वोट का महत्व समझाएंगी। दरअसल, राजधानी में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान हो रहा है। ऐसे में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाएगा। चुनाव आयोग की मानें तो लखनऊ में मतदान बढ़ाने पर पूरा फोकस है। इसके लिए चौपाल, नुक्कड़-नाटक, मैराथन, साइकिल रैली निकाली जाएगी। साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों में भी वोट का महत्व समझाया जाएगा।

## 2019 में लखनऊ उत्तर में 55.42 फीसदी जबकि मोहनलालगंज सीट पर मलिहाबाद में महज 65 फीसदी मतदान



### 2019 में मतदान प्रतिशत के आंकड़े







### लखनऊ में चुनाव

5वें चरण में मतदान

| | |
|---|---|
| 26 अप्रैल | अधिसूचना की तिथि |
| 3 मई | नामांकन करने की अंतिम तिथि |
| 4 मई | नामांकन पत्रों की जांच |
| 6 मई | नाम वापसी की तिथि |
| 20 मई | मतदान की तिथि |
| 4 जून | नतीजे आएंगे |



# दो जाट नेताओं की जंग में बसपा का ओबीसी दांव

जाट लैंड का तमगा, आठ चीनी मिलें और सबसे बड़ी गुड़ मंडी का खिताब यही तो है, शुगर बाउल यानी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले मुजफ्फरनगर की पहचान, जिसे यहां का कागज और स्टील उद्योग नई उड़ान दे रहा है। वर्ष 2013 में हुए दंगों ने इस शहर को बदनामी और परस्पर अविश्वास का ऐसा जख्म दिया कि लगा था मोहब्बत की सारी मिठास नफरत की दीवार में बदल जाएगी, पर वक्त के मरहम और किसान आंदोलन

**बेहतर कानून-व्यवस्था और रालोद का साथ मिलने से तीसरी बार कमल खिलने के बढ़े आसार**

ने खेती-किसानी से जुड़े इस इलाके के जाट, गुर्जर और मुस्लिम समुदाय को सारी कड़वाहट भुलाकर फिर से एक कर दिया। हालांकि अब चुनाव आए हैं तो इस गन्ना बेल्ट में सियासी गुड़ फिर पक रहा है। चौपालों पर चर्चा का बाजार गर्म है। कौन किधर जाएगा, इसे लेकर आकलन और कयासों के बीच खापों का समर्थन पाने की होड़ और वोटों की जोड़-तोड़ इस बार रालोद के भाजपा के साथ आने के बाद नए राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे रही है। ऐसे में यह सीट पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को भाजपा से तीसरी बार मैदान में उतरे डॉ. संजीव बालियान और सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनौती पेश कर रहे हरेंद्र मलिक के साथ मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति का कड़ा इम्तिहान लेने के लिए तैयार है।

**मनोज त्रिपाठी**

**अमृत विचार।** मुजफ्फरनगर में चुनावी माहौल गर्म और प्रचार का पारा ऊपर चढ़ रहा है। भाजपा की ओर से गृहमंत्री अमित शाह और रालोद मुखिया जयंत चौधरी सभाएं कर गए हैं। आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को मायावती लोकसभा क्षेत्र में जनसभा संबोधित करने आने वाली हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी अगले हफ्ते रैली कर सकते हैं। इस संवेदनशील इलाके में सबसे बड़ा मुद्दा कानून-व्यवस्था का रहा है, जिसके बारे में पूछने पर अब अधिकतर लोग संतुष्टि के भाव में सिर हिलाते हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसका श्रेय देते हैं। यह बात जहां भाजपा के पक्ष में जाती नज़र आती है, वहीं गन्ना मूल्य और बेसहारा पशुओं की धमाचौकड़ी से लोग परेशान भी हैं। कहीं-कहीं बातचीत में डॉ. बालियान को लेकर थोड़ी बहुत नाराजगी झलकती है, लेकिन भाजपा और रालोद का गठबंधन होने से सारे समीकरण लोग मुफ़ीद मानते हैं। हालांकि यह कहने वालों की कमी नहीं है कि इस बार मुकाबला तगड़ा है।



मुजफ्फरनगर के लोकसभा चुनावी रण में 11 प्रत्याशी हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा प्रत्याशी के बीच माना जाता है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान दो बार यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पिछली बार रालोद प्रमुख चौधरी अजित सिंह को उन्होंने नजदीकी मुकाबले में हराया था। इस बार हैट्रिक मारने के इरादे से मैदान में हैं। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सपा के टिकट पर उतरे हरेंद्र मलिक मुजफ्फरनगर के मैदान में तीसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। मलिक पुराने नेता हैं, वह लोकसभा और विधानसभा मिलाकर अब तक नौ चुनाव लड़ चुके हैं। उनके बेटे पंकज भी चार चुनाव लड़ चुके हैं। हरेंद्र मलिक 1985 में खतौली और 1989 से 1996 तक बघरा विधानसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। वर्तमान में उनके पुत्र पंकज मलिक चरथावल से विधायक हैं। हरेंद्र पिछली बार कांग्रेस के टिकट पर कैराना से चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें महज 70 हजार वोट ही मिले थे। इन दोनें के मुकाबले में उतरे बसपा प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ठेकेदार और रियल एस्टेट कारोबारी हैं। पहली बार मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। छिटके हुए बसपा के काडर वोटर को समेटने की क्षमता रखते हैं। पिछले दिनों प्रजापति समाज को सामाजिक हक दिलाने के लिए हरिद्वार से गाजियाबाद तक एक स्वाभिमान यात्रा निकाली गयी थी जिस पर गाजियाबाद में लाठीचार्ज को लेकर दारा सिंह चर्चा में आये थे।




### मुस्लिम और जाट मतदाता यहां भाग्य विधाता

- लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम मतदाता पौने छह लाख गिने जाते हैं, यानी 33 फीसदी तक। जाट करीब 18 फीसदी हैं। लगभग 14 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दलित वोट बैंक भी लोकसभा सीट का परिणाम तय करने में अहम रोल अदा करता है। इसके अलावा गुर्जर और ठाकुर समुदायों का भी इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग 10-10 फीसदी वोट माना जाता है। प्रजापति, सैनी, त्यागी सहित अन्य जातियों के मतदाता भी चुनाव के नतीजा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### 2014 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत



1. भारतीय जनता पार्टी 2. बहुजन समाज पार्टी 3. समाजवादी पार्टी 4 कांग्रेस

### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

**49.6 %** भारतीय जनता पार्टी | **49.2%** सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

### 2022 विधानसभा चुनाव में किसको कितने वोट



1. भारतीय जनता पार्टी 2. समाजवादी पार्टी 3. बहुजन समाज पार्टी 4 कांग्रेस

| | | | |
|---|---|---|---|
| **18,16,284** | **9,68,265** | **8,47,875** | **144** |
| लोस. सीट पर कुल मतदाता | पुरुष मतदाताओं की संख्या | महिला मतदाताओं की संख्या | थर्ड जेंडर के मतदाता |

## मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट




डॉ. संजीव बालियान- भाजपा


हरेंद्र मलिक - सपा उम्मीदवार


दारा सिंह प्रजापति - बसपा

### कभी मुस्लिम सियासत का गढ़ थी सीट पर इस बार नहीं कोई भी उम्मीदवार

- यह सीट पहले मुस्लिम सियासत का गढ़ गिनी जाती थी, लेकिन 2014 और 19 में लगातार दो बार डॉ. संजीव बलियान के सांसद बनने से हालात इतने बदल चुके हैं कि इस बार कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं है। साल 1999 में कांग्रेस के सईदुज्जमां ने भाजपा के सोहनवीर सिंह को हराया था। 2004 में सपा के मुनव्वर हसन ने भाजपा के ठाकुर अमरपाल सिंह को हराया। 2009 में बसपा के कादिर राना ने रालोद की अनुराधा चौधरी को पराजित किया था। इस तरह 1999 से 2014 तक 15 साल यहां मुस्लिम सांसद ही चुने गए। मुस्लिम प्रत्याशी की जीत की शुरुआत 1967 में भाकपा के लताफत अली खां की जीत से हुई थी। 1977 में लोकदल के सईद मुर्तजा जीते थे। 1980 में जनता दल (एस) के गय्यूर अली खां ने कांग्रेस के नजर मोहम्मद को हराया। 1989 में कश्मीर से आए मुफ्ती मोहम्मद सईद जनता दल के टिकट पर जीते और वीपी सिंह सरकार में गृहमंत्री बने।

### भाजपा के पास सिर्फ एक विधान सभा सीट

- विधानसभावार मतदाताओं का हिसाब-किताब देखें तो बुढ़ाना में सर्वाधिक तीन लाख 90 हजार मतदाता हैं। इसके बाद मुजफ्फरनगर में करीब पौने चार लाख, सरधना में साढ़े तीन लाख से ज्यादा, चरथावल में करीब साढे तीन लाख और खतौली में लगभग सवा तीन लाख मतदाता हैं। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महज एक ही सीट पर जीत मिली थी। राष्ट्रीय लोक दल और समाजवादी पार्टी ने 2-2 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा के कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर सीट, सपा के अतुल प्रधान ने सरधना और पंकज मलिक ने चरथावल तथा लोकदल के राजपाल सिंह बालियान ने बुढ़ाना और मदन भैया ने खतौली से चुनाव जीता था।

# हिमाचल में भाजपा ने प्रचार में बढ़त बनाई, कांग्रेस प्रत्याशी तय न कर पाई

**शिमला**



### कंगना के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार विक्रमादित्य सिंह

मंडी लोकसभा सीट से हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने को तैयार नजर आ रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह मंडी से भाजपा उम्मीदवार बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने को राजी हैं। ऐसे में कांग्रेस कंगना रनौत के सामने युवा चेहरे विक्रमादित्य सिंह पर दांव खेल सकती है। कांग्रेस नेता और मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा, वह आलाकमान के हर आदेश का पालन करेंगे, पहले भी उनके पिता-माता मंडी से सांसद रह चुके है। उनकी मां प्रतिभा सिंह तीसरी बार मंडी से सांसद हैं। मंडी की जनता उनके साथ जुड़ी है। कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह ने दावा किया है कि भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत का मंडी सीट से हारना तय है।

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के बाद भारतीय जनता पार्टी जहां धुआंधार चुनाव प्रचार कर रही है, वहीं कांग्रेस सभी सीटों पर टिकटों के आवंटन में उलझी है और उनके नेता चुनावी तैयारियों की बैठकों तक ही सीमित हैं। राज्य की चार लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के चुनावी रण में उतरने से मंडी हॉट सीट बन गई है। मंडी संसदीय क्षेत्र में कंगना का तूफानी चुनाव प्रचार देखा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उनके चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाले हैं। प्रदेश भाजपा के अन्य बड़े नेताओं ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दूसरी तरफ प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस पार्टी चुनावी तैयारियों की बैठकों तक सीमित है। कांग्रेस अभी तक किसी भी सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस के नेता चुनाव प्रचार से दूर महज बैठकों में ही उलझे हुए हैं। प्रदेश में बेशक लोकसभा चुनाव आखिरी चरण में पहली जून को होने हैं, जिसके लिए अभी दो माह का समय है। लेकिन भाजपा ने चुनावी रण में अपने दिग्गजों को उतार कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली है। पूरे प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़े हुए है। वहीं कांग्रेस सरकार के मंत्री व पार्टी के आला नेता कार्यालयों तक ही सिमटे हैं। कांग्रेस का चुनाव प्रचार धरातल पर नहीं उतरने से पार्टी कार्यकर्ता मायूस हो रहे हैं। भाजपा ने हमीपुर और शिमला लोकसभा सीटों पर 13 मार्च और मंडी व कांगड़ा सीटों पर 24 मार्च को उम्मीदवारों का ऐलान किया था। वहीं छह विधानसभा सीटों पर 26 मार्च को उम्मीदवार




घोषित किये गए थे। सभी सीटों पर भाजपा उम्मीदवार तय होने के बाद भी कांग्रेस में टिकटों की उलझन है। कांग्रेस नेताओं की माने तो चारों लोकसभा सीटों पर जल्द उम्मीदवारों की सूची जारी हो सकती है। दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों का ऐलान किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस दिनों स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से प्रदेश में अपने उम्मीदवार तय करने के लिए जनता की टोह ले रही है। कांग्रेस में मंडी लोकसभा सीट से प्रतिभा सिंह, शिमला से दयाल प्यारी और भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, हमीरपुर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और कांगड़ा से पूर्व मंत्री आशा कुमारी के नाम चर्चा में हैं। विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस अपने नेताओं को जीत की क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण और बेदाग छवि के पैमाने पर परख रही है। भाजपा ने छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायकों को टिकट दी है। इससे पिछला विस चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार नाराज हैं। कांग्रेस इन असंतुष्ट भाजपा नेताओं पर नजरें जमाए हुए है। खासतौर पर लाहौल-स्पीति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक रवि ठाकुर को टिकट देने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा को भाजपा मना नहीं पाई है। ऐसे में उन्हें कांग्रेस टिकट दे सकती है। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला, कुटलैहड़, सुजानपुर, गगरेट, लाहौल-स्पीति और बडसर में उपचुनाव होने हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के बाद इन हलकों में चुनाव हो रहे हैं। इन चुनाव हलकों के कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा ने इन्हें उपचुनाव में टिकट देकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। हिमाचल विधानसभा में उपचुनाव के परिणाम कांग्रेस और भाजपा के लिए बहुत अहम रहने वाले हैं। दरअसल 68 सदस्यीय विधानसभा में सत्ताधारी कांग्रेस के 34 और भाजपा के 25 विधायक हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक हैं। इन्होंने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है, लेकिन अध्यक्ष ने अभी तक इनके इस्तीफे स्वीकार नहीं किये हैं।

### नाचो-गाओ उत्सव मनाओ...


त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटों के लिए 19 अप्रैल को त्रिपुरा वेस्ट और 26 को त्रिपुरा वेस्ट सीट पर मतदान होना है। इस राज्य की अपनी अनोखी जन जातीय संस्कृति और दिलचस्प लोक कथाएं हैं। यह दृश्य राजधानी अगरतला में आयोजित त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा की चुनावी रैली का है, जिसमें बड़ी संख्या में रंग बिरंगे परिधानों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी। इसकी बड़ी वजह यह रही कि राज्य में भाजपा के खिलाफ विधान सभा चुनाव लड़ी राजघराने से जुड़ी त्रिपुरा मोथा पार्टी अब भाजपा सरकार में शामिल हो चुकी है। रैली में मोथा पार्टी के मुखिया प्रद्योत विक्रम मानिक्य देव बर्मा भी शामिल हुए।

# मध्य प्रदेश में 13 लोकसभा सीटों पर 175 उम्मीदवार

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो चुकी है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में नामांकन और नाम वापसी के बाद इन 13 सीटों पर 175 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। पहले चरण की छह सीटों पर 88 और दूसरे चरण की सात सीटों पर 87 प्रत्याशियों के बीच लोकसभा का मैदान मारने की चुनौती है। दूसरे चरण में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को छह प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया। रीवा और होशंगाबाद में किसी ने नाम वापस नहीं लिया है।

दूसरे चरण की 7 सीटों रीवा, सतना, होशंगाबाद, टीकमगढ़, बैतूल, खजुराहो और दमोह पर 87 प्रत्याशी लोकसभा के रण में हैं। सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी सतना लोकसभा सीट लड़ रहे हैं। इसके बाद 14-14 खजुराहो और रीवा लोकसभा सीट से एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। दमोह में 13, होशंगाबाद में 12, टीकमगढ़ में 7, बैतूल में 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

सतना की तरह जबलपुर में भी सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। रविवार को जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी थी।

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान वाली सीटों में अब सीधी से 17, शहडोल से 10, मंडला में 14, बालाघाट में 13 और छिंदवाड़ा से 15 प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

# दिल्ली में भाजपा की राह में कांटे बिछाने का प्रयास

**कांग्रेस-आप का साथ**

**महेश शर्मा**




**केजरीवाल की गिरफ्तारी को सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को अपने वोट ट्रांसफर कराने की कवायद**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कांग्रेस-आप लोकसभा चुनाव की रणनीति में मुफीद मानकर चल रही हैं। कोशिश केजरीवाल की गिरफ्तारी को मतदाताओं की सहानुभूति में बदलने और एक दूसरे को वोट ट्रांसफर कराने की पुख्ता तैयारी की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में समझौते के तहत आम आदमी पार्टी ने अपने हिस्से की चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस ने अब तक दिल्ली की बची तीनों सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह यह है कि पार्टी बदले माहौल को भांपकर इंटरनल सर्वे करा रही है। आंकड़े बताते हैं कि अगर मतदाता ने 2014 के चुनाव के पैटर्न पर दोनों दलों के पक्ष में वोटिंग की तो भाजपा से लड़ाई की राह आसान हो सकती है। लेकिन इसके लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य तथा समन्वय को मजबूत बनाने के साथ वोट एक दूसरे के पक्ष में ट्रांसफर कराने की बड़ी चुनौती है।

दिल्ली की सभी सातों सीटों पर 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। अबकी 2024 के लोकसभा चुनाव दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर-पूर्व दिल्ली, दिल्ली पूर्व, नई दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली की सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

2014 व 2019 में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग लड़ीं थी पर अबकी चार पर आप और तीन पर कांग्रेस के साझा प्रत्याशी भाजपा के सामने मुकाबले में होंगे। 2019 में भाजपा ने सातों सीटों पर 56.9 फीसदी वोट पाकर सभी सीटें जीत ली थी। तब 1.28 करोड़ वोटरों में 86.19 लाख वोट पड़े थे। भाजपा को 49 लाख 8 हजार 549 वोट मिले थे। कांग्रेस 22.6 फीसदी यानी 19.54 लाख वोट पाकर दूसरे नंबर पर रही थी। सात में पांच सीटों पर वह रनर थी। आम आदमी पार्टी को 18.2 फीसदी यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे। दोनों दलों का वोट और वोट का फीसद जोड़ें तो 40.8 फीसदी यानी 35 लाख 25 हजार 587 वोट होता है।

लेकिन अब दूसरी तरफ 2014 का लोकसभा चुनाव पर दृष्टिपात करें तो भाजपा ने सातों सीटें जीती थी। भाजपा को 46.6 फीसदी वोट अर्थात 38 लाख 38 हजार 850 वोट मिला था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिला। पार्टी दूसरे नंबर पर थी। कांग्रेस सभी सीटों पर तीसरे नंबर पर थी। उसे 15.2 फीसदी यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिला था। दोनों दलों के वोट प्रतिशत को मिला दें तो यह 48.3 फीसदी यानी 39 लाख 75 हजार 965 वोट तक जा पहुंचता है जो कि भाजपा के मिले वोटों से ज्यादा है। ऐसे में वोटिंग पैटर्न 2014 के लोकसभा चुनाव वाला होने से भाजपा के सामने परेशानी खड़ी हो सकती है। हालांकि दिल्ली वेस्ट (पश्चिम दिल्ली) सीट अपवाद है। वहां पर कांग्रेस और आप के वोट मिला लें तो भी भाजपा आगे रही थी। 2024 में आप पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ रही है बाकी पर कांग्रेस। आपकी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ कहती हैं कि गठबंधन की सफलता वोटों की निर्बाध अदला-बदली पर निर्भर है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से जनता मे उपजी सहानुभूति के माहौल में यह संभव है। हालांकि तथ्य यह भी है कि दिल्ली में

कांग्रेस को नुकसान पहुंचाकर आप के वोट बढ़े हैं। 2009 के चुनाव से तुलना करें तो 2019 में कांग्रेस को 34 फीसदी का नुकसान हुआ। भाजपा को 22 फीसदी मतों का लाभ हुआ तो आप को 18 फीसदी का लाभ। अन्य को छह फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा।

**एक नजर**

## भूतपूर्व सैनिकों के परिजनों को मिलेगी तकनीकी शिक्षा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सैनिक कल्याण विभाग द्वारा भूतपूर्व तथा शहीद सैनिकों के आश्रितों को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (ओ लेवल स्तर), एसएसबी कोचिंग, कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग तथा टैली का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन सौरभ टंडन ने बताया कि भूतपूर्व तथा शहीद सैनिकों के आश्रितों के सशक्तीकरण हेतु उन्हें रोजगारपरक प्रशिक्षण दिलाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि ये सभी कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क हैं। उन्होंने जनपद के भूतपूर्व सैनिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने आश्रितों का नामांकन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में कराकर उपरोक्त अवसर का लाभ अवश्य उठायें।

## सरकारी जमीन में लगी गेहूं की फसल की नीलामी आज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** तहसीलदार तुलसीपुर प्रमेश कुमार ने बताया कि ग्राम कुशमहर तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में राज्य सरकार के नाम दर्ज भूमि में कुल क्षेत्रफल 2.9510हे0 में मैनुद्दीन पुत्र मो0 इब्राहीम नि0ग्रा0 द्वारा अवैध रूप से गेंहूँ की फसल बोई गई है। जो वर्तमान में कटाई के लिए तैयार है। राज्य सरकार की सम्पत्ति में फसल लगे होने के कारण उक्त फसल की नीलामी होनी है। फसल का मूल्यांकन क्षेत्रीय लेखपाल / राजस्व निरीक्षक द्वारा गत 30 मार्च को स्थानीय उत्पादकता एवं बाजार भाव के आधार पर मूल्यांकन धनराशि लगभग 127500.00 रुपये (एक लाख सत्ताइस हजार पांच सौ रुपये मात्र) आंकी गई है। जिसकी नीलामी होनी है। ग्राम के राज्य सरकार के खाते में लगे फसल गेहूं की नालामी हेतु तहसील सभागार तुलसीपुर में 9 अप्रैल को नीलामी शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें गेहूं की फसल को नीलामी के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करें।

## मास्टर ट्रेनरों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन एवं गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कर जाने हेतु प्रशासन की सभी तैयारियां पूरे जोरों के साथ आगे बढ़ रही है। इसी के क्रम में डीएम अरविंद सिंह के निर्देशन में 60 मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। सभी मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय को वोटिंग की बारीकियां के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। मास्टर ट्रेनर ने पूरे मनोयोग एवं बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्हें ईवीएम एवं वीवीपैट की बारीकियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। यदि किसी प्रकार का कंफ्यूजन है तो बिना किसी संकोच के उसे दूर कर लें। डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, पीडी सीपी श्रीवास्तव व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आग में तीन सौ बीघे गेहूं जलकर राख

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा तहसील क्षेत्र के ग्राम अहरा गांव के पूरब स्थित सिवान में रविवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में आधा दर्जन गांवों के सिवान में लगभग तीन सौ बीघे गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। बताते चलें कि कटार मिश्र-हैंसर बाजार सड़क के पूरब तरफ लगी आग ने तेज पछुआ हवाओं के चलते देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग ने ग्राम अहरा, कौलहीं, हैंसरिया, बेलौरा, कटया समेत आधा दर्जन गांवों के सिवान को अपनी आगोश में ले लिया। घटना के बाद हजारों लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने खेतों में पंपिंग सेट लगाकर और अन्य संसाधनों के सहारे घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना के बावजूद दमकल की गाड़ी आग बुझने के बाद पहुंची जिसको लेकर पीड़ित किसानों में जबरदस्त आक्रोश देखा गया।

# देवी मंदिरों में कराई गई साफ-सफाई व सजावट

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** चैत्र मास में मां जगदम्बा को समर्पित नवरात्र का शुभारंभ आज होगा। पूरे नौ दिनों तक भक्त गण देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना करेंगे। इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी। नवरात्र के प्रथम दिन आज नौ दिनों तक व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों में कलश स्थापना कराई जाएगी। इसके लिए दिन में सुबह 6.30 बजे से 10.32 बजे तक का मुहूर्त बेहद शुभ और लाभकारी है। खलीलाबाद स्थित मां समय जी मंदिर की साज सज्जा देखते ही बन रही है। यहां सप्तमी तिथि पर 15 अप्रैल को खलीलाबाद के भजन गायक गोरखनाथ मिश्र और उनकी टीम के द्वारा माता की चौकी जागरण का आयोजन कराया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष अमरनाथ रुंगटा ने बताया कि मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है।


खलीलाबाद की अधिष्ठात्री देवी मां समय जी।

# गर्भवती व बच्चों का नियमित टीकाकरण जरूरी

**बलरामपुर, अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग व डब्ल्यूएचओ के संयुक्त तत्वावधान में नियमित टीकाकरण के लिए माइक्रोप्लान को गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर सोमवार को नगर के एक होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हर गांव की सभी गर्भवती व बच्चों को नियमित टीकाकरण को माइक्रोप्लान में शामिल करने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि गर्भवती और बच्चों का नियमित टीकाकरण जरूरी है। शून्य से दो वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों का नियमित टीकाकरण शत-प्रतिशत कराया जाए।

कहा कि टीबी, काली खांसी, गल घोंटू, तपेदिक, दिमागी बुखार, पीलिया, पोलियो, निमोनिया, खसरा, जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण कराना बहुत जरूरी है। घर-घर जाकर सर्वे कराया जाए और ड्यूलिस्ट अपडेट किया जाए। एसएमओ डॉ सिंथू ने कहा कि नियमित टीकाकरण से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों में बाहरी संक्रमण का खतरा कहीं अधिक होता है। इसलिए बच्चों के जन्म पर बर्थ डोज के टीकाकरण के साथ ही डेढ़ माह, ढाई माह, साढ़े तीन माह, नौ माह पर, सोलह से चौबीस माह में और पांच वर्ष पूरा होने पर सभी टीके समय से लगवाएं। इसके अलावा दस व सोलह वर्ष की आयु पर टीबी का टीका लगवाना जरूरी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से बचाता है। इनमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, टीबी, हेपेटाइटिस-बी, निमोनिया, डायरिया और खसरा-रूबेला जैसी बीमारियों से बचाव के टीके शामिल हैं। गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया जाता है। नियमित टीकाकरण बच्चों के अलावा गर्भवती को भी कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाता है। इस दौरान एसीएमओ डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ मीनाक्षी चौधरी, डॉ नीरज, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, यूनिसेफ के डीएमसी शिखा श्रीवास्तव मौजूद रहे।



बलरामपुर मे टीकाकरण कार्यशाला में मौजूद सीएमओ। अमृत विचार

# वासंतिक नवरात्र आज से, घर-घर विराजेंगी जगत जननी मां

## मंदिरों में साफ-सफाई कर की गई विशेष तैयारी, बाजार मे उमड़े खरीदार

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** वासंतिक नवरात्र को लेकर माता रानी के भक्तों में भारी उत्साह है। मंगलवार को घर-घर कलश स्थापना के साथ माता रानी विराजेंगी और पूजा पाठ शुरू हो जाएगा। नवरात्र को लेकर मंदिरों में सफाई की जा रही हैं। बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

सनातन धर्म में चैत्र मास की शुक्लपक्ष प्रतिपदा का बड़ा महत्व है। इसी दिन से हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होता है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि रचना का काम आरंभ किया था। सतयुग का आरंभ दिवस भी चैत्र शुक्ल की प्रथमा तिथि को ही माना जाता है।

पंड़ित बजरंगी शास्त्री बताया कि इस बार 9 अप्रैल से नए सनातन वर्ष का आरंभ हो रहा है। यह वर्ष पिंगल संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस वर्ष के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे। मंगलवार को कलश स्थापना का उत्तम मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में दिन में 11:30 से 12:25 बजे तक है। विकल्प के अनुसार 3:17 बजे के बाद सूर्यास्त तक घट स्थापना हो सकती है। महाष्टमी का व्रत 16 अप्रैल को किया जाएगा। 9 दिन व्रत करने वाले श्रद्धालु नवमी तिथि में हवन पूर्णाहुति 17 अप्रैल को करेंगे। 17 अप्रैल को ही रामनवमी मनाई जाएगी। नवरात्रि की वजह से बाजार में भी खरीदारों की भारी भीड़ जुटने लगी है। व्रत से संबंधित फलाहार व पूजा पाठ का सामान लोग खूब खरीद रहे हैं। आज से ही देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर में एक माह के राजकीय नवरात्र मेले की शुरुआत भी होगी।


बलरामपुर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर खरीदारी करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## चुनाव के समय प्रिंटिंग प्रेस पर भी रहेगी नजर

**बलरामपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने के लिए प्रशासन की कड़ी नजर प्रिंटिंग प्रेस पर भी रहेगी।

डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों द्वारा पंपलेट, बैनर पोस्टर आदि राजनीतिक प्रचार सामग्री के मुद्रण पर नियंत्रण रखने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के तहत प्रिंटिंग प्रेस के लिए कई अनिवार्य शर्तें निर्धारित की गई है। जिसके तहत सभी प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों को निर्वाचन संबंधी किसी भी सामग्री पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम व पता तथा मुद्रित प्रतियों की कुल संख्या अनिवार्य रूप से प्रथम पृष्ठ पर मुद्रित किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रिंटिंग प्रेस किसी निर्वाचन पंपलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण तभी करेगा जब प्रकाशक की पहचान की घोषणा स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो प्रकाशक को व्यक्तिगत रूप से जानते हो द्वारा सत्यापित हो। प्रकाशन सामग्री में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वाला कोई बिंदु नहीं होना चाहिए। प्रिंटिंग प्रेस स्वामी मुद्रित सभी निर्वाचन सामग्री चार प्रतियों में प्रकाशन के तीन दिनों के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएंगे। प्रिंटिंग प्रेसों में निर्वाचन प्रचार सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**सार-संक्षेप**

## भाजपा प्रत्याशी को वाकओवर दे रहा इंडिया गठबंधन

**संतकबीरनगर।** लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथियां जैसे जैसे करीब आती जा रही हैं वैसे वैसे राजनैतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की धड़कनें तेज होती जा रही हैं। चुनाव के लिए लगभग एक माह पूर्व प्रत्याशी घोषित कर भाजपा ने अपनी बढ़त बनाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है तो वहीं इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी घोषित न होने के चलते गठबंधन में शामिल मुख्य दल समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बेचैनी लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी उतारेगी या नहीं इस बात को लेकर जबरदस्त असमंजस की स्थिति देखी जा रही है। बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी ने निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद के बेटे और क्षेत्र के वर्तमान सांसद इं. प्रवीण निषाद को ही एक बार फिर मैदान में उतार दिया है। हालांकि अपनी कार्यशैली को लेकर इं. प्रवीण निषाद को क्षेत्र में जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन आम मतदाताओं में भाजपा को लेकर कोई नाराज़गी नहीं है। ऐसे में समय के साथ भाजपा प्रत्याशी के विरोध की रफ्तार धीमी पड़ती दिखाई दे रही है। इसके अलावा इंडिया गठबंधन की तरफ से संतकबीरनगर लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के हिस्से में आई है। सपा नेतृत्व प्रत्याशी चयन करने में जबरदस्त असमंजस में है। यहां से पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी, पूर्व सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबृक्ष यादव, पूर्व एमएलसी संतोष यादव सनी, वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय, विजय बहादुर यादव, सुबोध चंद्र यादव और के.डी. यादव समेत तमाम नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश किया है। दावेदारों की बड़ी संख्या के चलते पार्टी नेतृत्व जबरदस्त असमंजस में है। हालांकि भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो अगले दो से तीन दिनों के भीतर सपा नेतृत्व प्रत्याशी की घोषणा कर देगा। लेकिन टिकट की घोषणा के बाद सपा में जबरदस्त घमासान मचेगा इसकी प्रबल सम्भावना है। वहीं बसपा में अभी तक टिकट को लेकर कोई हलचल शुरू तक नहीं हुई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में समूचा विपक्ष भाजपा प्रत्याशी को वाक ओवर देने की तरफ अग्रसर है।

## डीएम और एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को विकास क्षेत्र खलीलाबाद के पोलिंग बूथ प्राथमिक विद्यालय मैनसिर और प्राथमिक विद्यालय कोनी का निरीक्षण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने चुनाव के दौरान आम मतदाताओं को भरपूर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान के लिए बूथों पर की गई व्यवस्थाओं, विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी की व्यवस्था, शौचालय, रैम्प आदि का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से कहा कि सभी लोग मतदान के इस महा उत्सव में सम्मिलित होकर बिना किसी डर या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देश दिया कि सभी ग्रामवासी मिलजुल कर अच्छे वातावरण में निर्वाचन सफल कराने में सहयोग करें और सभी ग्रामवासी जिम्मेदार मतदाता होने का धर्म निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी से अपील किया कि गांव से बाहर रहने वाले मतदाता भी 25 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करें। पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत गांव वालों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हे आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग के द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों की सूचना देने की भी अपील किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस बार बढ़-चढ़कर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, ओएसडी बलदाऊ जी शर्मा, पीआरओ जितेन्द्र यादव, प्रधान प्रतिनिधि बलजीत सिंह, परमबीर पासवान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## क्राप कटिंग के माध्यम से फसल की पैदावार का लिया जायजा

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सोमवार को खलीलाबाद तहसील के ग्राम पंचायत कोनी के राजस्व गांव नौरंगिया में रबी सीजन 2023-24 के अंतर्गत चयनित कृषक राजाराम के गाटा संख्या 247 में रबी कटिंग की अधिसूचित फसल गेहूं की कटाई का सीसीई ऐप के माध्यम से निरीक्षण किया। प्लाट उपज 18.300 किलोग्राम (43.3 वर्ग मीटर में) प्राप्त हुआ। अर्थात 42.273 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दुबे, तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन, अपर सांख्यिकीय अधिकारी अमरेंद्र कुमार राय राजस्व निरीक्षक राममनोहर, लेखपाल आलोक पाण्डेय प्रधानमंत्री फसल बीमा टीम से कलस्टर मैनेजर अवधेश मौर्य, जिला समन्वयक, अष्टभुजा सिंह, वरुण कुमार, मयंक सिंह, ब्लॉक समन्वयक जय सिंह यादव, अमित सिंह, दिलीप, रामाज्ञा, पवन, शांशाक, ग्राम पंचायत कोनी के प्रधान महेन्द्र पाल चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अग्रसेन मंदिर की भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु


बाबा गंगाराम भजन संध्या में भजन सुनकर झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** भगवतीगंज नगर में बाबा गंगाराम सेवा समिति के तत्वावधान में अग्रसेन मंदिर अग्रवाल भवन भगवतीगंज में बाबा गंगाराम का पंचदेव मंदिर झुंझुनूं जैसा सजाया गया। जिसमें बाबा गंगाराम एवं भक्त देवकीनंदन तथा गायत्री माता की तस्वीर सजाई गई। समिति के अध्यक्ष महेश अग्रवाल एवं समिति के सदस्य परिवारों ने पूजन कर ज्योति प्रज्ज्वलित की। भजन गायिका सोनी अरोड़ा कोलकाता ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। कोलकाता से आए भजन गायक नवीन जोशी, भजन गायक पवन शर्मा ने बाबा गंगाराम जी का भजन सुनाया। जिसमें कोलकाता द्वारा मशहूर नृत्य नाटिका मिलन दा एण्ड पार्टी ने बाबा गंगाराम के जीवन पर आधारित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत कीं इस दौरान बाबा गंगाराम के विभिन्न अवतारों की सजीव झांकियों को देख लोग खुशी से झूमने लगे: समारोह में मेरा बाबा बड़ा प्यारा है, अमृत बरस रहा है। बाबा गंगाराम के दरबार में भजन गायक नवीन जोशी कोलकाता से आए। भजन गायक और भजन गायिका सोनी अरोड़ा बाबा गंगाराम की महिमा से जुड़े भजन गा रहे थे। सांचा तेरा धाम है बाबा गंगाराम देवकीनंदन जैसा भक्त नहीं देखा सहित अनेक भजन सुनाया। जिसमें समिति के संरक्षक देवीकान्त अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अध्यक्ष महेश जी अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनूप सर्राफ, मंत्री अजय अग्रवाल, उप मंत्री अभिषेक अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, प्रमोद चौधरी व रवीन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट : डीईओ

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश और मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियोंऔर कर्मचारियों का कार्य, व्यवहार और आचरण पारदर्शी होना आवश्यक है। जिससे निर्वाचन जैसी संवेदनशील प्रक्रिया के लिये जिला प्रशासन के प्रति जनसामान्य का विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रणाली के बारे में आप सभी पूर्व से ही अवगत हैं कि प्रश्नगत चुनाव में जनपद में मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/वीवीपीएटी के माध्यम से किया जाना है। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थल के आस-पास स्थानीय फोन व कुछ स्थानीय व्यक्तियों के मोबाइल नम्बर भी नोट कर लें। उस फोन धारक से सम्पर्क स्थापित कर लें जिससे आवश्यकता पड़ने पर आपके क्षेत्र से तत्काल सम्पर्क किया जा सके।

**दिशा-निर्देश**

- निर्धारित बूथों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाओं को समय से पूर्ण कराएं सेक्टर मजिस्ट्रेट

### 13 जोनल और 108 सेक्टर मजिस्ट्रेटों का हुआ प्रशिक्षण

रविवार को जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 312-मेंहदावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त 4 जोनल मजिस्ट्रेट, 313-खलीलाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त 4 जोनल मजिस्ट्रेट, 314-धनघटा सुरक्षित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त 3 और रिजर्व के लिए नियुक्त 2 जोनल मजिस्ट्रेटों सहित कुल 13 जोनल मजिस्ट्रेटों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेंहदावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त 35 सेक्टर मजिस्ट्रेट, खलीलाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट, धनघटा सुरक्षित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त 36 और रिजर्व के लिए नियुक्त 3 सेक्टर मजिस्ट्रेटों सहित कुल 108 सेक्टर मजिस्ट्रेट ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे, आदि उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री


श्रीराम की झांकी के साथ कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत मगहर में शतचंडी महायज्ञ के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद, भाजपा सांसद व लोकसभा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद और सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने अपनी हाजिरी लगाई और श्रद्धालुओं के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान नगर वासियों ने कलश यात्रा में शामिल लोगों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। तपती सड़क पर नंगे पैर चल रही कन्याओं की पीड़ा देख सदर विधायक अंकुर राज तिवारी लगातार कन्याओं के पांव धुलते व सेवा करते नजर आए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मगहर के काजीपुर चौराहे के पास स्थित साधन सहकारी समिति के पीछे विनोद गुप्ता के प्रांगण में श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का सोमवार को शुभारम्भ हुआ।

**हर्षोल्लास** | आज से शुरू हो रहा है एक माह का मेला

# यहां मां सती का गिरा था पट सहित वामस्कंध

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार।** 51 शक्तिपीठों में शुमार मंदिर देश -विदेश में मशहूर है। यहां मां सती का वाम स्कंध पट सहित गिरा था। नवरात्रि पर यहां देश दुनिया से श्रद्धालु देवीपाटन पहुंच मां पाटेश्वरी जी का दर्शन-पूजन करेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर जिला व मंदिर प्रशासन के द्वारा व्यापक इंतजाम किये गये है। मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर रेलवे द्वारा मेला स्पेशल ट्रेन आज से नवों दिन नवरात्र तक चलाया जायेगा। इसके अलावा देवीपाटन से जुड़े सभी सड़क मार्गो पर श्रद्धालुओं के लिए परिवहन विभाग के द्वारा रोडवेज बस लगाई गई हैं।


देवीपाटन शक्तिपीठ मंदिर में गर्भ गृह में स्थापित मां पाटेश्वरी की मूर्ति।

देवीपाटन मंदिर 51 शक्तिपीठों में शुमार है। यहां माता सती का वामस्कंध पट सहित गिरा था, जो कि मंदिर में शिलालेख पर वर्णित है। वामस्कंध पट सहित गरने से इस स्थान को पाटन देवी वा देवीपाटन के रूप में जाना जाता है। यह स्थान महायोगी गुरु गोरक्षनाथ की तपोस्थली भी है। महायोगी के द्वारा जलाया गया अखंड धूना युगों युगों से आज भी जल रहा है। श्रद्धालु मां पाटेश्वरी जी का दर्शन पूजन के उपरांत अखंड धूने का दर्शन करना नहीं भूलते है। महाभारत कालीन राजा कर्ण से भी यह स्थान जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि राजा कर्ण मंदिर स्थित सरोवर में स्नान कर सूर्य की आराधना करते थे जो आज सूर्यकुंड के नाम से जाना जाता है। श्रद्धालु देवी पाटन पहुंच इसी पवित्र कुंड में स्नान कर मां पाटेश्वरी का पूजन करते हैं।

चैत्र नवरात्रि में एक माह तथा शारदीय नवरात्रि में 15 दिवसीय भव्य मेला लगता है। जिसमें देश के कोने-कोने के अलावा नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मंदिर की ऐतिहासिकता वह धार्मिक महत्व को देखते हुए लगने वाले इस मेला को राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त है।

आज से शुरू हो रहे एक माह के मेला को लेकर प्रशासन के द्वारा व्यापक इंतजाम किया गया हैं। साफ सफाई-पेयजल सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा दो बार समीक्षा बैठक भी हो चुकी है।

### श्रद्धालुओं के लिए हैं व्यापक इंतजाम : महंत

देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया है। पूरा मंदिर व मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। जिसके माध्यम से पूरी व्यवस्थाओं पर वह स्वयं नजर बनाये हुए है। मेले में आए किसी भी श्रद्धालु को समस्या नहीं होगी।


महंत मिथलेश नाथ योगी। अमृत विचार

## आग में जले चार घर जंगल और फसल

**बलरामपुर।** जिले में सोमवार को तीन स्थानों पर लगी आग में चार लोगों की घर गृहस्थी जलकर राख हो गई। जंगल में आग लगने से जंगल के साथ-साथ किनारे लगी किसानो की गेहूं और गन्ने की फसल भी जल गई। आग की पहली घटना रविवार देर शाम ललिया थाना क्षेत्र के ग्राम ओदरहिया में हुई। अज्ञात कारणों से लगी आग में प्रधान गौतम तथा रविंद्र गौतम कि घर की गृहस्थी का सारा सामान राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। सोमवार दोपहर में आग की दूसरी घटना गैसड़ी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 लठावर उत्तरी में हुई। अज्ञात कारणों से लगी आग में राजबहादुर मौर्य तथा तिलक राम मौर्य कि घर गृहस्थी जल कर राख हो गई। जरवा कोतवाली क्षेत्र में नेवलगढ़ गांव के समीप जंगल में लगी आग से जंगल के साथ-साथ घनश्याम यादव के गेहूं की फसल तथा अतुल चौधरी के गन्ना की फसल जलकर राख हो गई। सभी घटना में क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

## खेल डायरी

### भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब

**सेन एंटोनियो (अमेरिका)।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे थे।

### गुकेश ने करूआना को बराबरी पर रोका

**टोरंटो।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा।

### अमेरिका ने पहले टी-20 में कनाडा को हराया

**ह्यूस्टन।** कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। अमेरिका ने 133 रनों के लक्ष्य को 17 .3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेरिका के स्टीवन टेलर ने 22 रन बनाये। कप्तान मोनांक पटेल ने 34 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा एंड्रीस गौस ने भी 35 गेंद पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये। एरोन जोन्स तीन रन बनाकर आउट हुये।

### भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच का निधन

**लंदन।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया, "हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया।" वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। टॉटनहम फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन का सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है।

### सुमित ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरूआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी।

# पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी।

सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ जीत के दौरान सनराइजर्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाया जबकि शुक्रवार को गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ भी टीम ने छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजों ने विरोधी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया है और टीम को तेज शुरुआत दिलाई है। शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन की मौजूदगी में पंजाब के पास भी बड़े शॉट खेलने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन कप्तान धवन के अलावा अन्य किसी के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई है। पंजाब को अपने भारतीय खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों टीमें अपने पिछले मुकाबले जीतकर इस मैच में उतरेंगी और नवनिर्मित महाराज यादविंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस सिर्फ दूसरे आईपीएल मैच में पावर प्ले में टीम का प्रदर्शन अहम भूमिका निभाएगा। दोनों टीमों की गेंदबाजी चिंता का विषय है। पंजाब की टीम को डेथ ओवरों में जूझना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज नई गेंद से काफी महंगे साबित हुए हैं। पंजाब के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी टीम के लिए चिंता की बात है। लेग स्पिनर राहुल चाहर काफी महंगे साबित हुए हैं लेकिन हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।

# जडेजा-देशपांडे और मुस्तफिजुर के दम पर चेन्नई ने केकेआर को 7 विकेट से हराया

**कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34, सुनील नरेन ने 27 और अंगकृष रघुवंशी ने 24 रन बनाए**

## सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 67 रनों की बेहतरीन पारी खेली



रवींद्र जडेजा

**चेन्नई, एजेंसी**

रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की नाबाद 67 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 14 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया है।

चेन्नई ने 138 रनों के छोटे लक्ष्य को धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी के जरिए चेज करने का प्रयास किया, लेकिन चौथे ओवर में वैभव ने चक्रवर्ती के हाथों रचिन रविंद्र 15 रन पर कैच आउट कर चेन्नई को पहला झटका दिया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और डेरिल मिचेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़ते हुए टीम को जीत की दहलीज की ओर धकेला। इसी दौरान 13वें ओवर में डेरिल मिचेल 25 रन बनाकर आउट हो गये। उन्हें सुनील नरेन ने बोल्ड किया। गायकवाड़ ने 58 गेंदों में आठ चौकों की मदद से नाबाद 67 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने आखिरी ओवरों में 18 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 28 रन बनाये। चेन्नई ने 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 141 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। गायकवाड़ ने चौका मार कर टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है। वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिये और सुनील नारायण ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले कोलकाता ने कप्तान श्रेयस अय्यर और 34 रन, सुनील नारायण 27 रन और अंगकृष रघुवंशी 24 रनों की पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य दिया था। सोमवार को एमए चिदम्बरम स्टेडियम, चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।



तुषार देशपांडे

**कोलकाता 137/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 | 01 | 0/0 |
| सुनील नरेन का तीक्षणा बो जडेजा | 27 | 20 | 3/2 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबाधा जडेजा | 24 | 18 | 3/1 |
| श्रेयस अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 | 32 | 3/0 |
| वेंकटेश अय्यर का मिचेल बो जडेजा | 03 | 08 | 0/0 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्षणा | 13 | 12 | 0/1 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 09 | 14 | 0/0 |
| आंद्रे रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 | 10 | 2/0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 | 03 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0

**चेन्नई 141/3** — 17 .4 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रचिन रविंद्र का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 15 | 08 | 3/0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 67 | 58 | 9/0 |
| डेरिल मिचेल बो नारायण | 25 | 19 | 1/1 |
| शिवम दुबे बो अरोड़ा | 28 | 18 | 1/3 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 03 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0

# किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को मिली मान्यता

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** पंच और किक के समन्वय के साथ फुल कांटैक्ट फाइट के तौर पर प्रसिद्ध मार्शल आर्ट किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की लखनऊ में हुई वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का मान्यता पत्र प्रदान किया।



किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मान्यता के प्रपत्र सौंपते उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव।

इस बैठक में अरविंद शेरवालिया को महासचिव और सुशील कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों में उपाध्यक्ष पद पर डा. संदीप चौधरी, मुख्य सलाहकार सतीश कुमार, सहसचिव अभिषेक मौर्या व निलेश यादव चुने गए। इसके अलावा एडमिन सेक्रेटरी आदित्य मकोरवाल व तातामी हेड सोनू सैनी बनाए गए। लखनऊ से आकाश मौर्य, बनारस से संतोष राइ, कानपुर से शहबे आलम, गाजीपुर से अब्दुल सलाम, रामपुर से प्रेम सिंह, अलीगढ़ से कुलदीप कुमार सहित अन्य जिलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय बताया कि किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश वर्तमान में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन से मान्यता प्राप्त संघ है, जिसे भारत सरकार के खेल मंत्रालय से इस खेल के शासी निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ है। इसके साथ ही वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन को वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन (वाको) से भी मान्यता प्राप्त है और वाको अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से भी मान्यता मिली है।

# दिल्ली की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है।



विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी खेला था। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

# बॉलीवुड हलचल

## अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन पर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का टीजर जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ' 'पुष्पा 2 : द रूल' ' फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन के अवसर पर बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर जारी किया। 'पुष्पा 2 : द रूल' का निर्देशन सुकुमार ने किया है। यह 'पुष्पा 1 : द राइज' का सीक्वल है जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था और मलयालम स्टार फहद फासिल एक पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह शेखावत की भूमिका में थे। प्रोडक्शन बैनर माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज पर टीज़र साझा किया। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आएंगी। एक्स पर पोस्ट में कहा गया है, ' 'इसके आगमन का जश्न मनाएं। पुष्पा : 2 का टीजर रिलीज है। अभिनेता अल्लू अर्जुन को 42वें जन्मदिन की शुभकामनाएं।' अल्लू अर्जुन ने आधी रात को उनके हैदराबाद में स्थित घर के बाहर आए प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुष्पा : 2 के टीजर की तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मैं जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए आप सभी को धन्यवाद देता हूं। मेरा हृदय आभार से भरा है। कृपया मेरे धन्यवाद को इस टीजर के साथ स्वीकार करें।'



## 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' में दिखेंगे अनन्या- आदित्य

**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन फैशन के नए कैम्पेन ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर दिखायी देंगे। अमेजन फैशन ने अपने नए कैम्पेन, "फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल" को लांच करने की घोषणा की है। अमेजन के इस नए कैम्पेन में अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ दिखाई देंगे। प्रज्ञा शर्मा, डायरेक्टर-कंज्यूमर मार्केटिंग, अमेजन इंडिया ने कहा, हम अपना नया कैम्पेन, ' 'फैशन ऑन अमेजन, हर पल फैशनेबल' ' पेश करते हुए बहुत ही उत्साहित हैं। इस कैम्पेन का उद्देश्य अमेजन फैशन को फैशन के शौकीनों के लिए वन-स्टॉप ऑनलाइन डेस्टिनेशन बनाना है। कपड़ों, जूतों, घड़ियों, एक्सेसरीज़ आदि के विशाल संग्रह के साथ, अमेजन ग्राहकों को टॉप ब्रांडों के सुझावों जैसे ' 'वियर इट विथ' ' जैसे फीचर्स के साथ अपने लुक को आसानी से संवारने में मदद करता है। आसान रिटर्न, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के तेज डिलीवरी जैसे खास फीचर्स के साथ, हम फैशन शॉपिंग के अनुभव को लगातार बेहतरीन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।' ' आदित्य रॉय कपूर ने कहा, मैं जुनून की हद तक फैशन का शौकीन हूं, ऐसे में मैं हमेशा सुकून भरी स्टाइल की तलाश में रहा हूं। मैं अमेजन फैशन के नए कैम्पेन का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेजन फैशन पर शॉपिंग करना बेहद आसान और सुविधाजनक है। यहां सन ग्लासेस, वॉचेज़, शूज़ के विशाल संग्रह के साथ हमेशा समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलती है। जिसके कारण शॉपिंग करते वक्त आपको अंदाजा नहीं लगाना पड़ता है। अमेजन की यह सुविधा मुझे अपनी वार्डरोब और भी स्टाइलिश बनाने में मदद करती है। अनन्या पांडे ने कहा, मुझे ऐसी स्टाइलिंग पसंद है, जिससे मुझे सुकून मिले, और साथ ही मैं आत्मविश्वास भी महसूस हो।



## हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं रणबीर कपूर

**मुंबई, एजेंसी।** रॉकस्टार, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले कपूर खानदान के चश्मोचिराग बॉलीवुड के स्टार रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। वह बॉलीवुड की फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं। रणबीर का कहना है कि बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्मों में काम नहीं करना चाहते हैं। रणबीर कपूर हॉलीवुड की फिल्में करने के बजाये भारतीय सिनेमा में योगदान देना चाहते हैं। रणबीर कपूर ने हॉलीवुड की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं बॉलीवुड में अपना नाम बनाने की कोशिश कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यदि आप सच में दुनिया भर में नाम कमाना चाहते हैं, तो आपको इसे अपने कल्चर और कैरेक्टर के साथ करना चाहिए।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान की सीनेट के सभापति का चुनाव आज, 85 सीनेटर लेंगे शपथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने सीनेट के सभापति और उपसभापति के चुनाव के लिए नौ अप्रैल को संसद के उच्च सदन का सत्र बुलाया है। सीनेट के शीर्ष पदों का चुनाव जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध के बावजूद कराया जा रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार रात की गई घोषणा के मुताबिक, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सीनेट की बैठक मंगलवार को सुबह नौ बजे बुलाई है। 'द न्यूज़ इंटरनेशनल' की खबर के मुताबिक, सीनेट के सत्र में, नव निर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और सभापति और उपसभापति के संवैधानिक पद के लिए चुनाव होगा। प्रधानमंत्री द्वारा नामित पीठासीन अधिकारी नव निर्वाचित सीनेटर को शपथ दिलाएंगे। सीनेट की रिक्त सीट पर उपचुनाव में जीते सदस्य शपथ लेंगे। पाकिस्तान की 96 सदस्य सीनेट के 85 सीनेटर शपथ लेंगे, क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग ने खैबर पख्तूनख्वा की 11 सीट के लिए चुनाव को टाल दिया है।

### पाकिस्तानः बलूचिस्तान प्रांत के बाजार में धमाका, दो लोगों की मौत, 10 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में रविवार रात हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना रात करीब 9 :40 बजे की है जब प्रांत के खुजदार जिले में एक मोटरसाइकिल में लगाए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हो गया। सूत्रों ने कहा, जिले में नियमित गश्त पर निकला एक पुलिस वाहन स्पष्ट रूप से निशाने पर था, जो कुछ सेकंड से चूक गया और विस्फोट होने पर वह उस क्षेत्र को पार कर पाया था। हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना स्थल के पास ईद-उल-फितर के त्योहार के लिए खरीदारी कर रहे नागरिक हमले में मारे गए और घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सीरिया में उपद्रवियों के बीच संघर्ष, 20 की मौत, एक दिन पहले हुआ था धमाका

**दमिश्क।** सीरिया के दारा प्रांत में स्थानीय उपद्रवियों के बीच रविवार को हुए हिंसक संघर्ष में 20 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया और एफएम रेडियो ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि दारा प्रांत के सनमायन शहर में एक दिन पहले हुए घातक विस्फोट में करीब सात बच्चे मारे गए थे। माना जा रहा है कि कल के हिंसक संघर्ष को इसी घटना को लेकर बदले की कार्रवाई है। गौरतलब है कि सीरियाई सेना ने उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोही बलों को भगाने के बाद 2018 में दारा पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस क्षेत्र में छिटपुट सुरक्षा घटनाएं और हमले जारी हैं।

### उज्बेकिस्तान के नागरिकों से भरी बस खाई में गिरी, दो की मौत, 26 घायल

**मॉस्को।** रूस के दक्षिण-पश्चिमी समारा क्षेत्र में बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से सोमवार को क्षेत्रीय अभियोजक के कार्यालय ने बताया था कि अलकाएवका की ग्रामीण बस्ती के पास यूराल-मुखानोवो राजमार्ग पर बस खाई में गिर गई। स्थानीय यातायात पुलिस ने टेलीग्राम पर कहा कि कजाकिस्तान में पंजीकृत बस उज्बेकिस्तान के नागरिकों को मध्य रूस के निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में ले जा रही थी। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुवैत के अमीर ने मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार किया, 17 को बुलाया पहला सत्र

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने रविवार को मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार करते हुए एक डिक्री जारी की और नेशनल असेंबली को 17 अप्रैल को अपना पहला सत्र बुलाने के लिए कहा। सरकारी समाचार एजेंसी कुना द्वारा जारी पहले आदेश में कहा गया है कि अमीर ने प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है, साथ ही कहा कि वे नए मंत्रिमंडल के गठन तक अपने संबंधित पदों के जरुरी मामलों को संभालना जारी रखेंगे। अमीर ने एक अन्य डिक्री में 17 अप्रैल को 18वें विधायी कार्यकाल का पहला नियमित सत्र बुलाने के लिए नेशनल असेंबली कस सत्र बुलाया है। कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा ने विगत शनिवार को मंत्रिमंडल का इस्तीफा अमीर को सौंप दिया। वहीं, गुरुवार को नयी संसद के चुनाव के बाद इस्तीफा एक प्रक्रियात्मक कदम है।

### रूस में 10,400 से अधिक घरों में भरा बाढ़ का पानी, 6,100 से अधिक लोग बेघर

**मास्को।** रूस के पश्चिमी साइबेरिया के वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक में बाढ़ में 10,400 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भर गया है। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन स्थिति विभाग ने सोमवार को बताया कि ऑरेनबर्ग क्षेत्र के 6,100 से अधिक लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसके अलावा, 33 हजार लोगों के लिए कुल 33 अस्थायी आवास केंद्र तैनात किए गए हैं। ऑरेनबर्ग क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 10 अप्रैल तक बाढ़ का स्तर बढ़ सकता है और यह स्तर 25 अप्रैल से पहले सामान्य होने की उम्मीद है। 18 हजार से अधिक लोग बाढ़ के खतरे वाले क्षेत्र में हैं एजेंसी के अनुसार, सात-11 अप्रैल का डेटा साइबेरिया, वोल्गा क्षेत्र और सेंट्रल फेडरल डिस्ट्रिक्ट में दैनिक औसत तापमान, बर्फ पिघलने और नदी में जलस्तर की वृद्धि की ओर इशारा करता है।

## दक्षिण कोरिया ने दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह किया प्रक्षेपित

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने अपना दूसरा सैन्य जासूसी उपग्रह स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्पेसएक्स के एक लाइव फुटेज में दिखाया गया है कि दक्षिण कोरिया के स्वदेशी सैन्य जासूसी उपग्रह सहित 11 उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट अमेरिका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8 :16 बजे रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रक्षेपण के लगभग 45 मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। दक्षिण कोरिया ने 2025 तक पांच सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बनाई है, जिसमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) सेंसर से लैस दूसरा उपग्रह भी शामिल है। इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और इंफ्रारेड सेंसर से लैस पहला उपग्रह पिछले साल दिसंबर में प्रक्षेपित किया गया था।

**45** मिनट बाद जासूसी उपग्रह को कक्षा में कर दिया गया स्थापित

**11** उपग्रहों को ले जाने वाला फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 8 : 16 बजे हुआ रवाना



**नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए भारत निभाएगा सलाहकार की भूमिका**

## मौसम की बेहतर समझ को दूसरों की मदद करेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें।

आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा। भारत के प्रयास संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों के माध्यम से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। महापात्र ने कहा कि भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली स्थापित करने की पहल के प्रथम चरण के तहत दुनिया भर में चिह्नित किए गए 30 देशों में से पांच की मदद कर रहा है। आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है।

### जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्थाओं को हो रहा है नुकसान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आईएमडी पूर्वानुमान और चेतावनी से जुड़ी जानकारी मुहैया करेगा और संबंधित देशों के संचार मंत्रालयों को डेटा आदान प्रदान और चेतावनी की सूचना देने के लिए एक प्रणाली विकसित करने में मदद के वास्ते इसमें शामिल किया गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की दिसंबर में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, 101 देशों (52 प्रतिशत) के पास अब पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों से पता चलता है कि 1970 से 2019 के बीच मौसम और जलवायु से संबंधित आपदाओं की संख्या पांच गुना तक बढ़ गई है। पानी से संबंधित आपदाएं विश्व स्तर पर सबसे आम हो गई हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों ने लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया।

## अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने निकाली रैलियां

### ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसए ने 'मोदी का परिवार मार्च' किया आयोजित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को मोदी का परिवार मार्च रैलियों का आयोजन किया गया था। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे। सैन फ्रांसिस्को, ह्यूस्टन और अटलांटा सहित 16 शहरों में मार्च आयोजित किए गए। सैन फ्रांसिस्को से सचिन्द्र नाथ ने कहा कि मार्च ने मोदी के नेतृत्व के प्रति गहरे सम्मान और एकजुटता और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अबकी बार 400 पार की सामूहिक आकांक्षा को प्रदर्शित किया। कहा गया है कि छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी मोदी और भारत के लिए उनके दृष्टिकोण के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए।



अमेरिका में व्हाइट हाउस के सामने भारत में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में रैली निकालते ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के सदस्य और समर्थक। ● एजेंसी




## इजराइल ने दक्षिण गाजा से वापस बुलाए कुछ सैनिक

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल की सेना ने रविवार को घोषणा की कि उसने गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनुस से अपने सैनिक वापस बुलाए हैं। इजराइल ने खान यूनुस में हमास के चरमपंथियों के खिलाफ जमीनी हमले के अपने चरण को पूरा कर लिया है और अपने सैनिकों को वापस बुलाया है। लेकिन रक्षा अधिकारियों ने कहा कि सैनिकों को खान यूनुस से बुलाकर पुनः एकत्रित किया जा रहा है क्योंकि सेना हमास के आखिरी गढ़ रफह में घुसने की तैयारी कर रही है। सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा, गाजा में जंग जारी है और हम अभी रुकने नहीं वाले हैं।

स्थानीय प्रसारक चैनल 13 टीवी के माध्यम से बताया गया कि इजराइल रफह को खाली कराने की तैयारी कर रहा है और इस प्रक्रिया में कई महीने लग सकते हैं। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि लक्षित अभियानों को जारी रखने के लिए गाजा में अच्छी खासी संख्या में सैनिक रहेंगे जिनमें हमास के गढ़ और समूह के नेता याह्या सिनवार का गृहनगर खान यूनुस भी शामिल है। खान यूनुस की एसोसिएटेड प्रेस की रविवार की वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग लौट आए हैं। इजराइल रफह के आसपास जमीनी हमला करने की बात कई हफ्तों से कह रहा है। वहां 14 लाख आबादी रह रही है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने रफह हमले पर अमेरिका के विरोध को दोहराया और कहा कि अमेरिका का मानना है कि इजराइल के सैनिकों की आंशिक वापसी वास्तव में इन सैनिकों के आराम के लिए है जो चार महीने से जमीन पर हैं।

### ब्रिटिश, इजराइली और अमेरिकी जहाजों पर हमले की हूती ने ली जिम्मेदारी

**सना।** यमन के विद्रोही हूती समूह ने पिछले 72 घंटों में ब्रिटिश, इजरायली जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाते हुए पांच सैन्य अभियान चलाए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने समूह के अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि ऑपरेशन कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ किए गए और सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य हासिल किए। सरिया के अनुसार कि समूह ने लाल सागर में ब्रिटिश जहाज होप आईलैंड और दो इजरायली जहाजों, एमएससी ग्रेस एफ और एमएससी जीना को निशाना बनाया। अन्य दो अभियानों में लाल सागर में कई अमेरिकी सैन्य युद्धपोतों को निशाना बनाया गया। इस बीच अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्र में एक मोबाइल मिसाइल प्रणाली को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

## सेना को हमेशा ही रहना होगा तैयार : जनरल मनोज पांडे



वेलिंगटन डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में भारतीय सशस्त्र बलों और अन्य देशों के छात्र अधिकारियों को संबोधित करते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सशस्त्र बल से 'ब्लैक स्वान' घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने का सोमवार को आह्वान किया और असमान्य घटना से आश्चर्यचकित नहीं होने को कहा। 'ब्लैक स्वान' घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली ऐसी घटनाएं हैं, जिनके बारे में सामान्य परिस्थितियों में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है।

जनरल पांडे ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया। वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन में, जनरल पांडे ने प्रौद्योगिकी के शस्त्रीकरण, विशेष रूप से सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक विभिन्न क्षेत्रों में इसके विस्तार को रेखांकित किया। जनरल पांडे ने खतरों का प्रभावी ढंग से आकलन करने, रणनीतियों को स्पष्ट करने, क्षमताओं की पहचान करने, नीतियां बनाने, तैयारी करने के लिए सेना के तीनों अंगों के बीच आपसी तालमेल के महत्व पर जोर दिया।

## ब्राजील के न्यायाधीश ने एलन मस्क के खिलाफ शुरू की जांच

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शीर्ष न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क के खिलाफ कुछ खातों को ब्लॉक करने के अदालत के आदेश को चुनौती देने तथा न्याय में बाधा डालने और कई पूर्व खातों पर असंवैधानिक प्रतिबंध हटाने की घोषणा के बाद जांच शुरू कर दी है। अदालती दस्तावेज के हवाले से कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ब्राजीलियाई शीर्ष न्यायालय के जज अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने रविवार को अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स से जुड़े न्याय में बाधा डालने के लिए मस्क के खिलाफ जांच शुरू की। मस्क ने पिछले साल आठ जनवरी के दंगों के अपराधियों से संबंधित कुछ खातों को ब्लॉक करने के न्यायाधीश मोरेस के फैसले को चुनौती दी। इन दंगों में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के दूर-दक्षिणपंथी हजारों समर्थकों ने देश की कांग्रेस, शीर्ष न्यायालय और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था। इससे पहले रविवार को मस्क ने पोस्ट किया था कि एक्स प्रतिबंध हटा देगा, क्योंकि वे असंवैधानिक थे।



## परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमला, टला खतरा



रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया का परमाणु ऊर्जा संयंत्र।

कीव, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी के प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी ने रविवार को कहा कि रूस-नियंत्रित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के छह परमाणु रिएक्टर में से एक पर किए गए ड्रोन हमले के कारण बड़ी परमाणु दुर्घटना होने का खतरा काफी बढ़ गया है।

ग्रोसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बात की पुष्टि की कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की मुख्य रिएक्टर नियंत्रण संरचनाओं पर कम से कम तीन प्रत्यक्ष हमले हुए। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (एआईईए) ने एक अलग बयान जारी कर एक रिएक्टर समेत संयंत्र पर ड्रोन हमलों का असर होने की पुष्टि की। एआईईए ने कहा कि इकाई छह में हुई क्षति के कारण परमाणु सुरक्षा को खतरा पैदा नहीं हुआ, लेकिन यह एक गंभीर घटना है जिससे रिएक्टर की रोकथाम प्रणाली के कमजोर होने की आशंका है।

### यूक्रेन ने रूस के दावे को नकारा

**कीव।** यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रूस के उन आरोपों का खंडन किया है जिसमें यह कहा गया है कि उनके देश की सेना ने यूरोप के इस सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर विस्फोटक ड्रोन से हमला किया है। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस हमले के तुरंत बाद रूस ने दक्षिण यूक्रेन में स्थित इस परमाणु संयंत्र पर कब्जा कर लिया था और उसका संचालन अपने हाथ में ले लिया था। रूस ने रविवार को दावा किया था कि दक्षिण यूक्रेन में स्थित एवं दो साल से उसके नियंत्रण में संचालित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर यूक्रेन की सेना ने ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी के प्रवक्ता एंद्री युसोव ने दावा किया कि हमले के कोई संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि रूस की सेना नियमित आधार पर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमले की फर्जी खबर प्रसारित करती रहती है।

## पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने उमड़ी भीड़

मेस्क्वाइट (अमेरिका), एजेंसी

मेक्सिको से अमेरिका और कनाडा तक फैले एक संकरे गलियारे में लाखों दर्शक सोमवार को होने वाली खगोलीय घटना -पूर्ण सूर्य ग्रहण- का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, जबकि पूर्वानुमानकर्ताओं ने बादल छाए रहने की आशंका जाहिर की है।

वर्मोंट और मेन के साथ-साथ न्यू ब्रंसविक और न्यूफाउंडलैंड में ग्रहण के अंत में सबसे अच्छे मौसम की उम्मीद है। ऐसे में उत्तरी अमेरिका में, ग्रहण देखने वालों की अब तक की बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद है। घनी आबादी वाले रास्ते, टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक अंधेरा छाए रहने की उम्मीद आकर्षण का बड़ा कारण है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने रविवार को क्लीवलैंड के ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर में बताया, बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। कम से कम, बर्फबारी नहीं होगी।

डलास के बाहर एक ट्रेलर रिसॉर्ट में रह रहे गोथम (इंग्लैंड) के क्रिस लोमास ने कहा, यह सिर्फ अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने के बारे में है।" बदली छाई रहेगी या धूप खिलेगी इस अनिश्चितता ने रोमांच को और बढ़ा दिया है। पूर्ण सूर्य ग्रहण करीब चार मिनट 28 सेकंड तक रहेगा। सात साल पहले अमेरिका के तटीय क्षेत्र में दिखे सूर्य ग्रहण के नजारे से इस बार यह लगभग दोगुना ज्यादा समय तक दिखेगा। अमेरिका में इस तरह का अगला सूर्यग्रहण इसके बाद करीब 21 साल बाद नजर आएगा।



मैक्सिको में पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने के लिए दूरबीन लगाकर तैयारियां करते लोग।

## कर्नाटक-आंध्र सीमा पर भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

**कोलार (कर्नाटक)।** आठ अप्रैल (भाषा) कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा पर स्थित एक चौकी पर एक निजी कार से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार को कोलार जिले में मुलबागल तालुक के नांगली थानाक्षेत्र में नांगली चौकी पर उसने जिलेटिन की 1200 छड़ें, सात बक्से डिटोनेटर तार एवं छह डिटोनेटर जब्त किए जिन्हें एक निजी कार में ले जाया जा रहा था। उसके अनुसार एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके फरार साथी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पता करने के लिए सभी कोणों की जांच की जा रही है कि कहीं यह सामान अवैध उत्खनन के लिए तो नहीं ले जाया जा रहा था।

**बदलता युग** वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा की जारी, पांच साल से चल रहा था काम

## 'किराए की कोख' मानव गरिमा के लिए अभिशाप



वैटिकन सिटी, एजेंसी

वैटिकन ने सोमवार को लिंग परिवर्तन सर्जरी और किराए की कोख (सरोगेसी) को मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन करने वाले गर्भपात एवं इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं।

सिद्धांत कार्यालय, वैटिकन ने 20 पृष्ठ की अनंत गरिमा नामक घोषणा जारी की जिस पर पांच साल से काम चल रहा है। हाल के महीनों में पर्याप्त संशोधन के बाद, इसे 25 मार्च को पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित किया गया, जिन्होंने इसके प्रकाशन का आदेश दिया। वैटिकन ने इसमें लिंग सिद्धांत या इस विचार को अस्वीकार किया कि किसी व्यक्ति का लिंग बदला जा सकता है। घोषणा में कहा गया है कि ईश्वर ने पुरुष और स्त्री को जैविक रूप से अलग-अलग प्राणियों के रूप में बनाया है तथा भगवान की इस योजना के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए या खुद को भगवान बनाने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए।

इसमें कहा गया है कि लिंग परिवर्तन सर्जरी और सरोगेसी मानव गरिमा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ये मानव जीवन के लिए ईश्वर की योजना का उल्लंघन रकने वाले गर्भपात और इच्छा-मृत्यु के बराबर हैं। यह दस्तावेज अमेरिका सहित कुछ देशों में ट्रांसजेंडर लोगों के खिलाफ हो रही कुछ प्रतिक्रियाओं के समय आया है। अमेरिका में रिपब्लिकन नीत राज्य विधानसभाएं ट्रांसजेंडर युवाओं और कुछ मामलों में वयस्कों के लिए चिकित्सा देखभाल को प्रतिबंधित करने वाले विधेयकों पर विचार कर रही हैं।

### क्या होती है सरोगेसी

सरोगेसी में एक व्यक्ति किसी और के लिए बच्चे को पालने और जन्म देने के लिए सहमत होता है। बच्चे के जन्म के बाद, जन्म देने वाले माता-पिता इच्छित माता-पिता या माता-पिता को हिरासत और संरक्षकता देते हैं। सरोगेसी में जटिल कानूनी और चिकित्सीय चरण होते हैं जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। प्रक्रिया से अवगत होना, पेशेवर सलाह लेना और सहायक नेटवर्क बनाना महत्वपूर्ण है।